CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 18°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 8 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 251 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 20 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ऑपरेशन सिंदूर: कांग्रेस ने सरकार की नीतियों की आलोचना की पेज 2



विनेश फोगाट एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्सन ट्रायल के लिए अयोग्य : WFI खेल टाइम्स



वीडियो बनाने की बजाय जान बचाना जरूरी सम्पादकीय




ट्रम्प को झटका, होर्मुज में फंसे 1600 जहाज, शिपिंग कंपनियों को हो रहा नुकसान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### विस चुनावों व उपचुनावों को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता हटाई गई

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विधानसभाओं के चुनावों और उपचुनावों के संबंध में लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटाने की घोषणा की। आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित पुड्डुचेरी विधानसभा के आम चुनाव और गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा में कुल सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए 15 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू की थी। आयोग ने गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में इन राज्यों के संबंध में लागू आचार संहिता को तत्काल प्रभाव से हटाने की घोषणा की।

### दिल्ली-पटना फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी, लोग चिल्लाए

**नई दिल्ली।** उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में बुधवार को बारिश हुई। वहीं बिहार, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में ओले भी गिरे। बिहार के पटना में बुधवार रात भारी बारिश हुई। इसी बीच इंडिगो की एक फ्लाइट टर्बुलेंस में फंस गई, जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि बाद में इसे लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम समेत ऊंची चोटियों पर लगातार चौथे दिन बर्फबारी हुई।

### रिश्वत लेते CGST अफसर व कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के एक अधीक्षक और उनके कार्यालय में कार्यरत एक कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया। सीबीआई ने बुधवार को सीजीएसटी कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर यश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि उसने शिकायतकर्ता को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को वापस लेने के बदले में मेरठ के सीजीएसटी अधीक्षक संजय मीणा की ओर से 6,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

### म्यांमार सीमा से आए उग्रवादियों ने मणिपुर में घर जलाए

**इंफाल।** मणिपुर के कमजोंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद उग्रवादियों ने कई गांवों पर हमला किया। कई घरों में आग लगा दी गई। लोग जान बचाकर जंगलों में भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हमला सुबह करीब चार बजे हुआ। उग्रवादियों ने कसोम खुल्लेन थाना क्षेत्र के तांगखुल नागा गांव नामली, वांगली और चोरो को निशाना बनाया। ये गांव अंतर्राष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से कम दूरी पर हैं। हमले के दौरान भागने की कोशिश में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। गांव वालों के मुताबिक, नामली में दो, वांगली में तीन से चार और चोरो में कई घर जलकर राख हो गए।

# सऊदी अरब का अमेरिका को एयरस्पेस देने से इन्कार

दुबई, वार्ता



■ क्राउन प्रिंस की नाराजगी के बाद ट्रम्प ने होर्मुज से जहाजों का रेस्क्यू रोका

**अमेरिका ने** 4 मई को होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही शुरू करने के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू किया था। हालांकि एक दिन बाद ही ट्रम्प ने इसे रोकने का आदेश दिया। तब ट्रम्प ने कहा था कि पाकिस्तान के कहने पर उन्होंने यह ऑपरेशन रोका है।

हालांकि अब यह दावा किया जा रहा है कि सऊदी अरब की वजह से अमेरिका को यह कदम उठाना पड़ा। सऊदी अरब ने इस मिशन में शामिल अमेरिकी विमानों को अपने एयरस्पेस और एयरबेस के इस्तेमाल की इजाजत देने से इन्कार कर दिया। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने अचानक सोशल मीडिया पर इस ऑपरेशन का ऐलान कर दिया था। इससे खाड़ी के सहयोगी देश चौंक गए। सऊदी लीडरशिप इससे नाराज हो गया। ट्रम्प ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत भी की, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। अमेरिका 2 दिन में सिर्फ 3 जहाज पार करा पाया और आखिरकार ट्रम्प को यह ऑपरेशन रोकना पड़ा।

### ब्रिक्स के लिए भारत आ सकते हैं ईरान के विदेश मंत्री

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस महीने भारत आ सकते हैं। वे 14-15 मई को नई दिल्ली में होने वाली ब्रिक्स बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान चाहता है कि भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को कम करने में रचनात्मक भूमिका निभाए। अगर यह दौरा होता है, तो क्षेत्रीय संघर्ष शुरू होने के बाद यह अराघची की पहली भारत यात्रा होगी। मार्च में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत के दौरान भी अराघची ने ब्रिक्स की भूमिका का मुद्दा उठाया था। ईरानी सरकार के मुताबिक उन्होंने कहा था कि मौजूदा हालात में ब्रिक्स जैसे मंच क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारत मई में ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता कर रहा है और नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी में है। ऐसे में ईरान का भारत के साथ बढ़ता संपर्क भू-राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है।

### नीति आयोग ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को व्यापक रूपरेखा पेश की

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने देश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए व्यापक नीतिगत रूपरेखा पेश की है। 'भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली: गुणवत्ता संवर्धन के लिए सामयिक विश्लेषण और नीतिगत रूपरेखा' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि छिब्बर ने आज जारी किया।

# पश्चिम बंगाल गवर्नर ने की विधानसभा भंग

## नोटिफिकेशन जारी, ममता कैबिनेट के किसी भी मंत्री के पास अब कोई पावर नहीं

कोलकाता/चेन्नई, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** की राजनीति से जुड़ा एक बड़ा संवैधानिक निर्णय सामने आया है। राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य विधानसभा को भंग करने का आदेश जारी कर दिया है।

लोक भवन, पश्चिम बंगाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174(2)(इ) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा को 7 मई 2026 से प्रभावी रूप से भंग कर दिया गया है। यह कदम संवैधानिक प्रावधानों के तहत लिया गया है। लोक भवन की अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 174(2)(इ) के तहत राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर लिया गया है। इसी बीच कोलकाता में शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित शाह भी मौजूद रहेंगे। वहीं तमिलनाडु में नई सरकार के गठन पर फैसला फिलहाल अटका हुआ है। टीवीके प्रमुख विजय ने कांग्रेस के समर्थन के साथ सरकार बनाने का दावा पेश किया है, लेकिन राज्यपाल राजेंद्र ने साफ कर दिया है कि शपथ से पहले 118 विधायकों का समर्थन साबित करना होगा। दरअसल, 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में टीवीके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया था। हालांकि विजय खुद दो सीटों से चुनाव जीते हैं और नियमों के मुताबिक उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। ऐसे में पार्टी की प्रभावी संख्या 107 रह जाएगी।

### आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक



■ तमिलनाडु के राज्यपाल ने विजय को दूसरी बार राजभवन से वापस भेजा, 118 विधायक लाओ, तभी होगी शपथ

### कांग्रेस के समर्थन से भी बहुमत पूरा नहीं

सरकार बनाने की कोशिश में टीवीके को उस समय बड़ी राहत मिली जब कांग्रेस ने डीएमके गठबंधन से अलग होकर विजय को समर्थन देने का फैसला किया। कांग्रेस के पांच विधायक टीवीके के साथ आए, लेकिन इसके बाद भी आंकड़ा केवल 112 तक पहुंच पाया। यानी बहुमत के जादुई आंकड़े 118 से अभी भी छह विधायक कम हैं। यही वजह है कि राज्यपाल ने फिलहाल शपथ ग्रहण को लेकर कोई हरी झंडी नहीं दी है।

### बावरिया गैंग के दो इनामी बदमाश ढेर

**मथुरा (ब्यूरो)।** जिले में गुरुवार सुबह पुलिस और कुख्यात बावरिया गिरोह के बदमाशों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 50-50 हजार रुपये के इनामी दो डकैत मारे गए, जबकि पुलिस के दो जवान भी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारे गए बदमाशों की पहचान धर्मवीर उर्फ लंबू (35) निवासी भरतपुर, राजस्थान तथा राजेंद्र उर्फ पप्पू (55) निवासी अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों अंतरराज्यीय बावरिया गिरोह के सक्रिय सदस्य थे और लंबे समय से डकैती, लूट तथा हत्या के प्रयास जैसी वारदातों में वांछित चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि यह मुठभेड़ यमुना एक्सप्रेस-वे के समीप तेंटीगांव अंडरपास के पास उस समय हुई, जब पुलिस टीम संदिग्ध बाइक सवारों की घेराबंदी कर रही थी। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन बाइक फिसल गई। इसके बाद दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# यूपी देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बना: मुख्यमंत्री योगी

तसलीम कुरैशी

**देवबन्द।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

सरकार बिना भेदभाव के हर वर्ग तक विकास पहुंचाने का काम कर रही है। योगी आदित्यनाथ हाईवे स्थित सिल्वर पैराडाइज के निकट जनपद सहारनपुर को 2131 करोड़ रुपये की सौगात देते हुए 325 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व नियुक्ति पत्र वितरित करने के उपरांत विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद सहारनपुर अब विकास रोजगार और औद्योगिक प्रगति का नया केंद्र बनने जा रहा है। यहां इंडस्ट्रीयल लॉजिस्टिक हब विकसित किया जाएगा, ताकि युवाओं को रोजगार मिले और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, बेहतर क्नेक्टिविटी एवं प्रस्तावित एलिवेटेड हाईवे से जनपद तस्वीर बदल जाए।



■ कहा : उप्र सरकार बिना भेदभाव के कर रही काम

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने देवबन्द से जारी होने वाले फतवों का जिक्र करते हुए मदरसों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि फतवे की कुसंस्कृति से मुक्त होकर सहारनपुर अब विकास की ओर अग्रसर है और भारत की समृद्धि में सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश की तस्वीर बदलती चली गई। सहारनपुर की काष्ट कला को विश्वस्तरीय पहचान मिली। हाल ही में दिल्ली से बागपत, शामली, सहारनपुर होते हुए देहरादून तक जाने वाले एक्सप्रेस-वे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया।

# मैंने ममता को हराया, इसलिए हुई पीए की हत्या: सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि उनके पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या इसलिए हुई, क्योंकि उन्होंने ममता को हराया है। सुवेंदु ने कहा कि इस हत्या को जिस तरह से अंजाम दिया गया, उसकी जितनी भी निंदा करें वह कम है। हत्या की वजह भवानीपुर से ममता की हार हो सकती है।

उधर चंद्रनाथ की मां ने कहा कि इस हार का बदला मेरे बेटे की हत्या कर लिया गया। कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बचा नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि रथ को चार गोलियां लगीं थीं। पुलिस जांच में पता चला है कि हमलावरों ने रथ की गाड़ी का सात किमी तक पीछा किया था।

### हावड़ा में BJP- TMC कार्यकर्ताओं में झड़प

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य के कई इलाकों में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आ रही हैं। गुरुवार को हावड़ा के शिवपुर स्थित चौराबस्ती इलाके में कथित तौर पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। नतीजे आने के बाद से ही राज्य के अलग-अलग हिस्सों में खूनी खेल शुरू हो गया है। चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद शांति बहाल होने के बजाय हिंसा और राजनीतिक टकराव की खबरें थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

### चुनावों के दौरान जब्त की 1440 करोड़ की नकदी: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि हाल के विधानसभा चुनावों और उपचुनावों को धारा 144 और प्रलोभन से मुक्त रखने की उसकी सतर्कता और कार्रवाई में कुल 1444 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, नशीले द्रव्य, कीमती सामान और उपहार की वस्तुएं जब्त की गई। आयोग के अनुसार इस बार जब्त धन और अन्य संदिग्ध सामान इन राज्यों में 2021 चुनावों के दौरान की गई जब्ती की तुलना में 40.14 प्रतिशत अधिक है। पिछले चुनावों में 1029.93 करोड़ रुपये की जब्ती की गई थी।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ प्रतिक्रिया: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। एक वर्ष पहले हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया, जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस किया था। पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया।



### मोदी ने एक्स पर डिस्प्ले तस्वीर बदली

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर अपने सोशल मीडिया एक्स की डिस्प्ले तस्वीर बदलकर 'ऑपरेशन सिंदूर' कर ली है और सैनिकों के पराक्रम और देशभक्ति की सराहना की है। पीएम मोदी ने भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और बहादुरी को नमन करते हुए एक्स पर लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत को मिली असाधारण विजय हमारे वीर सैनिकों के अद्भुत पराक्रम और देशभक्ति की प्रेरक मिसाल है। उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पर हर देशवासी को गर्व है।

# दिल्ली में महिलाओं-बुजुर्गों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ साल 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 केस दर्ज
■ तमिलनाडु में 2023 की तुलना में 1.5 फीसदी कम क्राइम

**नई दिल्ली।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने साल 2024 में देश में हुए क्राइम की रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक राजधानी दिल्ली में महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

रिपोर्ट बताती है कि 2024 में मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामले में शीर्ष पर रही है। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 में 13,366 थे। तमिलनाडु में महिलाओं के खिलाफ अपराध घटे हैं। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 4,41,534 मामले दर्ज हुए, जो 2023 से 1.5 फीसदी कम थे। सबसे अधिक 27.2 फीसदी मामले पति के क्रूरता और अपहरण से संबंधित थे। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ 1,267 अपराध दर्ज किए गए। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों की दर प्रति लाख आबादी पर 110 मामले रही, जो केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा दरों में से एक रही। मध्य प्रदेश सबसे ऊपर रहा, जहां 2024 में 5,875 मामले दर्ज किए गए, यह संख्या 2023 के 5,738 मामलों से ज्यादा है। दूसरी तरफ, देश में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। 2024 में कुल 32,602 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 के मुकाबले 16.9 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी 1.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। महिलाओं के खिलाफ अपराध का रेट 2023 में 66.2 से घटकर 2024 में 64.6 हो गया।

# हर धार्मिक प्रथा को चुनौती गलत: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर लोग धार्मिक प्रथाओं और धर्म के मामलों को अदालत में चुनौती देने लगेंगे, तो इससे धर्म और समाज पर असर पड़ सकता है।

कोर्ट ने कहा कि इससे सैकड़ों याचिकाएं आएंगी और हर रिवाज पर सवाल उठने लगेंगे। यह टिप्पणी नौ जजों की संविधान पीठ ने की, जो अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे और महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है। इसमें केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय का केस भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़ी 40 साल पुरानी जनहित याचिका की वैधता पर सवाल उठाए थे।



CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### सुभेंदु के निजी सहायक की हत्या की भाजपा ने की निंदा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी के नेता सुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या की घटना की निंदा करते हुए कहा है कि आतंक के खिलाफ आवाज उठाना और इसे समाप्त करना अब मजबूरी नहीं, जरुरत है। भाजपा ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, खूनी खेल बंद करो! बंगाल में राजनी. तिक हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या लोकतंत्र पर सीधा हमला है। भाजपा ने कहा कि इस आतंक के खिलाफ आवाज उठाना और इसे समाप्त करना अब मजबूरी नहीं, जरुरत है। गौरतलब है कि अधिकारी के करीबी माने जाने वाले चंद्रनाथ रथ की बुधवार रात मध्यमग्राम के दोहरिया में गोली मारकर हत्या कर दी गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार कुछ अज्ञात हमलावर मोटर साइकिलों पर आए और रथ के वाहन पर गोलीबारी कर दी।

### संजय सिंह मामले में अब 14 मई को होगी अगली पेशी

**सुलतानपुर।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह से जुड़े आचार संहिता उल्लंघन मामले में सुलतानपुर दीवानी न्यायालय स्थित की एमपी-एमएलए कोर्ट में गुरुवार को मामले के विवेचक के उपस्थित न होने के कारण सुनवाई टल गई। अगली पेशी के लिए न्यायालय ने 14 मई की तारीख नियत की है। आप नेता संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि यह मुकदमा बंधुआ कला थाने में दर्ज किया गया था और इसका ट्रायल कोर्ट में चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले में लगभग सभी साक्ष्य पूरे हो चुके हैं। गुरुवार को विवेचक की गवाही होनी थी।

### सीएम योगी ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरुआत की

# सही आंकड़े ही समग्र विकास का आधार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ करते हुए कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का मजबूत आधार है।

मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'हमारी जनगणना-हमारा विकास' के संकल्प के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आज का दौर डेटा आधारित निर्णयों का है और



■ सफल संचालन के लिए 5.47 लाख कर्मचारियों की तैनाती

जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सही जनगणना से यह सुनिश्चित होगा कि विकास की धारा में समाज का अंतिम व्यक्ति भी समान रूप से सहभागी बन सके। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा।

### सहारनपुर की पहचान फतवों से नहीं, विकास कार्यों से

**सहारनपुर।** सहारनपुर के देवबंद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों का जिक्र करते हुए कहा कि बंगाल में पहली बार बीजेपी ने सरकार बनाकर उन राजनीतिक विश्लेषकों और दलों को आईना दिखाया है, जो समाज को बांटने की राजनीति करते रहे हैं। सीएम ने कहा कि आज का भारत विकास, सुरक्षा और राष्ट्रवाद की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश उसकी सबसे बड़ी मिसाल बन चुका है। उन्होंने दारुल उलूम से जारी होने वाले फतवों को लेकर कहा कि सहारनपुर की पहचान पहले फतवों से हुआ करती थी, लेकिन अब विकास कार्यों से हो रही है। उन्होंने कहा कि यह जीत साबित करती है कि अगर जनप्रतिनिधि जनता के बीच सक्रिय रहें, तो सरकार दोबारा बनती है, लेकिन जो दल देश और समाज को धोखा देते हैं जनता उन्हें खत्म करने में देर नहीं लगाती। सीएम ने कहा कि जाति के नाम पर राजनीति करने वालों के लिए बंगाल का जनादेश एक संदेश है। कहा कि 2016 में यह इलाका दंगों के कारण बदनाम हुआ था और एक समय सहारनपुर अपनी पहचान के लिए मोहताज था, लेकिन अब विभाजनकारी मंसूबों को खत्म करने का समय है। योगी ने कहा कि समाज के विभाजन की राजनीति करने वाले दल देश और भारत को नुकसान पहुंचा रहे हैं और जनता अब ऐसे राजनीतिक दलों को जवाब देने लगी है। देवबंद में सीएम ने कहा कि विकास का विकल्प नहीं है, हमें बंटना नहीं है, विभाजित नहीं होना है। तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले, फतवे की संस्कृति पर विश्वास करने वाले अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए जाति का सहारा लेते हैं, जो लोग जाति के नाम पर राजनीति करते हैं, उनके लिए आईना है बंगाल।

# यूपी-बिहार में होगी झमाझम बारिश

नई दिल्ली, वार्ता

मौसम विभाग ने 7 मई से 12 मई के बीच देश के कई राज्यों के लिए चेतावनी जारी की है। उत्तर, पूर्व और दक्षिण भारत में बदलते मौसम के कारण आंधी-तफूान, भारी बारिश और तेज हवाएं चलने के साथ-साथ तापमान में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

आईएमडी के अनुसार आने वाले दिनों में कम से कम 13 राज्यों में मौसम खराब रहने की आशंका है। उत्तर-पश्चिम भारत में आंधी और तेज हवाएं चल सकती हैं, जबकि दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों में बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और आंधी आ सकती है। कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार इससे भी ज्यादा होने की संभावना है। वहीं केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें



पड़ने की उम्मीद है। असम और मेघालय में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली-एनसीआर में मौसम विभाग ने गुरुवार को खासकर दोपहर और शाम के समय हल्की आंधी और बिजली कड़कने का अनुमान जताया है। उत्तर, दक्षिण, पश्चिम दिल्ली, शाहदरा और नई दिल्ली जैसे इलाकों में बादल छाए रह सकते हैं और कहीं-कहीं धूल भरी आंधी चल सकती है। दिल्ली से सटे शहरों जैसे गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में भी हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह राहत बस कुछ समय के लिए है। इसके बाद तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। वीकेंड (शनिवार-रविवार) तक दिल्ली का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है।

# सरकार ने 40 से अधिक उम्र के श्रमिकों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच योजना शुरू की

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का शुभारंभ करते हुए कहा है कि सरकार श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डा. मांडविया ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कहा कि चार श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रमिकों के लिए गरिमा, कल्याण और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की गारंटी को दर्शाता है। उनका यह भी कहना था कि देश में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 19 से बढ़कर 64 प्रतिशत हो गया है और लगभग 94 करोड़ लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब देश भर में 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए हर वर्ष नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। जांच के दौरान पहचानी गई बीमारियों का उपचार और दवाएं ईएसआईसी सुविधाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। डा. मांडविया ने कहा कि भारत श्रम संहिता के तहत गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने वाले पहले देशों में शामिल हो गया है। उन्होंने बताया कि ईएसआईसी लाभार्थियों की संख्या भी लगभग सात करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ तक पहुंच गई।

# बीजेपी व चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को लूटा: अखिलेश यादव

कोलकाता, वार्ता

बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार के बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को कोलकाता पहुंचकर निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाक. ात की और कहा कि दीदी आप हारी नहीं हैं। बीजेपी और चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को लूटा है।

ममता के कालीघाट आवास पर हुई इस मुलाकात में अखिलेश ने कहा कि दीदी आप हारी नहीं हैं। उन्होंने ममता को उपहार भी भेंट किए। अखिलेश ने इस दौरान ममता के सांसद भतीजे व तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को गले लगाय। अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद



■ कोलकाता पहुंचकर सपा मुखिया ने ममता से की मुलाकात

निवर्तमान मुख्यमंत्री को भावनात्मक समर्थन दिया।अखिलेश यादव कोलकाता में टीएमसी प्रमुख के आवास पर ममता और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी से मिले। ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला और कहा कि 'दीदी' हारी नहीं है। बीजेपी ने जो-जो बंगाल में किया है, यूपी में उसका पहले ट्रायल किया और फिर बंगाल में उसे बड़े पैमाने पर किया।

उन्होंने कहा कि बंगाल में यूपी बाय-इलेक्शन से ज्यादा तस्वीरे आई होंगी, बंगाल में जो हुआ है, उसने लोकतंत्र को डैमेज किया। बीजेपी की आंखों में दीदी खटकती है और बीजेपी सामंती सोच की है, ये नारी को कभी बढ़ते हुए नहीं देख सकते है। उन्होंने बीजेपी की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को आधी-अधूरी सीएम कहा। अखिलेश यादव ने कहा कि बीज. ेपी अराजकता फैलाने का काम करती है। उन्होंने टीएमसी के कार्यालय को जलाने पर कहा कि सुरक्षा देने की जिम्मेदारी किसकी थी, चुनाव आयोग और गृह मंत्री की, सुना है 3 लाख से ज्यादा फोर्स भेजी गई थी। उसमें बड़ी संख्या में यूपी के लोग थे।

### दस से तेरह मई तक का मौसम

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने बताया कि 10 मई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। 10 मई की रात से जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश शुरू हो सकती है। इसके बाद 11 से 13 मई के बीच बारिश का यह सिलसिला जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों और राजस्थान तक फैल जाएगा। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों के लिए उत्तर प्रदेश के कम से कम 40 जिलों में भारी बारिश और गरज के साथ तूफान का अलर्ट जारी किया है। लखनऊ, बरेली, आगरा, अयोध्या, गोरखपुर, सीतापुर, बहराइच, बलिया और गाजीपुर सहित कई जिलों में बारिश, बिजली कड़कने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। बिहार के पटना और गया जैसे शहरों में आने वाले दिनों में तेज हवाएं चलने और ओले गिरने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हाल ही में राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में बारिश लाने वाला पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर होकर पूर्व की ओर बढ़ गया है, जिससे उत्तर-पश्चिम भारत में मौसम फिलहाल थोड़ा शांत है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स


सेंसेक्स 77844.52
निफ्टी 24326.65

सोना 152887 प्रति 10 ग्राम
चांदी 257055 प्रति किलो

# दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान पर बंद

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को पूरे दिन उतार-चढ़ाव बना रहा और इस बीच दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 114 अंक (0.15 प्रतिशत) टूटकर 77,844.52 अंक पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 4.30 अंक यानी 0.02 प्रतिशत नीचे 24,326.65 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त में खुलने का बाद आज दिन भर कभी लाल तो कभी हरे निशान में ऊपर-नीचे होते रहे। बीच कारोबार में सेंसेक्स ऊपर 78,384.70 अंक और नीचे 77,713.21 अंक तक गया। वृहत बाजार में अच्छी लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.41 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.87 प्रतिशत मजबूत हुआ। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और सार्वजनिक बैंकों से सूचकांक फिसल गए जबकि ऑटो, रियलटी, निजी बैंकों और धातु समूहों के



सूचकांक ऊपर बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। एनटीपीसी और कोटक महिंद्रा बैंक में भी एक से डेढ़ फीसदी की तेजी रही। एशियन पेंट्स, इटरनल, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, एलएंटटी और बीईएल के शेयर भी ऊपर बंद हुए। हिंदुस्तान यूनीलि. वर का शेयर दो फीसदी के करीब टूट गया। टीसीएस, टेक महिंद्रा, टाइटन और सन फार्मा एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। आईटीसी, बजाज फाइनेंस, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर लाल निशान में रहे।

### क्रैश होने के बाद सोना-चांदी की भाव बढ़े

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतें हाई से क्रैश होने के बाद अब एक बार फिर से रफ्तार पकड़े हुए नजर आ रही हैं। गुरुवार को खुलने के साथ ही चांदी की कीमत में फिर से उछाल आया है। बीते कारोबारी दिन 2,53,265 रुपये पर क्लोज हुई वायदा चांदी ओपनिंग के साथ ही उछलकर 2,57,055 रुपये पर पहुंच गई। इस सप्ताह पहले दिन सोमवार को जरूर चांदी का भाव टूटा था और 2,43,895 रुपये पर आ गई थी। बुधावार को 5 जून की एक्सपायरी वाले गोल्ड का रेट एमसीएक्स पर 1,52,132 रुपये पर क्लोज हुआ था और गुरुवार को ओपनिंग के साथ ही 1,52,887 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। भले ही इस सप्ताह एमसीएक्स पर सोना तेज रफ्तार से भागता हुआ नजर आ रहा है।

# चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव टूट गया। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी देखी गई। चीनी की कीमत पिछले कारोबारी दिवस पर ही स्थिर रही जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 22 रुपये गिरकर 3,848 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 11 रुपये सस्ता हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी नौ रुपये उतर गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। उड़द दाल की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल और



चना दाल 30-30 रुपये गिर गई। मूंग दाल 19 रुपये सस्ती हुई। वहीं मसूर दाल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 41 रिंगिट गिरकर 4,538 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74.49 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 46 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति 41 रुपये और मूंगफली तेल 39 रुपये फिसल गया। सोया तेल की औसत कीमत 32 रुपये और सूरजमुखी तेल की 23 रुपये बढ़ गई। पाम ऑयल 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7646.58 रुपये, मसूर काली 8105.63 रुपये, मूंग दाल 10140.90 रुपये, उड़द दाल 10808.99 रुपये, तुअर दाल 11238.47 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# शादी वाले घर में डोली के बाद उठीं अर्थियां, तीन शव बरामद

हमीरपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में रात को हुए दिल दहला देने वाले नाव हादसे से हड़कंप मचा हुआ है। यहां नाव यमुना नदी के बीच में पलट गई, जिसके चलते उसमें सवार 9 लोग डूब गए। इस हादसे में किसी तरह एक पुरुष समेत 2 बच्चे तैरकर किनारे आ गए, लेकिन एक महिला सहित 5 बच्चे लापता हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से 11 घंटों के रेस्क्यू अभियान के बाद एक महिला और दो बच्चों के शव नदी से बरामद कर लिए गए, वहीं 4 बच्चों की तलाश के लिए अभी भी अभियान जारी है। मामला जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के कुतु. बपुर गांव का है, जहां रहने वाले

■ हमीरपुर के एक परिवार के थे, छह अभी भी लापता

शराजू की बेटी अंजली की मंगलवार को शादी थी। बुधवार को विदाई के बाद शाम करीब 6 बजे रिश्तेदारी में आए 9 लोगों को विष्णु अपनी पत्नी के साथ नाव पर सवार होकर यमुना पार अपने खेत में तरबूज और खरबूज खिलाने के लिए ले गए। वहां खाने के बाद सभी ने कई फल तोड़कर नाव में लाद लिए और वापस घर आने लगे। आधे रास्ते में यमुना नदी में अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई, जिसमें नाव चला रहे धीरू ने तैरकर खुद को बचाते हुए विष्णु और पारुल को बचा लिया, लेकिन बाकी 6 लोग पानी में लापता हो गए. इनमें से एक महिला और दो बच्चों के शव गुरुवार सुबह बरामद कर लिए गए हैं। श्रीपाल की बेटी की शादी थी, जिसके चलते आसपास के सारे रिश्तेदार शादी में आए हुए थे। घर में मंगल गीतों के साथ बेटी को विदा किया गया और रिश्तेदारों को तरबूज और खरबूजा खिलाने की बात हुई। राजू की बारी यमुना नदी के पास स्थित थी, जहां तरबूज और खरबूज भारी मात्रा में लगे थे। राजू के चाचा का लड़का विष्णु अपनी पत्नी ब्रजरानी सहित 8 बच्चों को नाव से लेकर यमुना पार खेत में चला गया। वहां से उन्होंने भारी मात्रा में खरबूजे और तरबूज नाव में रख लिए और सभी को लेकर वापस आने लगे। नाव में वजन ज्यादा होने से उसका संत. ुलन बिगड़ गया और सभी नदी में डूब गए।

# कांग्रेस ने जवानों की उपलब्धियों को किया नमन

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों की उपलब्धियों को नमन कर उस दौरान सरकार की नीतियों की आलोचना की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि आज ऑपरेशन सिंदूर के लॉन्च की पहली वर्षगांठ है और यह अवसर सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और पेशेवर क्षमता को सम्मान देने का है, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता और उनको याद रखना भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 10 मई को युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी और इसका श्रेय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्तक्षेप को दिया गया था। उनका कहना था कि उसके बाद ट्रम्प ने



■ ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सरकार की नीतियों की आलोचना
■ युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री ने दस मई को की थी

विभिन्न मंचों पर सैन्य अभियान रुकवाने का दावा दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से कभी इस दावे के खंडन नहीं किया। रमेश ने कहा कि उसके बाद 30 मई को सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती चरण में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में रणनीतिक सुधार कर पाकिस्तान के भीतर सटीक कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि 10 जून 2025 को जकार्ता में भारतीय दूतावास के डिफेंस अताशे ने भी यह माना था कि राजनीतिक नेतृत्व द्वारा तय सीमाओं के कारण भारत ने अपने कुछ विमान गंवाए थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि चार जुलाई 2025 को उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने पाकिस्तान की कार्रवाई में चीन की भूमिका की ओर ध्यान दिलाया था। उनके अनुसार चीन ने पाकिस्तान को उपकरण, गोला-बारूद, सैटेलाइट इमेजरी और रियल टाइम टारगेटिंग सहायता उपलब्ध कराई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इसके बावजूद मोदी सरकार चीन के प्रति नरम रुख अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापक कूटनीतिक अभियान के बावजूद पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उस तरह अलग-थलग नहीं पड़ा जैसा 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद हुआ था।

### अडिग इरादों का ऐलान था ऑपरेशन सिंदूर: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के अडिग इरादों का ऐलान बताते हुए इसमें शामिल भारतीय सेना के जवानों को नमन किया है। भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को लिखा, ष्वो सिर्फ एक ऑपरेशन नहीं था, भारत के अडिग इरादों का ऐलान था। 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर उन वीरों को नमन, जिन्होंने दुश्मन को जवाब नहीं, संदेश दिया और उस संदेश की गूंज दुनिया ने सुनी। जय हिद!

### यूपी में भाजपा के बंसल को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अगली चुनावी लड़ाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी के भीतर हलचल तेज हो गई है। पार्टी के अंदर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को प्रदेश में अधिक सक्रिय और प्रत्यक्ष भूमिका दी जा सकती है, ताकि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के जातीय समीकरणों को फिर से मजबूत किया जा सके। यह अटकलें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की हालिया सफलता के बाद तेज हुई हैं, जहां बूथ स्तर की मजबूत रणनीति और संगठनात्मक समन्वय ने पार्टी को बड़ी जीत दिलाई और 15 वर्षों से सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियां पश्चिम बंगाल से कहीं अधिक जटिल हैं।

### शिव मंदिर में पूजन व पैतृक गांव में महायज्ञ: यमकेश्वर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुष्कर धामी

# बिथ्याणी महाविद्यालय में एआई बॉट से रूबरू हुए सीएम योगी व धामी

■ पैतृक गांव में महायज्ञ और बिथ्याणी महाविद्यालय में विकास का संकल्प लेकर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सीएम धामी के साथ साझा की विकास की दृष्टि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड की पावन भूमि यमकेश्वर आज दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों के मिलन और विकास कार्यों की साक्षी बनी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से यमकेश्वर क्षेत्र का भ्रमण कर महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों मुख्यमंत्रियों ने यमकेश्वर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। उन्होंने महादेव से देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की प्रार्थना की। यमकेश्वर आगमन पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक गाँव पंचूर पहुँचे। यहाँ उन्होंने श्री विष्णु महायज्ञ में प्रतिभाग किया और परिवार व ग्रामीणों के साथ आध्यात्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बने। मुख्यमंत्री योगी ने मंदिर समिति का आभार जताते हुए कहा कि तीन वर्ष पूर्व जहाँ केवल श्रद्धा का भाव था, आज वहाँ भव्य मंदिर खड़ा है। युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा जीवन में प्रगति के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण का होना अनिवार्य है। अच्छा सोचने से परिणाम सुखद होते हैं, और इस सकारात्मक ऊर्जा को बनाए रखने के लिए ईश्वर की भक्ति और आध्यात्मिकता ही सबसे सशक्त माध्यम है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ धन सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट, निदेशक उच्च शिक्षा डॉ आनंद उनियाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य विकास अधिकारी, गिरीश गुणवंत, उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेश कुमार शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल सहित अन्य अधिकारी, महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



### महाविद्यालय की नई एआई आधारित वेबसाइट का किया डिजिटल उद्घाटन

महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय, बिथ्याणी पहुँचने पर छात्राओं ने पारंपरिक भव्यता के साथ दोनों मुख्यमंत्रियों का भावपूर्ण अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। शिक्षा के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए अतिथियों ने महाविद्यालय की नई एआई आधारित वेबसाइट का डिजिटल उद्घाटन किया, जिसकी कार्यप्रणाली के बारे में त्रिलोक चंद्र शर्मा ने विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल तकनीक का अनूठा उदाहरण तब देखने को मिला जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं एआई बॉट से संवाद कर महाविद्यालय की परीक्षा प्रणाली व परिणामों की समीक्षा की, जबकि मुख्यमंत्री धामी ने छात्र संख्या और कौशल विकास जैसे विषयों पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय के नए भवन व सेमिनार हॉल का उद्घाटन और विकसित भारत एक संकल्प पुस्तक का विमोचन भी संपन्न हुआ।

### ओपन जिम में व्यायाम कर दिया फिटनेस का संदेश



युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के लिए महाविद्यालय परिसर में ओपन जिम का शिलान्यास किया गया। दोनों मुख्यमंत्रियों ने स्वयं जिम उपकरणों पर व्यायाम कर स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। प्रस्तावित स्टेडियम के लिए चिन्हित भूमि के निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही यह जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

### सीएम धामी ने दी बिथ्याणी महाविद्यालय को 'आदर्श कॉलेज' की सौगात

मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व की सराहना करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' की बरसी का उल्लेख किया। उन्होंने क्षेत्र को बड़ी सौगात देते हुए बिथ्याणी महाविद्यालय को 'आदर्श कॉलेज' के रूप में विकसित करने और क्षेत्र में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को वैश्विक स्तर की शिक्षा और खेल सुविधाएं देने हेतु संकल्पबद्ध है, जिसके क्रम में इस महाविद्यालय को हाईटेक किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# उत्तराखण्ड में चाय उत्पादन की अपार संभावनाएं: जोशी

■ कृषि मंत्री ने किया असम के बरपाथार स्थित चाय बागानों का निरीक्षण ■ राज्य की जलवायु उच्च गुणवत्ता वाली चाय के लिए अनुकूल



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को असम भ्रमण के दौरान असम के बरपाथार स्थित चाय बागानों का अवलोकन किया। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने चाय बागानों का दौरा कर वहां की उत्पादन क्षमता, प्रसंस्करण प्रणाली तथा विपणन व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया।

कृषि मंत्री जोशी ने स्थानीय चाय उत्पादकों, निर्यातकों एवं विशेषज्ञों के साथ बैठक कर उत्तराखण्ड में चाय उत्पादन को बढ़ावा देने, गुणवत्ता सुधारने तथा विपणन व्यवस्था को मजबूत बनाने के संबंध में सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में चाय उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं और राज्य की जलवायु उच्च गुणवत्ता वाली चाय के लिए अनुकूल है। उन्होंने कहा कि असम के चाय उद्योग के अनुभवों और आधुनिक तकनीकों का अध्ययन कर उत्तराखण्ड में भी चाय उत्पादन को नई दिशा देने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि आधारित स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड की चाय को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने के लिए प्रभावी विपणन रणनीति तैयार की जाएगी, जिससे स्थानीय किसानों को अधिक लाभ मिल सके।

इस अवसर सल्ट विधायक महेश जीना, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, कृषि सचिव डा0 एसएन पांडेय, चाय निदेशक महेन्द्र पाल, पूजा सुतोदिया, भूपेन डेका, नवीन पांडे सहित अन्य चाय उत्पादक लोग उपस्थित रहे।

# चंपावत दुष्कर्म मामला, पुलिस जांच में साजिश का पर्दाफाश

■ बदले की नीयत से रचा गया था झूठा खेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/चंपावत।** उत्तराखंड के चंपावत जिले में सनसनी फैलाने वाले नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह पूरी घटना एक सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा थी, जिसे बदले की भावना से प्रेरित होकर रचा गया था। वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों ने साजिश की परतों को उधेड़ कर रख दिया है।

पुलिस की जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी कमल रावत ने अपने निजी स्वार्थ और बदले की पूर्ति के लिए 16 वर्षीय नाबालिग को बहला-फुसलाकर इस झूठे घटनाक्रम का मोहरा बनाया। डिजिटल साक्ष्यों और सीडीआर की जांच से पता चला कि घटना वाली रात कमल रावत, पीड़िता और उसकी एक महिला मित्र के बीच असामान्य रूप से बार-बार बातचीत हुई थी। इसी आधार पर पुलिस ने इस पूरे श्मोडस ऑपेरंडीश का पर्दाफाश किया।शुरुआती शिकायत में तीन व्यक्तियोंख्रविनोद सिंह रावत, नवीन सिंह रावत और पूरन सिंह रावत पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया गया था। हालांकि, 10 सदस्यीय एसआईटी की जांच में पाया गया कि घटना के समय ये तीनों नामजद व्यक्ति मौके पर मौजूद ही नहीं थे। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन से उनकी उपस्थिति अन्य स्थानों पर प्रमाणित हुई है। इसके अलावा, पीड़िता के चिकित्सीय परीक्षण में भी किसी प्रकार के संघर्ष या चोट के निशान नहीं मिले, जिससे जबरदस्ती की बात साबित नहीं हो सकी।

### निर्दोष को न्याय और दोषियों पर कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक चंपावत रेखा यादव ने बताया कि महिला और बाल सुरक्षा के प्रति पुलिस श्जीरो टॉलरेंसश की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां एक ओर अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा, वहीं झूठे आरोप लगाकर किसी निर्दोष को प्रताड़ित करने वालों के खिलाफ भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।मामले की गंभीरता को देखते हुए आरएफएसएल उधम सिंह नगर की फील्ड यूनिट ने भी वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल डिजिटल और फॉरेंसिक साक्ष्यों का विस्तृत परीक्षण चल रहा है। पुलिस मुख्यालय ने मीडिया और आम जनता से अपील की है कि प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए केवल सत्यापित तथ्यों को ही साझा करें।

# मानसून से पहले गड्ढा मुक्त हो जाएं सड़कें: सीएस

■ मुख्य सचिव ने की मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा ■ कहा-मानसून में आम लोगों को न हो कोई परेशानी, 24×7 अलर्ट मोड पर काम करें विभाग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में आगामी मानसून सीजन को लेकर विभागों एवं जनपदों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभागों को मानसून पूर्व तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मानसून के दौरान जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि मानसून के दौरान आगामी कुछ महीने अत्यंत संवेदनशील एवं चुनौतीपूर्ण रहेंगे। वर्तमान में चारधाम यात्रा भी संचालित हो रही है, ऐसे में सभी रेखीय विभागों को 24ग्7 अलर्ट मोड में कार्य करना होगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून शुरू होने से पूर्व सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करते हुए क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत पूरी कर ली जाए।

बिजली एवं पेयजल विभाग को विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पेयजल लाइनों की पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि मानसून अवधि में विद्युत एवं जलापूर्ति अधिक समय तक प्रभावित न हो। उन्होंने शहरी विकास विभाग, नगर निकायों तथा जिलाधिकारियों को नालों एवं नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति किसी भी दशा में उत्पन्न नहीं होनी चाहिए तथा नदी-नालों के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा उत्पन्न करने वाले अवरोधों एवं अतिक्रमणों को हटाया जाए। उन्होंने कहा कि कामचलाऊ व्यवस्थाओं से बचते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किए जाएं।मुख्य सचिव ने राज्य में नदी तटीय क्षेत्रों की संवेदनशीलता को देखते हुए नदियों के चौनलाइजेशन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि नदी मार्ग में जमा आरबीएम को हटाया जाए ताकि नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित न हो और कटाव से आबादी एवं आधारभूत संरचनाओं को नुकसान न पहुंचे।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संसाधनों की कोई कमी नहीं रखी जाएगी, इसलिए सभी विभाग अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करें। संवेदनशील स्थलों पर सड़क खोलने हेतु जेसीबी मशीनों की अग्रिम तैनाती की जाए तथा बैली ब्रिज का पर्याप्त भंडारण रखा जाए। साथ ही बाढ़ संभावित क्षेत्रों में नाव एवं बोट की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने विभागीय तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में विशेष सचिव पराग मुधकर धकाते, सचिव पंकज कुमार पाण्डेय, सचिव एल फैनई, सचिव सचिन कुर्वे, बीके संत, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, सचिव खाद्य आनंद स्वरूप, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जेसीईओ मो. ओबैदुल्लाह अंसारी डीआईजी राजकुमार नेगी मौजूद रहे।

### 03 डॉप्लर रडार संचालित, 03 और लगेंगे

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 525 हाइड्रोमेट सेंसर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिनके माध्यम से विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान में 03 डॉप्लर वेदर रडार स्थापित हैं तथा 03 अतिरिक्त डॉप्लर रडार स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं, जिससे मौसम पूर्वानुमान प्रणाली और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने जानकारी दी कि पिथौरागढ़ में आरएसआरडब्ल्यू (रेडियो सांडे, रेडिया विंड) की स्थापना की जानी प्रस्तावित है। इसके स्थापित होने से पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम की गतिविधियों का अधिक सटीक एवं स्थानीय स्तर पर पूर्वानुमान प्राप्त हो सकेगा, जिससे समय रहते चेतावनी जारी कर जनहानि एवं नुकसान को कम करने में सहायता मिलेगी।

# उच्च शिक्षा विभाग में उत्तर-पुस्तिकाओं का होगा डिजिटल मूल्यांकन



■ ऑन-स्क्रीन मार्किंग से परीक्षाओं के मूल्यांकन में आएगी पारदर्शिता ■ कहा-डिजिटल मूल्यांकन से समय पर घोषित होंगे परीक्षा परिणाम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में अब उत्तर-पुस्तिकाओं का ऑनस्क्रीन डिजिटल मूल्यांकन (ऑन-स्क्रीन मार्किंग) किया जायेगा। जिससे परीक्षा मूल्यांकन अधिक पारदर्शी, तेज और त्रुटिरहित होगा। ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से परीक्षा परिणाम समय पर घोषित हो सकेंगे, जिसका सीधा लाभ छात्र-छात्राओं को मिलेगा। शासन स्तर से विश्वविद्यालयों में ऑनस्क्रीन डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को वर्तमान सेमेस्टर (जनवरी 2026) से लागू करने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की परीक्षा प्रणाली में अहम सुधार कर उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को पूरी तरह डिजिटल कर दिया गया है। अब विश्वविद्यालयों में सभी प्रकार की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली के तहत जांची जायेगी, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज और त्रुटिरहित हो सकेगी और भौतिक परिवहन के खर्चे में कमी के साथ ही समय पर परीक्षा परिणाम घोषित हो सकेंगे। विभागीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालयों में पारम्परिक व भौतिक मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी, पुनमूल्यांकन में देरी व उत्तर पुस्तिकाओं के समिति संरक्षण जैसी समस्याएं को देखते हुये यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी राज्य विश्वविद्यालयों को ऑनस्क्रीन डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली के माध्यम से वर्तमान सेमेस्टर (जनवरी 2026) से परीक्षाओं का मूल्यांकन को शासन स्तर से निर्देश जारी कर दिये गये हैं। डॉ. रावत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के बाद विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों पर परीक्षा कार्यों का दबाव बढ़ा है, डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली से अब आपसी समन्वय की पूरी प्रक्रिया ऑटोमेटेड होगी, जिससे मैन्युअल हस्तक्षेप कम हो जायेगा। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन के डिजिटलीकरण से शिक्षकों की भागीदारी और बढ़ जायेगी और वह अपने-अपने शिक्षण संस्थानों से ही मूल्यांकन कर सकेंगे, जिससे महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय परिसरों में नियमित पढ़ाई व्यवस्था बाधित नहीं होगी।

इसके अलावा उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा, जिससे भविष्य में छात्रों के पुनर्मूल्यांकन संबंधी समस्याओं का भी समाधान आसानी से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को सरल एवं व्यवहारिक बनाने को विश्वविद्यालयों को आवश्यक तकनीकी संसाधन एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं

### राज्यपाल ने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस से जुड़े सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि सेवा ही परम धर्म है के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए रेडक्रॉस के कार्यकर्ता नि:स्वार्थ भाव से मानवता की सेवा में निरंतर समर्पित हैं। सेवा, करुणा, संवेदनशीलता व परोपकार की भावना से किया जा रहा रेडक्रॉस का कार्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है। कहा कि प्राकृतिक आपदाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, रक्तदान, राहत एवं पुनर्वास कार्यों सहित विभिन्न मानवीय गतिविधियों में रेडक्रॉस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि रेडक्रॉस भविष्य में भी सेवा और मानवता के अपने मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुँचाती है।

# फिर रिकार्ड तोड़ेगी चारधाम यात्रा: महाराज

■ जीएमवीएन के गेस्ट हाउसों की अब तक की बुकिंग नौ करोड़ के पार ■ अभी तक 30 लाख से अधिक श्रद्धालु करवा चुके हैं पंजीकरण

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद में काफी वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बड़ी संख्या में यात्री अपना पंजीकरण करवा रहे हैं और यात्रा मार्गो पर स्थित जीएमवीएन के गेस्ट हाउसों की बुकिंग में लगातार इजाफा हो रहा है उसे देखकर संभावना है कि इस बार भी चारधाम यात्रा पिछले वर्ष के रिकॉर्ड को तोड़ेगी।



महाराज ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्गो पर स्थित जीएमवीएन के गेस्ट हाउसों के लिए श्रद्धालुओं ने 16 फरवरी 2026 से आनलाइन बुकिंग करवानी प्रारंभ कर दी थी। उन्होंने कहा कि अभी तक चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं ने 9940124.11 (नौ करोड़ नौ लाख चालीस हजार एक सौ चौबीस) की बुकिंग करवा ली है और यह आंकड़ा लगातार बढता जा रहा है। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 6 मार्च से ऑनलाइन और 17 अप्रैल 2026 से ऑफलाइन पंजीकरण के तहत अभी तक कुल 30 लाख से अधिक यात्री अपना पंजीकरण करवा चुके हैं और 9 लाख के लगभग श्रद्धालु दर्शनों का लाभ उठा चुके हैं।

### सुरक्षित व सुगम यात्रा के लिए गाइड लाइन का पालन करें यात्री

**देहरादून।** पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री महाराज ने चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी यात्रियों से अनुरोध किया है कि वह अपनी यात्रा सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सरकार की गाइड लाइन का पालन करें। मोबाइल ऐप से और ऑफलाइन पंजीकरण ऋषिकेश, हरिद्वार, विकासनगर में खुले काउंटरों पर करवा सकते हैं। यात्रा के दौरान क्यूआर कोड चेकपोस्ट पर स्कैन होगा और बिना पंजीकरण वाले यात्रियों को वापस भेजा जाएगा। 50 साल उम्र वाले हेल्थ स्क्रीनिंग सेंटर पर जांच अवश्य कराएं। केदारनाथ-बद्रीनाथ अत्यधिक ऊंचाई पर हैं। इसलिए रास्ते में दो-चार दिन रुक कर शरीर को मौसम के अनुकूल बनाते हुए ही अपनी यात्रा पूरी करें। मंदिर परिसरों में मोबाइल से वीडियो-रील बनाने पर रोक है। पहाड़ों का मौसम मौसम कभी भी बदल सकता है इसलिए गर्म कपड़े और रेनकोट अपने साथ अवश्य रखें।

# सीएम ने पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों व मत्स्य पालकों के साथ किया संवाद



■ मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए रेफ्रिजरेटेड फिशरीज वैन का किया फ्लैग ऑफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को निरंजनपुर देहरादून में राज्यभर से आये पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों एवं मत्स्य पालकों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए रेफ्रिजरेटेड फिशरीज वैन का भी फ्लैग ऑफ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पशुपालन ग्रामीण जीवन शैली का प्रमुख आधार रहा है, जो लाखों परिवारों की आजीविका का भी प्रमुख साधन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हमारे गांव, किसान और पशुपालक आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। इसलिए केंद्र सरकार पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए "प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना", "राष्ट्रीय पशुधन मिशन", "राष्ट्रीय गोकुल मिशन", "पशुपालन अवसंरचना विकास कोष" तथा "किसान क्रेडिट कार्ड" जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में "मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन" के अंतर्गत पशुधन इकाइयों की स्थापना की जा रही है। इनमें पात्र लाभार्थियों को 90 प्रतिशत तक ऋण अनुदान प्रदान किया जा रहा है। गोट वैली और पोल्ट्री वैली जैसी योजनाओं के माध्यम से भी पशुपालकों को सहायता प्रदान की जा रही है। पिछले चार वर्षों में गौ पालन, बकरी पालन और भेड़ पालन के माध्यम से राज्य में साढ़े 11 हजार से अधिक लोगों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन के अंतर्गत भी राज्य में करीब 4 हजार से अधिक युवाओं और महिलाओं को भी स्वरोजगार से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने कहा कि पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 60 विकासखंडों में मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स संचालित की जा रही हैं। साथ ही प्रत्येक जनपद में मॉडल पशु चिकित्सालयों का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष गौ सेवा आयोग राजेन्द्र प्रसाद अंथवाल, उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मोघा, उत्तराखंड मत्स्य पालक विकास अभिकरण के उपाध्यक्ष उत्तम दत्ता, सीमा चौहान व अपर सचिव संतोष बडोनी मौजूद थे।

### कहा, ट्राउट फार्मिंग हमारे राज्य में स्वरोजगार का एक बड़ा माध्यम बनकर उभरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्राउट फार्मिंग हमारे राज्य में स्वरोजगार का एक बड़ा माध्यम बनकर उभरी है। ट्राउट फार्मिंग को प्रोत्साहित करने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में 170 करोड़ रुपये की ट्राउट प्रोत्साहन योजना शुरू की है। उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ एवं बागेश्वर जनपद में एक-एक ट्राउट हैचरी की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही सरकार उत्तराखंड को हाई वैल्यू फिश प्रोडक्शन एवं एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। इन सब प्रयायों से उत्तराखण्ड का मत्स्य सेक्टर 9 प्रतिशत से अधिक की दर से वृद्धि कर रहा है। पिछले वर्ष भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को हिमालयी राज्यों की श्रेणी में श्रेष्ठ मत्स्य राज्य का सम्मान भी प्राप्त हुआ है।

### पिछले चार सालों में पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन के क्षेत्र में अनेक नवाचार हुए: सौरभ

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगणा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मागदर्शन में पिछले चार सालों में पशुपालन, डेरी और मत्स्य पालन के क्षेत्र में अनेक नवाचार हुए हैं। राज्य में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना लागू की गई। गोट वैली प्रोजक्ट में 5 हजार 827 लाभार्थी जुड़े। अनेक योजनाओं में सब्सिडी दी जा रही है। आज सभी दुग्ध संघ फायदे में हैं।

### पशुपालकों ने साझा किए अनुभव

सीएम के साथ संवाद के दौरान हरिद्वार के पशुपालक हरिकिशन लखेड़ा ने कहा कि उन्होंने ब्रीड मल्टीप्लीकेशन फार्म योजना के तहत 50 गायें खरीदी। इस योजना का फायदा मिलने के बाद वे साहिवाल गाय से प्रतिदिन 300 लीटर दूध का उत्पादन कर रहे हैं। आठ लोग इस कार्य में उनसे जुड़े हैं। इससे उनकी प्रतिमाह 01 लाख 15 हजार की शुद्ध आय अर्जित हो रही है। डोईवाला के अमित सिंह ने कहा कि उन्होंने गायों के चारे के लिए एफपीओ की स्थापना की।

# बाघ और गुलदार बन चुके हैं भय का पर्याय: कांग्रेस

■ श्रीनगर पहुंचते ही हरदा ने सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर/पौड़ी।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पौड़ी जिले में बढ़ते बाघ और गुलदार के आतंक को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वन्यजीवों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सरकार लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही है।



श्रीनगर पहुंचे हरीश रावत ने कहा कि वह प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के स्वागत के लिए आए थे, लेकिन यहां पहुंचते ही बाघ के आतंक की खबर ने उनका स्वागत कर दिया।उन्होंने कहा कि पौड़ी स्थित सर्किट हाउस से लगे बूढ़ाकोट गांव में पहले ही एक महिला को बाघ अपना शिकार बना चुका है। इसके बाद अब नौजवान सुरेंद्र सिंह पर भी हमला हुआ है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद आदमखोर बाघ से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पहाड़ में बाघ और गुलदार भय के पर्याय बन चुके हैं। लोग शाम ढलते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस बूढ़ाकोट गांव में हमला हुआ, उसके बगल का गांव खुद राज्य के वन मंत्री का है, लेकिन इसके बावजूद हालात नहीं सुधर रहे हैं। हरीश रावत ने सरकार से वन्यजीव आतंक पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

# चम्पावत की शर्मनाक घटना पर उबाल

## नाबालिग से दुष्कर्म: कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन कर फूंका सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा/रानीखेत/बागेश्वर।** चंपावत की नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने राज्य सरकार का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। वहीं, सरकार पर आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि चंपावत में भाजपा नेता के नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना से पूरा उत्तराखंड शर्मसार हैं। लड़कियों के अपहरण व दुष्कर्म की घटनाएं उत्तराखंड जैसे राज्य में चिंता का विषय हैं। घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़िता को शीघ्र न्याय देने की मांग उठाई। नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा लगातार सवालों के घेरे में है, लेकिन सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह किल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज को झकझोर देने वाली हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। महामंत्री संगठन वैभव पांडे ने कहा कि नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। कहा कि यह घटना स्वयं उनके विधानसभा क्षेत्र में हुई है। जब मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में ही महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं, तो पूरे प्रदेश की स्थिति का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। यहां महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, पूर्व





पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूर्व दर्जा मंत्री पूरन सिंह रौतेला, दीप सिंह डांगी, पार्षद वैभव पांडे, दीपा साह, राधा बिष्ट, किरन आर्या, गीता मेहरा, तारा तिवारी, मुकेश कुमार, परितोष जोशी, नारायण दत्त पांडे, विक्रम सिंह र्त्याल, कार्तिक साह, अजय वर्मा, विकास कुमार, आशु गोस्वामी, आनंद सिंह बिष्ट, अख्तर हुसैन, विनोद वैष्णव, सुशील साह, गुंजन सिंह चम्याल, शरद साह, दीपेश जोशी, फेमिना खान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर, घटना को लेकर रानीखेत में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और महिला सुरक्षा को लेकर सरकार को घेरा। प्रदर्शन के दौरान महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार ने कहा कि प्रदेश में बेटियां स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिला वंदन की बात करती है, लेकिन वास्तविकता में यह महिला क्रंदन बन चुका है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई तो पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन तेज करेगी। प्रदर्शन में उमेश भट्ट, नेहा माहरा, कुलदीप कुमार,



गोपाल सिंह देव, रमेश पंत, सोनू सिद्दीकी, अरसलान शेख, अंकित रावत, नीरज रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बागेश्वर।** चंपावत में पूर्व भाजपा ब्लॉक मंडल अध्यक्ष और उसके साथियों पर नाबालिग युवती से दुष्कर्म के आरोपों को लेकर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार के नेतृत्व में एसबीआई तिराहे पर कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही आरोपियों व सरकार का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह किल साबित हो रही है। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा शासन में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और महिलाओं के खिलाफ घटनाएं चिंताजनक स्तर पर पहुंच चुकी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो यूथ कांग्रेस सड़क से लेकर विधानसभा तक आंदोलन करेगी। पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए कहा कि नाबालिग के साथ हुई यह वारदात मानवता को शर्मसार करने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई में ढिलाई बरती जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला, कमलेश गढ़िया, राहुल बाराकोटी, गौरव परिहार, कैलाश नाथ, उम्मेद गढ़िया, हेमा, प्रीति, करिश्मा, राहुल, कैलाश और उमेद गड़िया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आज पूरा उत्तराखंड शर्मसार: मनोज तिवारी

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि चम्पावत की घटना से आज पूरा उत्तराखंड शर्मसार है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ लगातार दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं, कांग्रेस जन इसके विरोध में लगातार आंदोलन करते रहेंगे। कहा कि भाजपा के नेता बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओं का नारा देकर सत्ता में आए और उनकी सरकार में महिलाओं के साथ बढ़ रही आपराधिक घटनाएं इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार महिला विरोधी हैं। कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के मुद्दे पर लगातार संघर्ष करती रहेगी और सरकार को उसकी विफलताओं के लिए जवाबदेह बनाएगी।

### सोमेश्वर और लमगड़ा में भी विरोध

**अल्मोड़ा।** चम्पावत में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। गुरुवार को लमगड़ा और सोमेश्वर में भी नाराज कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दोषी भाजपा नेता समेत अन्य पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। यहां पुतला फूंकने वालों में लमगड़ा ब्लॉक अध्यक्ष मनोज रावत, दिवान सतवाल, पूरन पांडे, दीपक फर्त्याल, दीपक मलाड़, मोहन नगरकोटी आदि रहे। इधर, सोमेश्वर में ब्लॉक अध्यक्ष राजू भट्ट, भुवन दोसाद, कुंदन भंडारी, श्याम दोसाद, संतोष कुमार, सुरेश बोरा, लक्ष्मण मेहरा, रणजीत नयाल, राहुल आर्या, राजेश गिरी, हरीश आगरी, अमित कुमार आदि रहे।

## एक नजर

### 30 मई तक कराएं ई-केवाईसी

**बागेश्वर।** शासन के निर्देशों के तहत जनपद के सभी राशन कार्ड धारकों एवं यूनिटों के लिए 30 मई तक ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। निर्धारित समय सीमा के भीतर ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभार्थियों को भविष्य में राशन प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। जिला पूर्ति अधिकारी बबलू पांडे ने बताया कि ई-केवाईसी प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए एनआईसी द्वारा मेरा ई-केवाईसी मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है, जिसे आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से लाभार्थी घर बैठे ही आधार नंबर, ओटीपी और फेस रिकग्निशन तकनीक का उपयोग कर अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं असहाय व्यक्तियों के लिए काफी लाभकारी साबित होगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी कार्ड धारकों से अपील की है कि वे शासन द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया शत-प्रतिशत पूर्ण कर लें, ताकि राशन वितरण व्यवस्था सुचारु रूप से जारी रह सके। विभाग की ओर से आमजन की सुविधा के लिए ऐप का लिंक भी जारी किया गया है।

### शिखर मूल नारायण ट्रैक रूट और व्यू पॉइंट निर्माण को मिली एक करोड़ की स्वीकृति

**बागेश्वर।** मुख्यमंत्री की घोषणा सं. 313/2025 के अंतर्गत तथा विधायक सुरेश गढ़िया के प्रयासों से भनार एवं झोपड़ा से शिखर मूल नारायण परिसर तक ट्रैक रूट एवं व्यू पॉइंट निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 17 लाख 25 हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 70 लाख की धनराशि व्यय हेतु स्वीकृत की गई है। विधायक सुरेश गढ़िया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड के दूरस्थ और धार्मिक क्षेत्रों का तेजी से विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना क्षेत्र में पर्यटन, धार्मिक आस्था और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रैक रूट एवं व्यू पॉइंट निर्माण से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक पहचान को भी नई मजबूती मिलेगी। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।

### ट्रांसपोर्टर पर किया हमला, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** फसियापुरा क्षेत्र में पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने एक ट्रांसपोर्टर पर हमला कर दिया। कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंसा विहार कॉलोनी निवासी राजवीर सिंह पुत्र उदल सिंह ट्रांसपोर्टर हैं। तहरीर में राजवीर ने बताया कि 29 अप्रैल की शाम साढे सात बजे वह पैराडाइज कॉलोनी के गेट के पास अपनी खराब हुई गाड़ी देखने गये थे। वहां पहले से बैठे विरनजीत सिंह, विजय सिंह, सुरजीत सिंह और उनके पड़ोसी गोलू ने उनसे गाली-गलौज की। चारों ने उन्हें घेर लिया और हमला कर दिया, जिससे उसके सिर और पैर में गंभीर चोट आई हैं। मुख्य आरोपी विरनजीत सिंह पहले उसकी गाड़ी चलाता था। हिसाब में गड़बड़ी पर राजवीर ने उसे नौकरी से हटा दिया था। आरोप है कि 19 मार्च को भी इन लोगों ने राजवीर से मारपीट की थी। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां से रेफर कर दिया गया।

### ठेकेदार पर अवैध तहबाजारी वसूलने का आरोप

**काशीपुर।** साप्ताहिक बाजार में ठेकेदार पर अवैध रूप से तहबाजारी वसूलने का आरोप लगाते हुए सब्जी दुकानदारों ने नगर निगम में नगर आयुक्त को शिकायती पत्र सौंपा। नगर आयुक्त को सौंपे शिकायती पत्र में दुकानदारों ने कहा कि वह सोमवार व शुक्रवार को खडकपुर देवीपुरा काशीपुर में साप्ताहिक बाजार लगाते हैं। पूर्व में नगर निगम द्वारा 100 रुपये की पर्ची काटी जाती थी। नगर निगम द्वारा 8 फीट से अधिक स्थान की पर्ची 150 रुपये की काटी जाती है, लेकिन ठेकेदार द्वारा एक दुकानदार की दो पर्ची 150 और 100 रुपये की काटी जा रही हैं। इस प्रकार ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से प्रत्येक दुकान से 250 रुपये प्रति दुकान की पर्ची काटी जा रही है। उन्होंने बताया कि जब ठेकेदार से इस बात की शिकायत करते हैं तो ठेकेदार एवं उसका साथी उनसे अभद्र व्यवहार करते हैं।

### कानून व्यवस्था दुरुस्त रखना प्राथमिकता: सीओ

**काशीपुर।** नवनियुक्त सीओ के रूप में प्रशांत कुमार मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि अपराधों पर नियंत्रण रखना, फरियादियों की फरियाद



सुनना और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि काशीपुर को जाम से मुक्त रखने के लिए भी वे सतत् प्रयत्नशील रहेंगे। ओवरलोडिंग पर लगाम कसी जाएगी और ई-रिक्शा संचालन पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उल्लेखनीय है कि प्रशांत कुमार उत्तराखंड पुलिस में रहते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को बनाए रखने और जनता से संवाद स्थापित करने पर उनका विशेष फोकस रहता है। वे संगठित अपराध और माफिया के खिलाफ सख्त रुख अपनाने के लिए जाने जाते हैं। रुद्रपुर के सीओ सिटी रहे प्रशांत कुमार को काशीपुर का सीओ नियुक्त किया गया है। साथ ही बाजपुर सीओ का कार्यभार भी सौंपा गया है।

# दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भिकियासैंण के रापड़-गंगोड़ा-चमड़खान मोटर मार्ग पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर शव पुलिस के सुपुर्द किए हैं। पुलिस से



मिली जानकारी अनुसार वाहन संख्या यूके 04 एफ 6683 में सवार चालक कैलाश चंद्र पुत्र बहादुर राम, निवासी डौड़ाखाल, आनंद राम निवासी रिची थापल रानीखेत और भुवन चंद्र पुत्र दीवान राम निवासी सेनरी रानीखेत भिकियासैंण के चमोली पुसैला गांव में जागर लगाने गए थे। गुरुवार तड़के जागर लगाने के बाद तीनों चमड़खान को लौट रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े चार बजे रापड़-गंगोड़ा-चमड़खान मार्ग के भाटिया के पास वाहन अनियत्रित होकर हो गई और वाहन गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। तीनों शवों का रेस्क्यू कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ अवनीश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसा झपकी आने से हो सकता है। उन्होंने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

## ज्ञानार्थी कॉलेज में मेधावी छात्र रत्न सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज में उत्तराखंड बोर्ड कक्षा 12वीं के मेधावी एवं सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु मेधावी छात्र रत्न सम्मान समारोह 2026 का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया, जिसके मुख्य अतिथियों में उद्योगपति देवेंद्र जिंदल, ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर डीके साहू, गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय कौशिक, तरावती सरोजनी स्कूल की प्रधानाचार्य शेफाली पांडे, आर्य कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रिंकू, माध्यमिक शिक्षा संघ के मंत्री मनोज कुमार शर्मा, टचवुड स्कूल के प्रधानाचार्य कावेश सिद्दीकी एवं राम सिंह कोचिंग ठाकुरद्वारा के निदेशक अनिरुद्ध चौहान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समारोह में अतिथियों का सम्मान कॉलेज के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, कॉलेज की सेक्रेटरी शिवानी मेहरोत्रा, संस्थान प्रमुख प्रतिमा सिंह एवं निदेशक डॉ. मनोज मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान करीब ढाई सौ विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं सम्मान देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

# मनरेगा से बनी दीवार पर गिरा पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सोमेश्वर।** तेज बारिश और आंधी-तूफान से मंगलवार को ग्राम सूपाकोट (लक्ष्मीपुर) में 60 साल पुराना एक तूंडी का पेड़ उखड़ गया जिससे हाल ही में गधेरे की निकासी हेतु मनरेगा से बनी दिवार टूट गई। गौरतलब है कि 8 मई 2024 को अतिवृष्टि से लक्ष्मीपुर स्थित प्राचीन नौला जमींदोज हो जाने के बाद हाल ही में इसकी मरम्मत के साथ ही मनरेगा से गधेरे की निकासी हेतु सुरक्षा दिवार का निर्माण हेतु 2,89,408 की स्वीकृति हुई हुई थी जिसके सापेक्ष 90 फीसदी कार्य पूर्ण हो गया था। शेष कार्य मनरेगा के श्रमिकों के अभाव में नहीं हुआ था। सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे का कहना है कि दिवार निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं होने से बरसात में गधेरे के



पानी से पहले ही आसपास के घरों को खतरा बना हुआ था लेकिन इस पेड़ के गिरने से दिवार के टूट जाने से गधेरे के पानी से और भी खतरा हो गया है। उन्होंने बताया कि यूं तो तेज बारिश और अंधड़ के चलते पेड़ों का ढहना आम बात है लेकिन इस पेड़ के ढहने की वजह ये रही कि दिवार निर्माण के लिए इस पेड़ की जड़ों से पत्थर निकाले गये थे जिससे इसकी जड़ें खोखली हो गई थी। हालांकि यहां से पत्थर निकालने पर आपत्ति किये जाने के बाद पत्थर निकालना बन कर दिया गया था लेकिन तब तक पेड़ खतरे की जद में आ चुका था। उन्होंने जिला आपदा प्रबंधन एवं प्रशासन को पत्र भेजकर इसकी सूचना देने के साथ ही बरसात में गधेरे के पानी को आसपास के घरों में घुसने से रोकने के लिए तत्काल दिवार निर्माण कराने की मांग की है।

## साइबर अपराध व हेल्पलाइन की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** लमगड़ा थाना परिसर में गुरुवार को थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक की अध्यक्षता में ग्राम प्रहरियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम प्रहरियों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया। इस दौरान साइबर अपराध, यातायात नियमों, नशे के दुष्प्रभाव और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। प्रहरियों को डायल 112, साइबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 1090, आपदा हेल्पलाइन 1070 तथा मानस हेल्पलाइन 1933 के बारे में विस्तार से बताया गया। थानाध्यक्ष ने ग्राम प्रहरियों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जनहितकारी योजनाओं और सुरक्षा संबंधी विषयों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

# जिला जज पंकज तोमर ने दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में गुरुवार को तहसील सभागार में जिला बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला जज पंकज तोमर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला जज पंकज तोमर ने कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर तालमेल बना रहना चाहिए, ताकि वादकारियों को सुलभ और त्वरित न्याय मिल सके।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को स्वहित से ऊपर उठकर पीड़ितों को न्याय दिलाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। समारोह में सर्वप्रथम नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश रौतेला



को शपथ दिलाई गई। इसके बाद नरेंद्र कोरंगा उपाध्यक्ष, भगवती धपोला महिला उपाध्यक्ष, पंकज धपोला सचिव, अनिल सिंह भाकुनी उप सचिव, रंजना सिंह महिला उप सचिव, हरीश चंद्र आर्या कोषाध्यक्ष, धीरेन्द्र परिहार पुस्तकालय अध्यक्ष तथा कार्यकारिणी सदस्य विनोद भट्ट, मयंक चौबे, कैलाश चंद्र पांडे, सुरेंद्र सिंह नेगी और अजेंद्र सिंह कोरंगा को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप कुमार तिवाड़ी, सिविल सीनियर डिवीजन जज योगेंद्र कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनीता, उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी, जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग की सदस्य हंसी रौतेला, चंद्र शेखर मिश्रा रहे।

## नगर की यातायात व्यवस्था बदलने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव गुरुरानी के नेतृत्व में गुरुवार को एक शिष्टमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर नगर की यातायात व्यवस्था में बदलाव की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि गर्मी के चलते विद्यालयों के समय में परिवर्तन हो गया है, इसलिए एनटीडी फायर स्टेशन से शिखर होटल तिराहे तक लागू यातायात प्रतिबंध का समय भी बदला जाए। शिष्टमंडल ने भैरव मंदिर एवं केएमओयू पार्किंग को शुरू करने की मांग भी उठाई। साथ ही माल रोड पर रात्रि में यातायात खुलने का समय 8 बजे से बढ़ाकर 8:30 बजे करने का अनुरोध किया। इस दौरान धर्मेंद्र बिष्ट, नवीन बिष्ट, जगत कनवाल, मदन बिष्ट और विनोद जोशी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अग्निवीर योजना युवाओं के साथ खिलवाड़

## रिटायर्ड कर्नल राम रतन नेगी ने केन्द्र सरकार पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना को लेकर कांग्रेस ने गंभीर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्नल राम रतन नेगी ने कहा कि योजना के तहत चार वर्ष बाद 75 प्रतिशत अग्निवीरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा, जिससे युवाओं में असुरक्षा और निराशा का माहौल बन रहा है। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में सेनि. कर्नल नेगी ने कहा कि 14 जून 2022 को लागू की गई अग्निवीर योजना युवाओं के रोजगार और सैन्य भविष्य के साथ सीधा समझौता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले जहां



सालभर में लगभग 80 प्रतिशत भर्ती प्रक्रियाएं संचालित होती थीं, वहीं अब यह घटकर करीब 20 प्रतिशत रह गई हैं। इससे बड़ी संख्या में युवा बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों के युवाओं के लिए सेना केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि परंपरा, सम्मान और गौरव का प्रतीक रही है। अग्निवीर योजना इस परंपरा को कमजोर कर सकती है, जिससे क्षेत्र में आर्थिक अस्थिरता और पलायन जैसी समस्याएं बढ़ने की आशंका है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पूर्व सैनिकों ने नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों को जागरूक करते हुए योजना को वापस लेने की मांग की। पार्टी नेताओं ने कहा कि युवाओं के हितों से जुड़े इस मुद्दे पर व्यापक जनसमर्थन जुटाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, लो. कमणि पाठक, भगत डसीला, गोपाल सिंह गढ़िया, पूर्व सैनिक संगठन जिलाध्यक्ष रमेश भंडारी, बलवीर पंवार, आलम सिंह रावत आदि थे।


**न्यायालय उपजिलाधिकारी/असि.कले. प्र. श्रेणी काशीपुर जिला उधमसिंहनगर**

राजस्व वाद संख्या-22/09 वर्ष-2020-21

**वादी**- विनोद कुमार

बनाम

**प्रतिवादीगण**- गोपाल कृष्ण आदि

**नोटिस बनाम**-1.श्री रविन्द्र कुमार आर्य पुत्र श्री लच्छीराम आर्य निवासी ग्राम रणकुला कबरैल जिला अल्मोड़ा। 2. श्री अंकित अरोरा बालिग पुत्र ज्योति प्रकाश निवासी मौहल्ला गंज तहसील काशीपुर जिला उधामसिंहनगर। 3. श्रीमती संगीता पत्नी श्री शंकरदत्त निवासी ग्राम चापड़ बेतालघाट जिला नैनीताल। 4. श्रीमती नेहा अरोरा पत्नी श्री राजकुमार बाधवा निवासी शिव मंदिर के सामने वाली गली मौहल्ला ओझान तहसील काशीपुर जिला उधमसिंहनगर।

महोदय,

हरगाह आपको सूचित किया जाता है कि वादी विनोद कुमार पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद उपरोक्त के द्वारा न्यायालय के समक्ष दावा वास्ते विभाजन अन्तर्गत धारा 176 यू.पी.जेड.ए.एण्ड एल.आर.एक्ट प्रस्तुत किया गया जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 12.05.2026 नियत है। आप नियत तिथि पर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रात: 10.00 बजे न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर पैरवी करना सुनिश्चित करें। अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अग्रसारित की जायेगी।

रीडर मुन्सरिम

न्यायालय उपजिलाधिकारी असि. कले. प्र. श्रेणी

दिनांक-6/5/26 काशीपुर जिला उधमसिंहनगर


# लालकुआं रेलवे स्टेशन पार्किंग में कार के भीतर चालक का शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** रेलवे स्टेशन की पार्किंग में शनिवार को एक कार के भीतर टैक्सी चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान मदन राम (42) पुत्र हरीश राम निवासी ग्राम आर्या, जिला बागेश्वर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मदन राम वर्तमान में हल्द्वानी के दमुवाढूंगा क्षेत्र में रहकर टैक्सी चलाते थे और इसी से परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक पुत्र हैं। जानकारी के अनुसार,



शनिवार को रेलवे स्टेशन पार्किंग में खड़ी कार में काफी देर तक कोई हलचल नहीं हुई। इस पर आसपास मौजूद लोगों को शक हुआ। लोगों ने पास जाकर देखा तो चालक सीट पर मदन राम बेसुध अवस्था में पड़े मिले। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से मदन राम को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बड़ी संख्या में टैक्सी चालक और स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल और वाहन का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने कार के भीतर और आसपास से जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का प्रतीत हो रहा है। हालांकि शरीर पर किसी गंभीर चोट के निशान की पुष्टि नहीं हुई है। बावजूद इसके पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# विवाहिता ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** एक विवहिता ने ससुरालियों पर दहेज में कार व पांच लाख रूपये न लाने पर उसका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। हेमपुर इस्माईल निवासी गुरमीत कौर पुत्री सुरजीत सिंह ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 6 फरवरी 2024 को उसका विवाह ग्राम भगवन्तनगर तहसील व थाना स्वार जिला रामपुर निवासी प्रीतपाल सिंह पुत्र हरवंश सिंह के साथ हुआ था। विवाह के 6 माह बाद ही पति प्रीतपाल सिंह, सास बलविन्दर कौर, ससुर हरवंश सिंह, जेठानी बलविन्दर कौर, जेठ जसवन्त सिंह दहेज मे कार व 5 लाख रूपये की मांग करते हुए उसका उत्पीड़न करने लगे। कहा कि ससुरालियों की मारपीट, मानसिक व शारीरिक शोषण के कारण वह बीमार रहने लगी जिस कारण उसे 16 मई 2025 को ससुराल वालो ने चीमा चौराहे के पास स्थित एक नर्सिंग होम मे भर्ती करा दिया तथा उसके माता पिता को फोन पर सूचना देकर वहां से चले गये जिसके बाद उसका इलाज उसके मायके वालों ने कराया। ठीक होने के बाद उसने जब ससुराल वालो से उसे ले जाने को कहा तो वह कहने लगे कि जब तक दहेज में कार एवं 5 लाख रूपये नहीं मिलेंगे उसे नहीं लेकर जायेंगे। पीड़ित ने ससुरालियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी लमगड़ा मंडल की बैठक गुरुवार को हनुमान मंदिर लमगड़ा में मंडल अध्यक्ष हरीश सिजवाली की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। मंडल प्रभारी मनीष जोशी ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए बूथ स्तर पर संगठन को और सशक्त बनाना होगा। बैठक में मन की बात कार्यक्रम के व्यापक प्रचार, महिला सहभागिता बढ़ाने तथा सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने पर भी जोर दिया गया।

# लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिएः आनंद बर्द्धन

## मुख्य सचिव ने मानसून से पहले सड़कें गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने गुरुवार को देहरादून सचिवालय में आगामी मानसून सीजन को लेकर विभागों एवं जनपदों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभागों को मानसून पूर्व तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मानसून के दौरान जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्य सचिव ने कहा कि मानसून के दौरान आगामी कुछ महीने अत्यंत संवेदनशील एवं चुनौतीपूर्ण रहेंगे। वर्तमान में चारधाम यात्रा भी संचालित हो रही है, ऐसे में सभी रेखीय विभागों को 24-7 अलर्ट मोड



में कार्य करना होगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून शुरू होने से पूर्व सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करते हुए क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत पूरी कर ली जाए। बिजली एवं पेयजल विभाग को विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पेयजल लाइनों की पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी विकास विभाग, नगर निकायों तथा जिलाधिकारियों को नालों एवं नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति किसी भी दशा में उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। नदी-नालों के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा उत्पन्न करने वाले अवरोधों एवं अतिक्रमणों को हटाया जाए।

उन्होंने कहा कि कामचलाऊ व्यवस्थाओं से बचते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संसाधनों की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। संवे. दनशील स्थलों पर सड़क खोलने हेतु जेसीबी मशीनों की अग्रिम तैनाती की जाए। बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने विभागीय तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में विभिन्न रेखीय विभागों के नोडल अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है तथा मानसून अवधि के लिए समन्वित कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। बैठक में वीसी के माध्यम से जुड़े कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने मुख्य सचिव के सम्मुख मानसून सत्र के दौरान सड़क मार्ग में मोटर पुल क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत वैलिब्रिज स्थापित कर आवागमन सुचारू करने हेतु कुमाऊं मंडल हेतु लोनिवि को अतिरिक्त वैलिब्रिज उपलब्ध कराने की बात रखी। जिस पर मुख्य सचिव ने सचिव लोनिवि को तत्काल कुमाऊं मंडल हेतु अतिरिक्त वैलिब्रिज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वीसी के माध्यम से जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल ने जनपद नैनीताल के गौला एवं नंधौर नदी से हो रहे भू-कटाव की रोकथाम हेतु नदी में ड्रेजिंग कार्य कराए जाने का मामला मुख्य सचिव के समक्ष रखते हुए अवगत कराया की मानसून के दौरान बिंदुखत्ता, लालकुआं, शांतिपुरी आदि क्षेत्रों में नदी से भू-कटाव होने के साथ ही गांवों को खतरा बना रहता है जिसकी रोकथाम हेतु वन विभाग के माध्यम से नदी में ड्रेजिंग कार्य हेतु 5 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। उन्होंने शीघ्र धनराशि आवंटित करने की मांग मुख्य सचिव से की, इस संबंध में मुख्य सचिव द्वारा सचिव आपदा प्रबंधन को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में शासन के विभिन्न उच्चाधिकारियों के साथ ही जनपद नैनीताल से विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरक्षण में अनदेखी पर सीएम को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी के वारिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीश कांत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में मांग की गई कि उत्तराखंड राज्य में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय देहरादून द्वारा 28 अप्रैल 2026 को जारी 920 पदों की भर्ती विज्ञप्ति में अनुसूचित जाति एवं महिला आरक्षण के संवैधानिक प्रावधानों की गंभीर अनदेखी सामने आई है, जो सामाजिक न्याय एवं समान अवसर के सिद्धांतों पर प्रतिक. ूल प्रभाव डालती है।

उक्त विज्ञप्ति के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग को मात्र 48 पद आवंटित किए गए हैं। जबकि निर्धारित 19 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर यह संख्या लगभग 175 पद होनी चाहिए थी। यह स्पष्ट रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों का हनन है। इसके अतिरिक्त अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, पिथौरागढ़, उधम सिंह नगर टिहरी, पौड़ी, गढ़वाल, रुद्रप्रयाग एवं चमोली जैसे अनेक जनपदों में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए एक भी पद निर्धारित नहीं किया गया है।

साथ ही महिला आरक्षण में भी अत्यंत गंभीर अनियमितता पाई गई है। कुल 920 पदों के समक्ष महिलाओं के लिए केवल 15 पद ही आवंटित किए गए हैं। जबकि महिला आरक्षण को क्षैतिज (हॉरिजॉन्टल रिजर्वेशन) के रूप में सभी वर्गों (अनारक्षित वर्ग अनुसूचित जाति अन्य पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जनजा. ति) में समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। ज्ञापन देने वालों मे नफीस अहमद खान, दीपक चनियाल, शंकर लाल, आरपी गंगोला, पीआर टम्टा, बीएल आर्य, रजनीश कांत, महेश चंद्र आर्य, जीतराम, आकाश भारती, नादिर सैफी, बालकिशन राम, जीआर आर्य, मनोज कुमार आर्य उपस्थित थे।

# शौचालय शुल्क मांगने पर कर्मचारी को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रोडवेज स्टेशन परिसर में गुरुवार दोपहर शौचालय शुल्क को लेकर हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। कुछ युवकों ने शुल्क मांगने पर शौचालय कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। जिससे लोगों द्वारा उसे बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोपहर के समय पांच युवक रोडवेज परिसर स्थित सार्वजनिक शौचालय में पहुंचे। शौचालय का उपयोग करने के बाद जब वे बिना शुल्क दिए बाहर निकलने लगे तो वहां देखरेख कर रहे विजय नामक युवक ने उनसे निर्धारित पैसे देने को कहा। पैसों की बात सुनकर युवकों का गुस्सा भड़क गया, और दोनो के बीच कहासुनी हो गई। दोनो के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि युवकों ने शौचालय कर्मचारी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में विजय के सिर पर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। लोगों की भीड़ एकत्र होने पर मौके से सभी आरोपी फरार हो गए। बताया जा रहा कि सभी आरोपी राजपुरा क्षेत्र के रहने वाले है। घायल युवक को उपचार के लिए बेस अस्पताल पहुंचाया गया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पीड़ित की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जायेगी।

## आपत्तिजनक पोस्ट डालने का आरोप, मुकदमा

**हल्द्वानी।** शहर के रहने वाले एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर उसकी बेटी और भाई के खिलाफ आपत्ति. जनक पोस्ट साझा किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार उत्तर उजाला क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने एसएसपी डा. मंजुनाथ को तहरीर देते हुए बताया कि कुछ सोशल मीडिया आईडी के माध्यम से उसकी पुत्री और भाई के संबंध में अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां एवं पोस्ट साझा की जा रही हैं। आरोप है कि इन पोस्टों के कारण परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहा है। पीड़ित ने संबंधित सोशल मीडिया आईडी संचालकों के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# दो भाइयों से मारपीट, हमला

## सरकारी राशन की कालाबाजारी का आरोप, विरोध पर हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बरेली रोड स्थित एक राइस मिल में सरकारी राशन की कथित कालाबाजारी का वीडियो बनाने का विरोध करने पर दो भाइयों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पुलिस को सौंपी तहरीर में तीन लोगों पर हमला, धमकी और सरकारी राशन की हेराफेरी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ि की तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांधीनगर लाइन नंबर-16 निवासी फैसल हुसैन ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीती 5 मई की शाम उसका छोटा भाई फैजान हुसैन सरस्वती राइस मिल पर आटा लेने गया था। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि युवकों ने स्कूटी की चाबी छीन ली और मोबाइल फोन कब्जे में लेने का प्रयास किया। फैसल ने बताया कि जब उसके भाई फैजान ने उसे फोन कर बताया कि राइस मिल में सरकारी गेहूं और चावल की कालाबाजारी हो रही है, जिसकी वीडियो उसके मोबाइल में है। फैसल मौके पर पहुंचा तो वहां जावेद कुरैशी, परवेज कुरैशी और सलमान कुरैशी उसके भाई के साथ मारपीट करते दिखाई दिए। जब उसने मारपीट का विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। आरोप है कि हमले के दौरान धारदार हथियार और पत्थरों से वार किए गए, जिससे फैसल के सिर, कंधे और पेट में गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि राइस मिल में सरकारी राशन उतारा जा रहा था और उससे जुड़े वीडियो व सीसीटीवी फुटेज मौजूद हैं। फैसल ने बताया कि जावेद कुरैशी पर पहले भी सरकारी राशन की कालाबाजारी के मामलों में जेल जा चुका है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# हाईवे पर तेज वाहनों पर पुलिस का शिकंजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने भवाली-अल्मोड़ा हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर खैरना क्षेत्र में इंटरसेप्टर वाहन और रडार गन की मदद से वाहनों की गति जांची गई। अभियान के दौरान निर्धारित सीमा से अधिक गति में वाहन चलाते पाए जाने पर कुल 24 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार चालान किए गए वाहनों में 15 कार, तीन टैक्सी, चार बस और दो ट्रक शामिल हैं।

# साइबर ठगी से बचेंः सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑनलाइन लेनदेन और डिजिटल सेवाओं के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर ठगी के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसे देखते हुए नैनीताल पुलिस ने आमजन को मोबाइल और इंटरनेट इस्तेमाल करते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई। पुलिस का कहना है कि थोड़ी सी लापरवाही भी लोगों के बैंक खाते खाली करा सकती है, इसलिए मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। पुलिस के अनुसार व्हाट्सएप या अन्य माध्यमों से चालान, शादी कार्ड, बिजली बिल या बैंक अपडेट के नाम पर भेजी जाने वाली एप्लीकेशन फाइलें खतरनाक हो सकती है। ऐसी फाइल डाउनलोड करते ही साइबर ठग मोबाइल और बैंक खाते तक पहुंच बना सकते है। उन्होंने लोगों से किसी भी अज्ञात एप्लीकेशन फाइल को डाउनलोड न करने की अपील की। इसके अलावा इंटरनेट या गूगल पर उपलब्ध हर कस्टमर केयर नंबर पर भरोसा करना भी खतरनाक हो सकता है। साइबर अपराधी फर्जी हेल्पलाइन नंबर डालकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। किसी भी बैंक, कंपनी या सेवा का नंबर केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट या अधिकृत ऐप से ही प्राप्त करना चाहिए। इंस्टाग्राम, फेसबुक और अन्य मंचों पर दिखने वाले हर ऑफर पर भरोसा न करें और केवल वेरिफाइड ऐप तथा विश्वसनीय वेबसाइट से ही खरीदारी करें। नैनीताल पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ओटीपी, यूपीआई पिन और सीवीवी किसी से साझा न करें, साथ ही किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने और स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करने से बचें। साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराये।

# फ्रीज से लगा करंट, एक साल के बच्चे की मौत

## पोस्टमार्टम न कराने के लिए परिजनों की गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजपुरा क्षेत्र में गुरुवार को करंट लगने से एक वर्षीय मासूम की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

परिजन बच्चे को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार जवाहर नगर टनकपुर रोड निवासी सुब्हान का एक साल का बेटा हस्सान घर के अंदर खेल रहा था। इसी दौरान खेलते-खेलते उसकी गेंद फ्रीज के नीचे चली गई। बताया जा रहा है कि गेंद निकालने के लिए जैसे ही बच्चे ने फ्रीज के नीचे हाथ डाला तभी उसे तेज करंट लगा और वह वहीं अचेत होकर जमीन में ही गिर पड़ा। जमीन में बच्चे को अचेत अवस्था में देखकर परिजन आनन फानन में उसे सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अस्पताल में मां का रो-रोकर बुरा हाल रहा। प्रारंभिक आशंका है कि फ्रीज में तकनीकी खराबी या अर्थिंग की समस्या के कारण करंट उतर आया था। पुलिस ने मामले की जानकारी लेने के बाद आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं, जिसके लिए प्रशासन से अनुमति मांगी गई है।

# यूओयू में क्षमतावर्धन कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय सेवा निदेशालय की ओर से गुरूवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय में क्षमतावर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में अध्ययन केंद्रों को अधिक सशक्त और शिक्षार्थी केंद्रित बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा और कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला के दौरान कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा व्यवस्था में भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूत भूमिका निभानी है। डिजिटल शिक्षा, कौशल विकास और दूरस्थ क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा पहुंचाने में विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के बाद देश के राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों में सर्वाधिक शैक्षणिक कार्यक्रम उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय संचालित कर रहा है। विश्वविद्यालय के 12 एमओओसी पाठ्यक्रमों में करीब 70 हजार शिक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है। साथ ही 61 देशों के विद्यार्थी विश्वविद्यालय से जुड़े हैं। निदेशक प्रो. गिरिजा पाण्डेय ने नई शिक्षा नीति और अर्न व्हाइल यू लर्न योजना की जानकारी दी। पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश रयाल ने सोशल मीडिया, ब्लॉग और व्लॉग के माध्यम से नामांकन बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की। कार्यशाला में कुमाऊं क्षेत्र के तीनों क्षेत्रीय निदेशालयों से जुड़े 48 अध्ययन केंद्रों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट, प्रो. एमएम जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।



# बैंक कर्मियों की देशव्यापी हड़ताल 25 से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर 25 और 26 मई को दो दिवसीय हड़ताल का एलान किया है। हड़ताल में लगभग 1200 बैंक कर्मियों के शामिल होने से क्षेत्र में करीब 500 करोड़ रुपये के बैंकिंग कारोबार पर असर पड़ने का अनुमान है। यह बात एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन दिल्ली सर्किल के अध्यक्ष कुलदीप सिंह बवेजा ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। गुरूवार को कुसुमखेड़ा स्थित एसबीआई प्रशासनिक कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कुलदीप सिंह बवेजा ने बताया कि कर्मचारियों के हितों से जुड़ी लंबित मांगों को लेकर लिपिक और अधीनस्थ कर्मचारी हड़ताल पर



जाएंगे। उन्होंने बताया कि संगठन की प्रमुख मांगों में 29 वर्षों से संद. ेशवाहकों की भतह्न शुरू करना, 2022 के बाद सुरक्षा गार्डों की नियमित भर्ती सुनिश्चित करना, स्थायी नौकरियों में आउटसोर्सिंग समाप्त करना, पर्याप्त कर्मचारियों की भर्ती करना तथा फंड मैनेजर बदलने का विकल्प देना सहित कुल 15 मांगें शामिल हैं। उन्होंने कहा यदि बैंक प्रबंधन द्वारा मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाता है तो हड़ताल वापस ले ली जाएगी। अन्यथा आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए 18 मई को प्रशासनिक कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक धरना दिया जाएगा। जबकि 22 मई को सेंट्रल हॉस्पिटल तक कैंडल मार्च निकाला जाएगा। उन्होंने बताया इस हड़ताल में अखिल भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी संघ (एआईएसबीआईएसएफ) के आह्वान पर कुमाऊं क्षेत्र में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की 192 शाखाओं के के लगभग 1200 बैंक कर्मियों के शामिल रहेगे। जिससे करीब 500 करोड़ रुपये के बैंकिंग कारोबार पर असर पड़ने का अनुमान है। पत्रकार वार्ता में सहायक महासि. चव चन्दन सिंह बिष्ट, क्षेत्रीय सचिव ओम प्रकाश नियोलिया, भवान सिंह मेहरा, लोकेश गुरुरानी, गणेश मर्तोलिया, राकेश तिवारी, प्रियंका यादव, सचिन बलदिया, राजेंद्र सिंह भोजक आदि मौजूद रहे।

## सरकार का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चम्पावत में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के विरोध में गुरुवार को तिको. निया स्थित बुद्धपार्क में युकां जिलाध्यक्ष सुमित कुमार के नेतृत्व में एकत्र हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान युकां जिलाध्यक्ष सुमित कुमार ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे है। अंकिता भंडारी प्रकरण समेत कई घटनाएं सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। प्रदर्शन करने वालो में प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू, प्रदेश महासि. चव दिग्विजय सिंह चौहान, स्वाति जोशी, भानु कबड़वाल, प्रीति आर्य, मनदीप गुजराल, अमन कुरैशी, उमेश जोशी, कमल बोरा, मेहुल शाह, अक्षत पाठक, मयंक गोस्वामी समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सन्य बलों के साथ 'आकाश' का एमओयू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देशभर के सैन्य और अर्धसैनिक बलों के जवानों व उनके परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद देने के लिए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने इंडियन आर्मी, बीएसएफ, सीआरपीएफ और आईटीबीपी सहित कई सुरक्षा बलों के साथ समझौते किए हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ चंद्र शेखर गरिसा रेड्डी ने कहीं। गुरूवार को नैनीताल रोड स्थित आकाश एजुकेशनल कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ चंद्र शेखर गरिसा रेड्डी ने कहा कि इन समझौतों के तहत शहीद जवानों के बच्चों, दिव्यांग कर्मियों के परिवारों, वीरता पुरस्कार प्राप्त जवानों तथा सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों के बच्चों को विभिन्न स्तरों पर स्कॉलरशिप और फीस में छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया योजना के तहत इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को कोि. चंग, अकादमिक मेंटरिंग, करियर काउंसलिंग और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा शहीद जवानों के बच्चों के लिए अधिकांश मामलों में ट्यूशन फीस पूरी तरह माफ रहेगी, जबकि दिव्यांग और वीरता पुरस्कार प्राप्त कर्मियों के बच्चों को 90 से 100 प्रतिशत तक फीस छूट मिलेगी। वहीं सेवारत और रिटायर्ड जवानों के बच्चों को भी ट्यूशन फीस में विशेष रियायत दी जाएगी। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की स्कॉलरशिप परीक्षाओं, टैलेंट आइडेंटिफिकेशन टेस्ट, ऑनलाइन और ऑफलाइन काउंसलिंग, तथा देशभर में मौजूद कोचिंग सेंटरों की सुविधाओं का लाभ मिलेगा। यह पहल तीन से पांच वर्ष तक चलने वाले दीर्घकालिक कार्यक्रमों के रूप में लागू की जाएगी।



# 19वें दिन हल्द्वानी पहुंची गोल्ज्यू यात्रा

## रामलीला मैदान में हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही तृतीय गोल्ज्यू यात्रा गुरूवार को अपने 19वें दिन हल्द्वानी पहुंची। यात्रा के शहर पहुंचने पर राम मंदिर में श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में मौजूद मातृशक्ति ने फूलों और मंगल गीतों के साथ यात्रा का अभिनंदन किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस दौरान मुख्य आयोजक और अपनी धरोहर न्यास के केंद्रीय अध्यक्ष विजय भट्ट ने कहा कि यात्रा 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर चंपावत स्थित मुख्य गोल्ज्यू मंदिर से विशेष पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई थी। इसके बाद यात्रा खटीमा, सितारगंज, किच्छा, रुद्रपुर,



काशीपुर, हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, बद्रीनाथ, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा और रामनगर सहित विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए हल्द्वानी पहुंची।

उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य उत्तराखंड की धार्मिक संस्कृति और लोक परंपराओं का संरक्षण करते हुए समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। जिसके बाद गोल्ज्यू यात्रा रामलीला मैदान से बाजार क्षेत्र से गुजरते हुए गोल्ज्यू मंदिर हीरानगर उत्थानमंच पहुंची, जहां विशेष पूजा और जागर का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने गोल्ज्यू देवता का आशीर्वाद लिया और यात्रा में शामिल होकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया। यात्रा में पूर्व कैबिनेट मंत्री लाखीराम जोशी, कमल सिंह जीना पूरी यात्रा मे मौजूद रहें। इस मौके पर न्यास के उपाध्यक्ष एनबी गुणवंत, मीडिया प्रभारी रवि दुर्गापाल, कार्यक्रम संयोजक लवेन्द्र सिंह चिलवाल, सीएस किरौला, आनंद सिंह भाकुनी, विजय तिवारी, विवेक कश्यप, साकेत अग्रवाल, तनुज गुप्ता, भवानी शंकर नीरज, पंडित विवेक शर्मा, रूपेंद्र नागर, केसी बेलवाल, दिनेश गुप्ता, सुनीता जोशी, शांति जीना, लता बोरा, भावना पांडेय, हेमा पांडेय, प्रभा खनका, कीरन जामोत, रमा पांडेय, दीप्ति चुफाल आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**हल्द्वानी।** अपनी धरोहर न्यास द्वारा आयोजित कुमाऊं के आराध्य देव गोल्ज्यू की यात्रा गुरूवार को हल्द्वानी पहुंचने पर वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति के पदाधिकारियों ने कालाढूंगी रोड पर यात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ यात्रा में भाग लिया। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा, महामंत्री डीके पांडे, इंदर सिंह निगल्टिया, डीके बल्यूटिया, डीके पंत, प्रताप सिंह जंतवाल, श्रीकांत खंडेलवाल, राजेन्द्र सिंह ऐरी, विष्णु सिंह रावत, आनंद सिंह भाकुनी, डा. आशुतोष पंत, पूरन सिंह जीना, त्रिभुवन पंत, देवेन्द्र सिंह खाती, जगदीश चन्द्र डालाकोटी आदि मौजूद रहे।

# 20 प्रतिष्ठानों पर 13 लाख का दंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत अपर जिलाधिक. ारी एवं न्याय निर्णायक अधिकारी विवेक राय की अदालत में गुरूवार को विभिन्न मामलों की सुनवाई के बाद 20 प्रतिष्ठानों पर कुल 13 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया। उक्त जानकारी देते हुए एडीएम विवेक राय ने बताया कि जिले में बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार, अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण, अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री, एक्सपायरी सामग्री के उपयोग और मिथ्याछाप खाद्य उत्पाद बेचने जैसे मामलों में कार्रवाई की गई। जिसमें हल्द्वानी, नैनीताल, लालकुआं और भीमताल समेत विभिन्न क्षेत्रों के स्वीट्स हाउस, रेस्टोरेंट, बेकरी, होटल और खाद्य प्रतिष्ठानों पर 20 हजार रुपये से लेकर 1.25 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया नया बाजार तल्लीताल स्थित मै. किमोबी एजेंसिज पर बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार करने पर 25 हजार रुपये, रामपुर रोड हल्द्वानी स्थित जायसवाल स्वीट्स हाउस पर 50 हजार रुपये, तथा जायसवाल स्वीट्स एंड फास्ट फूड पर बिना लाइसेंस व गंदगी में खाद्य निर्माण करने पर 1 लाख 25 हजार रुपये, मंगल पड़ाव स्थित नानक स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट पर अधोमानक खोया बेचने के मामले में एक लाख रुपये, भोटियापड़ाव स्थित ब्राउनीज द बेक शॉप एंड कैफे पर 80 हजार रुपये का का अर्थदंड लगाया गया। इसके अतिरिक्त मानपुर उत्तर स्थित जायसवाल प्रतिष्ठान रामपुर रोड स्थित अन्य स्वीट्स हाउस, लालकुआं स्थित उत्तरांचल स्वीट्स, हल्द्वानी के न्यू बॉम्बे फूड प्रोडक्ट्स तथा भीमताल स्थित भाटिया होटल्स प्राइवेट लिमिटेड पर भी विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा मेरठ स्थित पंचवटी प्रयोगशाला प्रा. लि. पर एक लाख रुपये, हल्द्वानी स्थित वी मार्ट रिटेल लिमिटेड पर एक लाख रुपये, कॉर्बेट एडवेंचर रिजॉर्ट पर 50 हजार का जुर्माना लगा। माधवी जनरल स्टोर, आनंद गृह उद्योग और एस. कुमार स्वीट्स समेत अन्य प्रतिष्ठानों पर भी दंडात्मक कार्रवाई की गई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बिना पंजीकरण संचालित क्लीनिक को किया सील



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल के निर्देशों के क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए ग्राम छीनकी में संचालित बिना पंजीकरण के क्लीनिक को सील कर दिया।

यह कार्रवाई डा. संजीव सरना के नेतृत्व में गठित स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गई। मौके पर निरीक्षण के दौरान क्लीनिक क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीकृत नहीं पाया गया और बिना किसी वैध दस्तावेज के मरीजों का उपचार किया जा रहा था। कार्रवाई के समय केंद्र संचालक सचिन मजूमदार और दो महिला मरीज मौके पर उपस्थित मिले। केंद्र संच. ालक सचिन मजूमदार के खिलाफ संबंधित अधिनियमों के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**■ सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई**

डा. केके अग्रवाल ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बिना पंजीकरण के चल रहे क्लीनिक आम जनता के स्वास्थ्य के लिए खतरा हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की कि केवल पंजीकृत चिकित्सकों और वैध स्वास्थ्य संस्थानों से ही उपचार लें। डॉ. संजीव सरना ने बताया कि अवैध क्लीनिकों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और इसमें पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग लिया जा रहा है।

# ऑक्सीजन नहीं मिलने से गर्भवती महिला की मौत

**■ प्रसव के बाद समय पर नहीं मिल पाई ऑक्सीजन**
**■ परिजनों ने जिला चिकित्सालय में काटा हंगामा**







शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय में प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं के साथ हाने वाली जानलेवा घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार रात्रि में महिला चिकित्सक की गैरमौजूदगी में स्टॉफ द्वारा किए गए प्रसव के बाद महिला की हालत अचानक बिगड़ गई। ऐसे नाजुक समय में चिकित्सक की गैर मौजूदगी में स्टॉफ ने महिला को इंजेक्शन लगाए और जब उसे आक्सीजन देने की कोशिश की गई तो पता चला कि यहां रखे सभी सिलेंडर खाली हैं और आक्सीजन पाईप भी काम नहीं कर रही है। इस दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों में रोष भड़क गया और उन्होंने चिकित्सालय पर लाप. रवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया तथा अनुपस्थित महिला चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। चिकित्सालय में महिला चिकित्सकों की लापरवाही से पूर्व में प्रसव के लिए आई कई महिलाओं की मौत हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार सिंह कालोनी गली नम्बर एक निवासी शिक्षक सौरभ मिश्रा का एक वर्ष पूर्व ही शक्तिफार्म में विवाह हुआ था। वह अपनी गभर्वती पत्नी 28 वर्षीय ज्योति पाण्डे को प्रसव के लिए सायं जिला चिकित्सालय ले गए। जहां मौजूद स्टाफ ने उन्हें भर्ती कर लिया। जबकि वहां कोई भी महिला चिकित्सक मौजूद नहीं थी। मध्य रात्रि लगभग 1:30 बजे स्टॉफ द्वारा ही प्रसव कराया गया। ज्योति ने कन्या को जन्म दिया। इसी दौरान सही ढ़ंग से सांस न ले पाने के कारण ज्योति की तबीयत बिगड़ गई और उसे जीवनदायिनी आक्सीजन की जरूरत पड़ी, लेकिन वहां रखे चार सिलेंडरों में आक्सीजन नहीं थी और न ही पाईप लाईन में आक्सीजन मिल पाई। परिजनों ने जब ज्योति को रैफर करने को कहा तो महिला चिकित्सक न होने के कारण उसे रैफर नहीं किया जा सका। परिजनों ने बताया कि प्रात: 5 बजे उन्हें स्टाफ ने बताया कि ज्योति की मौत हो गई है।

वहीं सौरभ का कहना है कि उसकी पत्नी की रात्रि में ही मौत हो चुकी थी, जिसे स्टाफ द्वारा छिपाया गया। उसने आरोप लगाते हुए कहा कि चिकित्सालय में उपचार में बरती गई लापरवाही के कारण उसकी पत्नी की मौत हुई है। चिकित्सालय में हंगामे की सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिसकर्मी आ पहुंचे और उन्होंने परिजनों से विस्तार से घटना की जानकारी ली। सौरभ ने मामले में पंतनगर थाना पुलिस, सीएमओ व जिलाधिकारी को तहरीर प्रेषित कर घटना की जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की जानकारी मिलने पर समाजसेवी संजय ठुकराल समेत तमाम लोगों ने मामले की जानकारी ली और अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर नाराजगी प्रकट की।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन ने वनकर्मी को रौंदा, मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** बुधवार रात हल्द्वानी मार्ग पर संजय वन के समीप पत्थरचट्टा वन कार्यालय में ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर वापस लौट रहे वन कर्मी को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार ग्राम खस्सीबोझ खत्ता टांडा निवासी 58 वर्षीय मोहन गिरी गोस्वामी पुत्र स्व.बच्ची गिरी गोस्वामी वन विभाग टांडा रेंज के पत्थरचट्टा कार्यालय में संविदा कर्मी के रूप में काम करता था। बताया जाता है मोहन गिरी बुधवार की देर सायं ड्यूटी समाप्त कर अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 04 सी 9559 पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। जब वह संजय वन के पास पहुंचा तो तेज गति से आते अज्ञात वाहन चालक ने उसकी मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी और वाहन सहित मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल मोहन गिरी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

### पश्चिम बंगाल की जीत पर डॉ. यूनुस चौधरी ने केंद्रीय संगठन को बधाई दी

शाह टाइम्स संवाददाता



**जसपुर।** भाजपा नेता डॉ. यूनुस चौधरी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे देश की जनता की विकासवादी सोच और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास की विजय बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने वर्षों से चले आ रहे भय, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को नकारते हुए विकास, राष्ट्रवाद और सुशासन की नीति को अपनाया है। मीडिया से बातचीत में डॉ. यूनुस चौधरी ने कहा कि इस ऐतिहासिक विजय का सबसे बड़ा श्रेय मातृशक्ति, नारी शक्ति, युवा वर्ग एवं भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है, जिन्होंने घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है और जनता को भाजपा सरकार पर पूरा भरोसा है। भाजपा नेता यूनुस चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब भय और हिंसा की राजनीति से मुक्ति चाहती थी। जनता ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि अब देश में विकास, रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, किसानों की समृद्धि और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की राजनीति को प्राथमिकता मिलेगी।

### 25 अप्रैल से गायब युवक के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता



**जसपुर।** क्षेत्र के महुआ डाबरा निवासी व्यक्ति ने अपने युवा पुत्र धीरज सैनी के घर से अचानक गायब हो जाने की तहरीर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी नादेही में दी है। चौकी इंचार्ज नादेही संतोष देवरानी ने बताया कि पिता होरी सिंह निवासी महुआडाबरा की तहरीर के आधार पर कोतवाली जसपुर में मुकदमा पित नंबर 163/26 अंतर्गत धारा 140(3) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया है। पिता के अनुसार गुमशुदा धीरज दिनांक 25 अप्रैल 2026 को बिना बताए प्रात: 5:00 बजे घर से चला गया है।

### आज शुक्रवार को पदभार ग्रहण करेंगे जसपुर के नए कोतवाल

शाह टाइम्स संवाददाता



**जसपुर।** एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडे को जसपुर कोतवाली का नया कोतवाल बनाया गया है। जसपुर में नियुक्त प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी को डीसीआरबी प्रभारी के पद पर भेजा गया है।

नए कोतवाल पांडे पूर्व में जसपुर कोतवाली में एस एस आई के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं उनकी निष्पक, निडर व दबंग छवि के चलते सटोरियों, अवैध खनन माफियाओं, शराब माफियाओं,नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है बताया जा रहा है कि राजेश पांडे एक कड़क अफसर हैं। वह शुक्रवार को कोतवाली पहुंच अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### मथुरादत्त मठपाल की स्मृति में 9,10 मई को रामनगर में होंगे विभिन्न साहित्यिक कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामनगर।** साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कुमाउनी के वरिष्ठ साहित्यकार मथुरादत्त मठपाल की पांचवीं पुण्यतिथि 9 मई के अवसर पर दुदबोली शुभचिंतकों के सक्रिय सहयोग से दो दिवसीय 9 मई और 10 मई कार्यक्रम होगा।यह जानकारी आयोजक मंडल सदस्य निखिलेश उपाध्याय ने दी। उनके अनुसार दुदबोलि के विकास लिए होने जा रही दो दिवसीय जुगत के पहले दिन 9 मई शनिवार को सुबह 11 बजे से हिंदी विभाग, राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़,रामनगर के सौजन्य से मालधन में मथुरादत्त मठपाल के साहित्य कर्म पर चर्चा के साथ साथ उत्तराखंडी साहित्य,संस्कृति की पत्रिका ष्दुदबोलीष के नवीनतम अंक का विमोचन होगा।10 मई रविवार को उत्तराखंड भाषाई कवि सम्मेलन के साथ साथ मथुरादत्त मठपाल की कविताओं की संगीतमय प्रस्तुति होगी। इसी दिन सांवल्दे में उत्तराखंड साहित्य,संस्कृति के विकास को समर्पित मथुरादत्त मठपाल स्मृति भवनष का शिलान्यास भी होगा।

### नवनियुक्त सफाई निरीक्षक सुदेश कुमार का स्वागत किया गया

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** भाजपा व श्रमिक नेता शुभम् उत्तम ने अपने समर्थकों के साथ नगर पालिका रामनगर में नवनियुक्त सफाई निरीक्षक सुदेश कुमार का अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल के साथ संयुक्त रूप से स्वागत किया।शुभम् उत्तम ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने बीते 16 मार्च को मुख्य सेवक सदन देहरादून में शहरी विकास विभाग के अंतर्गत चयनित 63 सफाई निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटे थे।विभिन्न नायिकाओं पालिकाओं व निगमों में सफाई निरीक्षकों को नियुक्ति दी गई।गुरुवार से नगर पालिका रामनगर को भी सुदेश कुमार के रूप में सफाई निरीक्षक मिल गए है।उन्होंने धामी सरकार की सराहना करते हुए आश्वस्त किया की शहर की सफाई व्यवस्था को पर्यावरण मित्र उनके मार्गदर्शन में मेहनत और लगन के साथ अच्छा कार्य करेंगे।इस दौरान स्वागत करने में रजत राज,अमित कुमार,आकाश उत्तम आदि मौजूद रहे।



### अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने रामनगर क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया।कोतवाल सुशील कुमार के नेतृत्व में अलग अलग जगहो पर पुलिस टीम द्वारा ट्रान्सपोर्ट नगर मे चेकिंग के दौरान ट्रान्सपोर्ट नगर के दूसरे गेट के पास आरोपी धीरज निवासी मरचूला सल्ट अल्मोडा को अपने ठेले पर लोगो को शराब परोसते हुए गिरफ्तार किया गया।आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया।इस दौरान पुलिस टीम में कांस्टेबल महबूब आलम, गगन भण्डारी, संजय सिंह शामिल रहे।

# सूखा पेड़ गिरने से मकान क्षतिग्रस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** तहसील क्षेत्र के सुदूर गांव झाऊपरसा में बीती रात एक ग्रामीण राजू की मकान पर एक सूखा पेड़ गिरने से जनहानि होने से बच गई। सूखा पेड़ उनके मकान पर उस वक्त गिरा गया जिस वक्त उनकी लड़की घर में खाना बना रही थी लेकिन वह बाल बाल बच गई लेकिन मकान क्षतिग्रस्त हो गया।

गृहस्वामी का आरोप है कि यह घटना वन विभाग की लापरवाही की वजह से हुआ है। गृहस्वामी राजू द्वारा वन विभाग को 5-6 महीने पहले लिखित रूप में सूचना दी गई थी कि मकान के चारों ओर खड़े पेड़ कभी भी गिर सकते है तथा कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है लेकिन अभी तक कोई करवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग के टालमटोल और लाप. रवाही के वजह से यह घटना घटित हुई है।

वहीं इस मामले की सूचना मिलने पर वरिष्ठ भाजपा नेता नवीन बोरा ने झाऊपरसा गांव में मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीओ वन विभाग, डीएलएम टनकपुर व तहसीलदार खटीमा को दूरभाष पर इस समस्या से अवगत कराया जिस पर उनके द्वारा कल तक सभी सूखे पेड़ कटवा देने का आश्वासन दिया गया।

# बदहाल सड़कों को लेकर अधिशासी अभियंता से मिले ग्रामीण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाल सड़कों के सुधारीकरण और डामरीकरण को लेकर समाजसेवी राहुल सिंह दरम्वाल और उनकी टीम ने लोक निर्माण विभाग पहुंचकर अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा।

राहुल सिंह दरम्वाल ने बताया कि रामनगर क्षेत्र की अधिकतर ग्रामीण सड़कों के हालात हद से ज्यादा खराब है।बताया की छोई मार्ग की स्थिति बहुत ही ज्यादा खराब है इसके साथ ही क्यारी गांव को जोड़ने वाली सड़क, पाटकोट मार्ग , तेलीपुरा और जस्सागांजा के साथ ही बहुत सी सड़कें खराब है जिन्हें जल्द ही ठीक किया जाना चाहिए ।

इन सड़कों में लगातार हादसे हो रहे हैं।वहीं राहुल सिंह दरम्वाल ने कहा कि कई सड़कों के प्रपोजल लोक निर्माण विभाग के द्वारा पिछले एक डेढ़ वर्ष पहले से रामनगर से हल्द्वानी और देहरादून तक भेजें गये है लेकिन यह सब विभागों की फाइलों में सिमट कर रह गए हैं।इन फाइलों को आगे बढ़ाने वाला ना तो कोई अधिकारी है और ना ही कोई क्षेत्र का जनप्रतिनिधि है।जिससे कि खराब सड़कों की मरम्मत और सड़कों का सुधारीकरण हो सके। उन्होंने जल्द से बदहाल सड़कों को ठीक करने की मांग की है।

## भाजपा ग्रामीण मण्डल की बैठक संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** भाजपा ग्रामीण मण्डल रामनगर की एक बैठक विधायक कार्यालय में विधायक दीवान सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सहभागिता करके संगठन के भावी कार्यक्रम और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को गतिमान बनाने और बूथ स्तर तक बैठकें करने का निर्णय लिया गया।ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में भी चर्चा हुई।साथ ही बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा सरकार बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ ही पश्चिम बंगाल के कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस दौरान बैठक में विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा,भाजपा नेता सत्यप्रकाश शर्मा,महामंत्री दीपक राणा,कृपाल जोशी,महिला मोर्चा अध्यक्ष दीपा पांडे,किसान मोर्चा अध्यक्ष नंदन बोरा,सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' का शुभारंभ





शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जनपद ऊधम सिंह नगर में बच्चों को कुपोषण मुक्त और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से "राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस" का भव्य शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय, गांधी कॉलोनी, रुद्रपुर में स्कूली बच्चों को कृमि नाशक 'एल्बेंडाजोल' की दवा खिलाकर अभियान का विधिवत उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पेट के कीड़ों से मुक्ति अत्यंत आवश्यक है। कृमि संक्रमण से बच्चों में खून की कमी यानी एनीमिया के साथ-साथ उनकी सीखने की क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि 'स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के समन्वय' से जनपद के 'शत-प्रतिशत बच्चों' को यह दवा खिलाई जाएगी। जनपद के समस्त 'सरकारी, निजी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों' के माध्यम से '1 से 19 वर्ष' तक के '6,03,960 बच्चों' को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी, यह दवा 'पूरी तरह सुरक्षित' है और 'स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख' में दी जा रही है। जो बच्चे आज दवा नहीं खा पाए हैं, उनके लिए 14 मई को मॉप-अप डे' आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने इस दौरान बच्चों को 'भोजन से पहले हाथ धोने' और 'खुले में शौच न करने' जैसी स्वस्थ आदतों को अपनाने की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, डीपीएम हिमांशु मुस्यूनी, आरबीएसके टीम से कार्यक्रम प्रबंधक जावेद पूरन, आमिर, पंकज गुसाईं, विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहीं।

# खटीमा उर्वरक एवं कीटनाशक व्यापारी संगठन के अध्यक्ष बने रामलखन



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** बुधवार को उर्वरक एवं कीटनाशक व्यापारी संगठन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों के हितों व समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया।

बैठक में किसान बीज भंडार के मालिक रामलखन मौर्य को सर्वसम्मति से संगठन का अध्यक्ष चुना गया। सभी व्यापारियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया और बधाई दी। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष रामलखन मौर्य ने कहा कि व्यापारियों की एकजुटता से ही समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर कार्य करेगा। बैठक में उर्वरक की उपलब्धता, लाइसेंस संबंधी कठिनाइयों और बाजार में प्रतिस्पर्धा जैसे मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान नवीन सिंघल, बृज बिहारी, सुभाष चंद्रा, सुनील प्रजा. पति, संतोष मौर्या, श्याम बिहारी, कमलाकर सिंह, अवधेश मौर्य, गुर. विंदर सिंह, जीतेन्द्र सिंह राणा, आदि उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग ने घर में मारा छापा

**■ घर के अंदर अवैध रूप से बनाई जा रही शराब और सामान किया जब्त**



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड आबकारी आयुक्त के आदेश के अनुपालन में विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी टीम को सूचना मिली थी कि क्षेत्र-1 ग्राम छतरपुर डेरा के समीप घर के अंदर अवैध रूप से शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद आबकारी टीम ने तत्काल छापेमारी की और मौके से अवैध शराब निर्माण का पूरा नेटवर्क उजागर कर दिया।

छापेमारी के दौरान टीम ने पाया कि घर के अंदर ही अवैध शराब तैयार करने की पूरी व्यवस्था बनाई गई थी, जहां शराब तैयार कर पैकिंग भी की जा रही थी। छतरपुर गांव के किनारे एक घर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान घर में लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब की कैन और अवैध शराब निर्माण करने का सामान बरामद किया। अभियुक्त हरपाल सिंह पुत्र मोहन सिंह ग्राम छतररपुर डेरा का रहने वाला है। अभियुक्त के विरुद्ध उत्तराखण्ड आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। इस कार्यवाही में आबकारी निरीक्षक सोनू सिंह, आबकारी स्टाफ एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

# नानकमत्ता कोतवाली का संजय पाठक ने सभाला चार्ज

**■ क्षेत्र में नशे पर प्रतिबंध लगाना एवं पीड़ित को कोतवाली स्तर पर न्याय देना बताई पहली प्राथमिकता**



शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता ।** क्षेत्र को नशा मुक्त बनाना मेरी पहली प्राथमिकता हैं, नशा व नशा कारोबार करने वालों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

गुरुवार को कोतवाली नानकमत्ता का प्रभार संभालने के बाद यहां पत्रकारों से रुबरु होते हुए नव नियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक ने कहा कि कोतवाली क्षेत्र में नशा कारोबारियो को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा नशा कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करना उनकी पहली प्राथमिकता है, इसके लिए उन्हें जन सहयोग एवं पत्रकारों के सहयोग की भी आवश्यकता है, ताकि कोतवाली क्षेत्र को नशा मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नगर में मोटरसाइकिल से पटाखा बजाने वालों के विरुद्ध भी पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी। नव नियुक्त कोतवाली निरीक्षक संजय पाठक ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे जनपद में कई कोतवालियों में प्रभारी निरीक्षक के पद पर रहने के साथ ही जनपद उधमसिंहनगर में एसओजी के प्रभारी भी रहे हैं। उन्होंने कहा कोतवाली क्षेत्र में होने वाली छोटी बड़ी घटनाओं की सूचना पुलिस को देकर पुलिस का सहयोग करें।

**संबंध विच्छेद**

मेरे पुत्र व पुत्र वधुऐं मुर्सलीन कुरैशी उसकी पत्नी फरजाना, वसीम उसकी पत्नी तबस्सुम, मुशताकीम उसकी पत्नी परवीन गलत संगत में पड़ गए हैं तथा मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के साथ गलत व्यवहार एवं मारपीट करते है। उनसे तंग आकर मैंने अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर तीनों पुत्रों एवं पुत्र वधुओं से संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में मेरे पुत्रों एवं पुत्रवधूओं के किसी भी प्रकार के लेनदेन क्रियाकलाप से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी वास्ता सरकार नहीं होगा।

**मशकूर अहमद पुत्र करीमुल्ला**
**नि.- वार्ड नंबर 15 कुरैशी मोहल्ला**
**किच्छा, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट जिसकी जारी तिथि 23/12/2009 तथा समाप्ति तिथि 22/12/2019 है जिसमें मेरा नाम कुंवर सिंह पुत्र घिसा राम, तथा पत्नी का नाम कमलेश देवी व पिता का नाम घिसा राम अंकित हो गया है। जबकि सरकारी कागजों में मेरा शुद्ध नाम कुंवर सिंह यादव, KUNWAR SINGH YADAV पुत्र घिसा राम यादव GHISARAM YADAV तथा पत्नी का नाम कमलेश यादव KAMLESH YADAV है। वर्तमान में हमें शुद्ध नाम से ही लिखा, पढ़ा, जाना जाये।

**कुंवर सिंह यादव पुत्र घिसा राम यादव**
**नि. गुरुद्वारा रोड,आरा मशीन के पास वार्ड नं. 05- नानकमत्ता, उप. तह. नानकमत्ता**
**( उधमसिंहनगर )**

# चम्पावत में सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में फूंका मुख्यमंत्री का पुतला



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** चम्पावत में एक किशोरी के साथ हुए जघन्य सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रामनगर के लखनपुर चुंगी पर प्रदेश की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए।युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि चम्पावत की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घृणित अपराध में भाजपा के एक मंडल उपाध्यक्ष की संलिप्तता सामने आई है, जो सत्ताधारी दल के असली चेहरे को उजागर करता है। विकास कुमार ने मांग की है कि

आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर दोषियों को जल्द से जल्द सख्त सजा दी जाए।इसके अलावा घ्पीड़ित परिवार को उचित सुरक्षा और न्याय प्रदान किया जाए। भाजपा सरकार पर साधा निशाना साधते हुए युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उत्तराखंड जैसे शांत प्रदेश में बेटियों के साथ बढ़ती हिंसा की घटनाएं चिंताजनक हैं। उन्होंने आरा. ेप लगाया कि जब सत्ता पक्ष के पदाधिकारी ही अपराधों में संलिप्त होंगे, तो प्रदेश की बहन-बेटियां खुद को सुरक्षित कैसे महसूस करेंगी। इस दौरान सुमित लोहनी,अमित कुमार, अब्दुल रहमान, चेतन पंत, युवा आरिश सिद्दीकी, ललित जोशी, सोनू करीम, समीर हसनी, मुबाशिर अलम, दीपक रावत, पीयूष रावत, शंभू, मनीष कुमार, शिवम बिष्ट आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, उधम सिंह नगर**

पत्रांक-74/नामा०सूचना/2026-27 दिनांक-6/5/2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-क्रमांक 409 पर श्रीमती पार्वती देवी पत्नी रामचन्द का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 195 रू. वार्षिक है। उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री पवन कुमार खुराना पुत्र स्व. रामचन्द्र खुराना निवासी वार्ड नं. 01. गदरपुर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुस नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भी अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा। **अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, उधम सिंह नगर**

पत्रांक-65/नामा०सूचना/2026-27 दिनांक-2/5/2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं०-07 क्रमांक 328 पर श्री विजय खेड़ा पुत्र स्व. सतनाम दास का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 200 रू० वार्षिक है एवं वार्ड नं0-07 क्रमांक 208 पर श्री विजय खेड़ा पुत्र स्व. सतनाम दास का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 226 रू० वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री विशाल भटेजा पुत्र श्री विनोद भटेजा निवासी वार्ड नं. 06 श्रीराम डेयरी वाली गली गदरपुर के जरिये अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा। **अधिशासी अधिकारी**

# नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म से फूटा कांग्रेसियों का गुस्सा

- प्रदेश सरकार व सीएम का किया पुतला दहन
- जघन्य घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** चंपावत की नाबालिक बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में आक्रोशित महिला कांग्रेस, एनएसयूआई तथा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने खटीमा मुख्य चौक पर प्रदेश सरकार का पुतला दहन कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश सिंह राठौर ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार आई है तब से महिलाओं के साथ अत्याचार और उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़े हैं। उन्होंने चंपावत में नाबालिक बच्ची के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म मामले की घोर निंदा करते हुए कहा कि नाबालिक बच्ची को कमरे में बंद करके गैंगरेप किया है, जिसको लेकर कांग्रेसी सहित आम जनता में भी भारी आक्रोश है। राठौर ने कहा कि एक और भाजपा नारी सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा की बात करती है वहीं दूसरी ओर भाजपा से जुड़े लोग ही लगातार महिला अपराधों में सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक इस गंभीर घटना पर मुख्यमंत्री का कोई बयान सामने नहीं आया है जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज खटीमा मुख्य चौक पर तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री धामी का पुतला दहन कर सरकार को चेताया गया है कि महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार और उत्पीड़न को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इस जघन्य घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है तो हम खटीमा में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेखा सोनकर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, सतपाल राणा, पूर्व यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्य, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस नीरज कन्याल, नासिर खान, जरीफ, सुरेंद्र सिंह, राम अवतार, मनोज कोहली, सुरेंद्र राणा, मोहम्मद ताहिर, नगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस गुफरान,रेहान अंसारी, इमरान खान तथा अनिरुद्ध सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गांव के चौराहे पर खड़े युवक पर झोके दो राउंड फायर, बाल-बाल बचा

- युवक के भाई ने कोतवाली पुलिस को सौंपी घटना की तहरीर
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ को हिरासत में लिया है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** कोतवाली क्षेत्र के अंर्तगत आने वाले गांव के चौराहे पर खड़े युवक के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट करते हुए नाजायज तमंचे से उस पर फायर कर दिया जिससे युवक बाल बाल बच गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगों को मौके से अपनी हिरासत में लिया है।

बता दे कि गुरुवार को ग्राम टुकड़ी निवासी गुरमेज सिंह ने पुलिस को चार लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर बताया हैं की की उसका भाई सुवेग सिंह जोकि पहाडी चौराहा टुकड़ी में खड़ा था की तभी वहां चार लोग जिनमें दो के पास नाजायज तमंचा तथा लाठी डण्डे थे । आरोप हैं आरोपियो ने उसके भाई के साथ गाली गलौच की जिनमें से दो लोगों ने भाई के उपर नाजायज तमंचे से फायर कर दिया जिससे उसका भाई बाल बाल बच गया। उसका भाई अपनी जान बचाकर गांव के एक व्यक्ति के घर छिपा तो आरोपी वहां भी पहुंच गये, जहां आरोपियो ने बीच बचाव करने पर उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट की है। घटना की सूचना 112 नम्बर पर पुलिस को मिलते ही पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं इस घटना में फौज से छुट्टी लेकर आया एक व्यक्ति भी शामिल बताया जा रहा है। इधर पुलिस मामले की जांच कर पूछताछ कर रही है।

## एक नजर

### आज शहर में नहीं, गांवों में होगी गैस वितरण व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि आज दिनांक 8 मई 2026 को पिथौरागढ़ शहर में गैस वितरण नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर गैस वितरण वाहनों को सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में भेजा जाएगा, जहां स्थानीय स्तर पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए वहां भी सुचारू एवं समयबद्ध गैस वितरण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इस व्यवस्था से ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को उनके नजदीक ही गैस प्राप्त होगी तथा उन्हें शहर में आकर भीड़ एवं लंबी कतारों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### टनकपुर में टैक्सी चालकों से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

सरे बाजार मची अफरा-तफरी, पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत किया मुकदमा दर्ज टैक्सी चालकों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटने का लगा आरोप

**टनकपुर ( चम्पावत )।** बुधवार शाम टनकपुर के मुख्य बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब एक होटल व्यापारी, उसके पुत्रों और साथियों द्वारा कथित रूप से टैक्सी चालकों पर सरेआम हमला कर दिया गया। बीच बाजार हुई इस मारपीट से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया।

घटना में 23 वर्षीय राहुल सक्सेना पुत्र राजेश सक्सेना निवासी वार्ड नंबर-03 टनकपुर, 38 वर्षीय चरन पुत्र धूम सिंह निवासी खटीमा, 33 वर्षीय दीपक पुत्र जगदीश निवासी नई बस्ती टनकपुर तथा बोरागोठ निवासी संजू गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को आनन-फानन में उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉ. मो. उमर और उनकी टीम द्वारा उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही टैक्सी यूनियन में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। यूनियन अध्यक्ष मदन कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों टैक्सी चालक और वाहन स्वामी सड़क पर उतर आए। गुस्साए चालकों ने बाजार में जोरदार प्रदर्शन करते हुए तत्काल प्रभाव से टैक्सी संचालन पूरी तरह बंद कर दिया।

टैक्सी सेवा ठप होते ही मां पूर्णागिरि धाम आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की मुश्किलें बढ़ गईं। यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कई लोग वैकल्पिक साधनों की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आए। पूर्णागिरि मेले के दौरान अचानक यातायात व्यवस्था चरमराने से पूरे शहर में अव्यवस्था का माहौल बन गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी होटल व्यापारी और उसके एक पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल चेतन रावत ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मारपीट के मामले में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# डायनेस्टी के छात्र सचिन का अंडर 19 जिला क्रिकेट टीम में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी के प्रतिभाशाली छात्र सचिन सकलानी का अंडर-19 जिला क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। यह उपलब्धि छात्र की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में दिनांक 22 अप्रैल 2026 को एमेनिटी स्टेडियम रुद्रपुर में अंदर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट टीम का ट्रायल कराया गया। सचिन आगामी 8 मई को रुड़की के लिए प्रस्थान करेंगे। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी के सानिध्य में जिला स्तरीय टीम का चयन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सचिन की यह सफलता उसके समर्पण, कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच का प्रतिफल है। विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट ने कहा कि हमें विश्वास है सचिन भविष्य में और भी बड़े मुकाम हासिल कर विद्यालय, क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, मनीष चंद, विक्टर आईवन, भरत बिष्ट, परविंदर खाती, नरेश अहिरवार, मनीषा कुंवर ने शुभकामनाएं दीं।

# उप डाकघर का 30 अप्रैल से सर्वर खराब, लेनदेन ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उप डाकघर खटीमा के खराब सर्वर से डाकघर का कार्य एक सप्ताह से प्रभावित चल रहा है। डाकघर से लेनदेन करने वाले सैकड़ों लोग लोग पिछले एक सप्ताह से परेशान हैं। डाकघर का सर्वर गत माह 30 अप्रैल से खराब चल रहा है। फिलहाल उप डाकघर के कर्मचारी निजी मोबाइलों से मेल आदि से वमुश्किल काम चला रहे हैं।

सुबह से देर शाम तक चलने वाले उप डाकघर में इन दोनों सन्नाटा पसरा है। सर्वर की खराबी से पोस्टमास्टर जनरल देहरादून को अवगत कराया जा चुका है। उप डाकघर की कनेक्टिविटी वाला सर्वर 30 अप्रैल से अचानक खराब हो गया। सर्वर की खराबी से डाकघर में लेनदेन एवं बैंकिंग सेवा बुरी तरह प्रभावित चल रही है। बैंकिंग व्यवस्था के साथ ही डाकघर में विभिन्न योजनाओं का कार्य ठप्प बताया जा रहा है। खाता धारक डाकघर से चेक बुक, आरडी, सेविंग, साअवधि योजना आदि बचत खातों में लेन-देन बंद चल रहा है। उप डाकघर के डाकपाल अशोक राणा ने बताया कि सर्वर की खराबी से विभागाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। फिलहाल डाकघर के कर्मचारी निजी मोबाइल से मेल आदि से संपर्क कर वमुश्किल कार्य चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्वर को पोस्ट मास्टर जर्नल देहरादून स्तर से ही ठीक किया जा सकता है।

### सिक्स सिग्मा में विदाई समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में डी.फार्मा और डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन पूरे हर्षोल्लास और भावुकता के साथ किया गया । खिलखिलाते चेहरों और आंखों में भविष्य के सपनों के साथ जूनियर छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर साथियों को विदाई दी ।




विदाई समारोह का विधिवत शुभारंभ संस्थान प्रमुख ललित सिंह बिष्ट, नर्सिंग प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी, सी.ए.ओ अनुभव बाठला और साहिल छाबड़ा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन, रोहित पडियार द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना द्वारा किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन जिया, प्रियांशु सरकार, नीरज भट्ट और गौरव ने किया । फार्मेसी के डी फार्मा विभाग के मिस्टर फेयरवेल सागर राय, मिस फेयरवेल गीतांजलि, इंजीनियरिंग विभाग के मिस्टर फेयरवेल अजय कुमार, मिस फेयरवेल मोनिका राना को दिया गया। यहां संस्थान प्रमुख ललित सिंह बिष्ट, संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, उपाध्यक्ष प्रीति ग्रोवर, मैनेजिंग डायरेक्टर सीए शिव अरोरा, डायरेक्टर सीमा अरोरा, वंश डाबर, शौर्य अरोरा, उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, कार्तिक हालदार, दीपिका देउपा सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे ।

# बच्चों को खिलाई गई अल्बेंडाजोल की दवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर यूपी जिला चिकित्सालय बाजपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा एक वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर की गई। इस दौरान बताया गया कि कृमि मुक्ति अभियान का उद्देश्य बच्चों को पेट में होने वाले कीड़ों से बचाना तथा उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। कार्यक्रम में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ब्रजवाला शर्मा, बाबू आशीष चौधरी, आशा कार्यकर्ता अर्चना शर्मा, शशिवाला, बलवती, निशा शर्मा, विमलेश सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# गोकशी मामले में तीन आरोपियों को पकड़ा

- वाहन, प्रतिबंधित गौमांस तथा औजार बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** कोतवाली गदरपुर पुलिस ने गौमांस के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन, प्रतिबंधित गौमांस तथा गौकशी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 05 मई 2026 को धीमरखेड़ा निवासी कुंवर सिंह पुत्र धन सिंह द्वारा कोतवाली गदरपुर में तहरीर दी गई थी। तहरीर में बताया गया कि गांव के लोगों को दानिश अली पुत्र मकसूद अली के निर्माणाधीन मकान में गौकशी किए जाने का संदेह हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा मामले के शीघ्र खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक गदरपुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 07 मई 2026 को सरोवर नगर तिराहे के पास कार्रवाई की। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन संख्या UK06CA5167 को रोककर तीन आरोपियों दानिश अली, मोहसिन उर्फ मोसिन तथा जलालउद्दीन को गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान एक चापड़, दो छुरियां एवं एक कील बरामद हुई। पुलिस के अनुसार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में आर्यन ने जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विश्व एथलेटिक्स दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इंटर-सीबीएसई स्कूल क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में हिंद पब्लिक स्कूल के प्रतिभावान छात्र आर्यन सक्सेना ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



आर्यन ने अंडर-18 बालक वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच यह उपलब्धि हासिल की। इस प्रतियोगिता में कुल 16 सीबीएसई स्कूलों के धावकों ने हिस्सा लिया। जिसमें आर्यन ने अपने प्रतिभा से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक नीरज कुमार ने आर्यन को बधाई दी। और उन्होंने कहा आर्यन की यह जीत उसकी कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। कोच रंजीत मेहरा, विद्यालय की प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, प्रधानाचार्या पूजा जोशी, नीमा कन्याल, उपासना बिष्ट , रेनू सिंह, रोली सक्सेना, पूजा पांडे, मनीषा उपाध्याय , रंजीत मेहरा, पुष्पा धामी, रजत भटनागर, विष्णु भाष्कर त्रिपाठी , टीडी पचोली, योगेश गुप्ता,राधिका पोखरिया, पूनम गुम्बर, पूजा गुलाटी, ममता बिष्ट, शशि कश्यप , दीपा नेगी, गीता जोशी आदि ने बधाई दी।

### चंपावत में गैंगरेप को लेकर भड़का आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** चंपावत में हुई नाबालिग के साथ गैंगरेप की घटना को लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश छा गया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में शि. वनगर स्थित चामुंडा मंदिर के समीप भाजपा सरकार का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला सम्मान को लेकर झूठा दावा करती है। पहले अंकिता भंडारी और अब चंपावत में हुई यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन दोनों ही घटनाओं में भाजपा के नेता शामिल रहे, लेकिन सरकार इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भाजपा सत्ता के नशे में चूर हो चुकी है और जिस प्रकार से चंपावत में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है उसको लेकर अब जनता जाग चुकी है और आने वाले समय में भाजपा को इसका करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को सरकार में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा की जो भाजपा महिला बिल को लेकर विपक्ष पर आरोप लगाती थी वह सरकार यदि महिलाओं की इतनी हितेषी है तो वह वर्तमान सीटों के आधार पर आरक्षण घोषित करें। इस दौरान परिमल राय , योगेश चौहान, संजीव गुप्ता, विकास बंसल, संजय ठुकराल, सतीश कुमार, सुशील मंडल पार्षद, शुभम दास पार्षद, प्रीति साना, उमा सरकार, पूर्व पार्षद मोहन भारद्वाज, मधु सिकदार, बेबी सिकदार, कमला देवी, विजय यादव, सुमित गुप्ता, राकेश अधिकारी, गोविंद, कन्हैया लाल, सोनू मल्लिक, पिंटू राय आदि मौजूद थे।

# बुक्सा जनजाति भूमि प्रकरण गरमाया

- पीड़ितों ने दी आत्मदाह की चेतावनी
- बुक्सा समाज के प्रति. निधिमण्डल ने एडीएम से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बुक्सा जनजाति की भूमि अन्य लोगों के नाम किए जाने के मामलों को लेकर क्षेत्र में एक बार फिर माहौल गरमा गया है। बुक्सा समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री राकेश सिंह एवं अधिवक्ता कृष्णा सिंह के नेतृत्व में एडीएम कौस्तुभ मिश्र से मुलाकात कर विभिन्न प्रकरणों को उनके समक्ष रखा।

प्रतिनिधिमण्डल ने आरोप लगाया कि धारा 229 बी.वि. एवं भू.सु.अधिनियम के तहत नियम विरुद्ध तरीके से बुक्सा समाज की भूमि अन्य व्यक्तियों के नाम दर्ज की गई है। उन्होंने समस्त मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। पीड़ितों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उन्हें जल्द न्याय नहीं मिला तो वह आत्मदाह जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे। मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम कौस्तुभ मिश्र ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वस्त किया कि सभी प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# शारदा नदी में खनन मात्रा बढ़ने से व्यापारियों के खिले चेहरे

- 1.63 लाख घनमीटर उप निज निकासी की मिली अनुमति
- मां शारदा खनन यूनियन ने धामी सरकार का जताया आभार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** शारदा नदी में उपखनिज निकासी की मात्रा बढ़ाए जाने के शासनादेश के बाद खनन कारोबार से जुड़े लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मां शारदा खनन शक्तिमान यूनियन सहित वाहन स्वामियों, श्रमिकों और कारोबारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के हजारों परिवारों के लिए राहत भरा फैसला बताया है।उत्तराखंड शासन द्वारा शारदा नदी में उपखनिज निकासी की अतिरिक्त अनुमति दिए जाने के बाद खनन क्षेत्र से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल है।

शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार शारदा नदी में स्वीकृत 3.35 लाख घनमीटर खनन मात्रा के सापेक्ष 51,326 घनमीटर अवशेष मात्रा तथा मौके पर उपलब्ध 1.12 लाख घनमीटर उपखनिज को जोड़ते हुए कुल 1.63 लाख घनमीटर उपखनिज निकासी की अनुमति प्रदान की गई है।

यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि खनन मात्रा बढ़ने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, परिवहन कार्य में तेजी आएगी और लंबे समय से प्रभावित आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने जमीनी परिस्थितियों को समझते हुए खनन से जुड़े श्रमिकों, वाहन स्वामियों और व्यापारियों के हित में सराहनीय निर्णय लिया है।

मां शारदा खनन शक्तिमान यूनियन अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सचिन संजय सिंह, महासचिव हसनैन राजा, कोषाध्यक्ष सैफ अली, वाहन स्वामी अशोक, मुरारी, जितेंद्र चंद, सतीश शर्मा, मदनलाल, नवीन जोशी, रियासत हुसैन, नसीब हुसैन, नदीम खान सहित खनन क्षेत्र से जुड़े तमाम लोगों ने मुख्यमंत्री धामी का आभार जताते हुए कहा कि सरकार के इस फैसले से मानसून सत्र से पहले खनन कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकेगा।

यूनियन पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सरकार खनन क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय लेती रहेगी, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और रोजगार दोनों को मजबूती मिल सके।

# बिजली खंभों पर लटकते केबल बने खतरा

- सभासदों ने विद्युत विभाग से की कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नगर पालिका परिषद टनकपुर के विभिन्न वार्डों में बिजली के खंभों पर अव्यवस्थित तरीके से लटक रहे डिश टीवी और इंटरनेट के केबल अब लोगों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बनते जा रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर वार्ड नंबर-10 के सभासद शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य सभासदों ने विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी मयंक भट्ट को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

सभासदों ने कहा कि नगर के लगभग सभी वार्डों में बिजली के खंभों पर केबल तारों का जाल फैला हुआ है। कई स्थानों पर ये तार नीचे तक लटक रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। ज्ञापन में बताया गया कि बरसात और तेज हवा के दौरान ये केबल बिजली लाइनों से टकराकर शॉर्ट सर्किट का कारण बन सकते हैं, जिससे जन-धन की हानि की संभावना बढ़ जाती है। वहीं तंग गलियों में नीचे लटके तार राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी परेशानी खड़ी कर रहे हैं।

सभासदों ने यह भी कहा कि कई खंभों पर केबल तारों के बड़े-बड़े गुच्छे बने हुए हैं, जिससे करंट फैलने का खतरा बना रहता है। विशेषकर बरसात के मौसम में पशुओं और आम लोगों के लिए यह स्थिति बेहद जोखिमपूर्ण हो सकती है।

ज्ञापन में नगर की सुंदरता प्रभावित होने और विद्युत विभाग के कर्मचारियों को मरम्मत कार्य के दौरान होने वाली कठिनाइयों का भी उल्लेख किया गया है। सभासदों ने मांग की कि संबंधित कंपनियों और ऑपरेटरों को अव्यवस्थित व अवैध रूप से डाले गए तार हटाने अथवा व्यवस्थित करने के निर्देश दिए जाएं। इस दौरान वार्ड नंबर-10 के सभासद शैलेन्द्र सिंह, वार्ड नंबर-2 के सभासद हसीब अहमद तथा वार्ड नंबर-5 की सभासद वर्षा शर्मा सहित अन्य सभासद शामिल रहे।

# सेमलपुरी भूमि विवाद में जांच समिति के समक्ष पहुंचे अतुल पाण्डेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सेमलपुरी स्थित बुक्सा जनजाति भूमि प्रकरण की जांच के लिए गठित समिति के समक्ष बुधवार को गदरपुर विधायक अरविन्द पाण्डेय के सुपुत्र अतुल पाण्डेय अपना पक्ष रखने पहुंचे।

जानकारी के अनुसार अतुल पाण्डेय द्वारा प्रकरण से जुड़े विभिन्न दस्तावेज एवं तथ्य जांच समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए। समिति मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है तथा संबंधित पक्षों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बुक्सा जनजाति भूमि प्रकरण को लेकर क्षेत्र में लगातार चर्चाएं बनी हुई हैं।

जांच समिति द्वारा निष्पक्ष तरीके से सभी तथ्यों का परीक्षण किया जा रहा है, ताकि मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। इसी क्रम में अतुल पाण्डेय ने समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए।

# एसओटीएफ कुमायूं की बड़ी कार्रवाई

- 16.560 किलो डोडा, एक देशी तमंचा व 10 जिंदा कारतूस के साथ एक दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के "ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड" के विजन को साकार करने की दिशा में पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड दीपम सेठ के मार्गदर्शन एवं पुलिस महानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल के कुशल निर्देशन में कुमायूं पुलिस द्वारा अपराध एवं नशे के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज गुरुवार को कुमायूं परिक्षेत्र में गठित एसओटीएफ एवं थाना पुलभट्टा, जनपद ऊधमसिंहनगर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से प्रभावी कार्यवाही की गई। वाहन चेकिंग के दौरान थाना पुलभट्टा क्षेत्रान्तर्गत सिरौली कला के पास एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उससे 16.560 किलोग्राम डोडा, 01 देशी तमंचा 315 बोर के 10 जिंदा कारतूस 01 मोटरसाइकिल (बुलेट) बरामद हुई। युवक ने अपना नाम आकिब पुत्र मुख्तायर अहमद निवासी वार्ड नम्बर 06, सिरौली कला, किच्छा, जनपद ऊधमसिंहनगर बताया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना पुलभट्टा में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने नाबालिग पुत्र सैफ को गलत आचरण, गलत व्यवहार व मेरी व मेरी पत्नी की मर्जी एवं इजाजत के बिना मेरे नाबालिग पुत्र सैफ ने किसी लड़की से निकाह कर लिया है, जिससे क्षुब्ध होकर मैंने परिवार समेत संबंध विच्छेद कर अपनी चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र व पुत्रवधू के किसी भी प्रकार के लेनदेन, क्रियाकलाप से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होंगें।

इकबाल पुत्र नबी अहमद
निवासी-वार्ड नंबर 19 सिरौली कला
किच्छा उधम सिंह नगर ( उत्तराखंड )

### आवासीय भवनों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनें बनीं खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

चार वर्षीय बच्ची झुलसी

**बाजपुर।** ग्राम धंसारा में आवासीय भवनों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइनें ग्रामीणों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। हाल ही में शाबरी मोहल्ले में हुई एक दर्दनाक घटना ने बिजली विभाग की लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर कर दिया।



जानकारी के अनुसार, मोहल्ले में अपने घर की छत पर खेल रही चार वर्षीय मासूम बालिका अलिजा हाईटेंशन तारों के बेहद करीब पहुंच गई। इसी दौरान वह इलेक्ट्रिक आर्क की चपेट में आ गई। करंट का प्रभाव इतना तेज था कि बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। हालांकि गनीमत रही कि समय रहते उपचार मिलने से उसकी जान बच गई। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर हाईटेंशन विद्युत लाइनें मकानों और छतों के अत्यंत नजदीक तथा बेहद कम ऊंचाई पर गुजर रही हैं, जिससे लगातार हादसे का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जल्द हाईटेंशन लाइनों को शिफ्ट करने तथा सुरक्षा मानकों के अनुसार व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# टैगोर का साहित्य भारतीय आत्मा की सार्वभौमिक अभिव्यक्ति

## टैगोर टॉप रामगढ़ में श्रद्धापूर्वक मनाई विश्वकवि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** शांति निकेतन ट्रस्ट फॉर हिमालय के तत्वावधान में बीरवार को नैनीताल जिले के रामगढ़ स्थित ऐतिहासिक टैगोर टॉप में विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती रवींद्र जन्मोत्सव के रूप में अत्यंत श्रद्धा, गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। हिमालय की सुरमय वादियों के बीच आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति तथा शिक्षा और भारतीय चिंतन से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सुप्रसिद्ध वेदपाठी श्री कृष्णानंद शास्त्री के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य यजमान प्रो. अतुल जोशी, देवेंद्र ढैला, हेमंत डालाकोटी, डा. एसडी तिवारी, डा. सुरेश डालाकोटी, केके पांडेय एवं देवेंद्र बिष्ट ने विधिवत पूजा अर्चना एवं हवन संपन्न कर गुरुदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की।



इसके उपरांत विश्व मानवता, प्रकृति और भारतीय चेतना के अमर गायक गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर विषय पर एक विचारगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का शुभारंभ उत्तराखंड सरकार में राज्य मंत्री एवं शांतिनिकेतन ट्रस्ट फॉर हिमालय के ट्रस्टी नवीन वर्मा द्वारा गुरुदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। वर्मा ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर केवल एक महान कवि ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, शिक्षा व प्रकृति प्रेम और विश्वबंधुत्व के अद्वितीय संवाहक थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में टैगोर के विचार मानवता को जोड़ने, प्रकृति के संरक्षण तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं। ट्रस्ट के सचिव प्रो. अतुल जोशी ने कहा कि रामगढ़ की यह भूमि गुरुदेव की साधना और सृजन की साक्षी रही है। हिमालय की शांत वादियों में रहकर गुरुदेव ने प्रकृति और मानव चेतना को जिस संवेदनशीलता से अपनी रचनाओं में अभिव्यक्त किया वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि टैगोर का साहित्य भारतीय आत्मा की सार्वभौमिक अभिव्यक्ति है। इस अवसर पर नई दिल्ली से पधारी डा. नीलम वर्मा द्वारा रवींद्र संगीत पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर गुरूदेव को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। विचारगोष्ठी के अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र ढैला ने सभी अतिथियों, विद्वानों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुदेव का जीवन भारतीय संस्कृति, ज्ञान, करुणा और सृजनशीलता का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शांतिनिकेतन ट्रस्ट फॉर हिमालय भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक एवं वैचारिक आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय चिंतन से जोडने का कार्य करता रहेगा। संचालन देवेंद्र बिष्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत ट्रस्ट के प्रन्यासीयों की वार्षिक बैठक का भी आयोजन किया गया जिसमें यह निर्णय लिया गया कि गुरूदेव की कर्मभूमि रामगढ़ में प्रस्तावित विश्वभरती केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेटलाइट परिसर के निर्माण की यथाशीघ्र स्वीकृति हेतु प्रन्यासियों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री डा. धर्मेंद्र प्रधान से मिल कर उनसे परिसर निर्माण हेतु आग्रह करेगा। इस अवसर पर डा. एसडी तिवारी, डा. सुरेश डालाकोटी, केके पांडे, प्रभात मठपाल, हेमंत डालाकोटी, मोहन बोरा, डा. विनोद जोशी, डा. जीवन उपाध्याय, डा. अशोक उप्रेती, गिरीश चंद्र डालाकोटी, उपेंद्र ढैला सहित अनेक शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी व साहित्यप्रेमी एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में ट्रस्ट के सचिव प्रो. अतुल जोशी ने सभी का विशेष आभार जताया।

### हाईकोर्ट ने दी निजी कालेजों में प्रवेश पाने वाले आयुष छात्रों को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने वर्ष 2019-20 के शैक्षणिक सत्र में निजी कालेजों में प्रवेश पाने वाले आयुष छात्रों को राहत देते हुए उनके परीक्षा परिणाम घोषित करने तथा बैक पेपर परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति दे दी है। अदालत ने यह राहत उन छात्रों को दी है जिनके प्रवेश 15 अक्टूबर 2019 या उससे पहले हुए थे और जिन्हें अंतरिम न्यायालयीन आदेशों का संरक्षण प्राप्त था। यह आदेश वीरवार को मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने पारित किया। अदालत विभिन्न निजी आयुष कालेजों और छात्रों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें नीट काउंसिलिंग प्रक्रिया से बाहर किए गए प्रवेशों की वैधता को चुनौती दी गई थी। याचिकाओं में यह सवाल उठाया गया था कि क्या वर्ष 2019-20 में निजी कालेजों द्वारा स्नातक आयुष पाठ्यक्रमों में नीट आधारित काउंसिलिंग प्रक्रिया का पालन किए बिना दिए गए प्रवेशों को नियमित किया जा सकता है तथा कया अंतरिम न्यायालयीन आदेशों के आधार पर अस्थायी पंजीकरण प्राप्त करने वाले छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए परीक्षाओं में शामिल हो सकते हैं। सुनवाई के दौरान अदालत ने विभिन्न कालेजों द्वारा केंद्र सरकार की 3 जनवरी 2019 की अधिसूचना को चुनौती देने संबंधी दलीलों पर विचार किया। इस अधिसूचना में आयुष पाठ्यक्रमों में प्रवेश केवल नीट की मैरिट सूची के आधार पर किए जाने को अनिवार्य किया गया था। इसके बावजूद कई कालेजों ने केंद्रीकृत काउंसिलिंग प्रक्रिया को दरकिनार कर स्वतंत्र रूप से छात्रों को प्रवेश दे दिया था। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि संशोधित नियमों और नीट आधारित काउंसिलिंग को अनिवार्य बनाने वाली केंद्र सरकार की अधिसूचना को चुनौती टिकाऊ नहीं है हालांकि अदालत ने उन छात्रों को सीमित राहत प्रदान की जिन्हें अंतरिम आदेशों का संरक्षण प्राप्त था।

## एक नजर

### भाजपा के नारी शक्ति वंदन के वादे झूठे: खष्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि नारी शक्ति का वंदन करने वाली सरकार महिलाओं के प्रति कितनी संवेदनशील है ये तो अब प्रदेश में जबरदस्त उपहास का विषय बनता जा रहा है। महिलाओं की सुरक्षा में कि ल भाजपा सरकार किस मुंह से महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने की बात करती है और मुख्य धारा में लाने की बात करती हैं। बिष्ट ने कहा कि कुमाऊं मंडल के चंपावत में भाजपा नेता और उनके साथियों ने एक गरीब नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म कर पूरे प्रदेश को एक बार फिर शर्मसार किया है। चंपावत में चौथी घटना है जो नाबालिग बच्चियों के साथ इस तरह की घिनौनी हरकत हुई है। बिष्ट ने कहा कि इस सरकार के और भी मंत्री पहले से ही महिलाओं के प्रति असंवेदनशील रहे हैं फिर भी वे संसद, विधानसभाओं में आम जानता को छलने के लिए महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं।

### डीएसबी के शिक्षक जलाल को मातृ शोक

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष तथा इतिहास विभाग के प्राध्यापक डा. हरदयाल सिंह जलाल की माताजी उर्मिला जलाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके निधन पर कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने दुख जाहिर किया है।

### डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग एंड बजट मैनेजमेंट पोर्टल लॉन्च

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में विकास कार्यों की पारदर्शिता, दक्षता और प्रभावी मॉनिटरिंग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नैनीताल डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग एंड बजट मैनेजमेंट पोर्टल विकसित किया गया है। बता दें यह पोर्टल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की डिजिटल गवर्नेंस और पारदर्शी प्रशासन की सोच को साकार करने की दिशा में एक अभिनव पहल है। जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल के निर्देशन में तैयार इस पोर्टल का मकसद जनपद स्तर पर संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की योजना निर्माण, बजट आवंटन, व्यय की निगरानी एवं प्रगति की रियल टाइम ट्रैकिंग को एकीकृत प्लेटफार्म पर मुहैया कराना है। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता के साथ ही समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। इस पोर्टल के माध्यम से विभागवार योजनाओं का डिजिटल रिकॉर्ड, बजट की उपलबधता, व्यय की स्थिति एवं कार्यों की प्रगति को एक ही स्थान पर आसानी से देखा और विश्लेषित किया जा सकेगा साथ ही यह पोर्टल अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से योजनाओं की मॉनिटरिंग में तेजी आएगीए अनावश्यक देरी पर नियंत्रण होगा और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### पालिकाध्यक्ष ने बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल

**नैनीताल।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत गुरुवार को जिलेभर के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने किया। सीएमओ डा. हरीश चंद्र पंत के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले में 3 लाख 89 हजार 860 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। विशेषज्ञों ने कहा कि एल्बेंडाजोल बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाने में मदद करती है और यह पूरी तरह सुरक्षित दवा है। एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन सिंह मेहरा ने बताया कि जो बच्चे दवा लेने से छूट जाएंगे, उन्हें 14 मई को मॉप-अप दिवस पर दवा दी जाएगी।

### याचिकाकर्ता पर 50 हजार रुपए का लगाया जुर्माना

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वीएसएम कालेज रुड़की में हुई वित्तीय अनियमिताओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ता पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार बीएसएम कालेज की सेवानिवृत प्रोफेसर अनिता शर्मा ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि कालेज के हित और छात्रों के भविष्य को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही थी लेकिन स्वीकृत योजनाओं लाभ छात्रों को नही मिल पा रहा है, जब से वे सेवानिवृत हुई हैं तब से अब तक कालेज द्वारा करीब पैंतीस लाख का घपला कर दिया है इसलिए घपले की जांच कराई जाय किंतु कोर्ट ने याचिका को आधार हीन मानते हुए याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाया। जुर्माने की राशि हाईकोर्ट के लीगल हेड में जमा करनी होगी।

### जिला अस्पताल में फिर शुरू हुए सीटी स्कैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में पिछले कुछ समय से बंद पड़ी सीटी स्कैन सुविधा आखिरकार दोबारा शुरू हो गई है। हल्द्वानी बेस अस्पताल से तकनीशियन की व्यवस्था होने के बाद बीरवार से मरीजों की जांच शुरू कर दी गई जिससे स्थानीय लोगों और मरीजों ने राहत की सांस ली है। जिला अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि फिलहाल ओपीडी समय में सीटी स्कैन की सुविधा शुरू कर दी गई है साथ ही शासन स्तर पर स्थायी तकनीशियन की मांग भी भेजी गई है। सीटी स्कैन सेवा दोबारा शुरू होने से बड़ी राहत मिली है और अब गंभीर मरीजों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### कांकड को निगल गया अजगर, आवासीय इलाके में मची दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समीप बल्दियाखान क्षेत्र में वीरवार को उस समय दहशत फैल गई जब एक विशाल अजगर को कांकड़ का



शिकार करते देखा गया। आवासीय इलाके के करीब अजगर द्वारा कांकड़ को निगलने की घटना से ग्रामीण सहम गए। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। जानकारी के अनुसार बीरवार सुबह बल्दियाखान क्षेत्र के ग्रामीणों ने एक बड़े लगभग 12 फीट के अजगर को कांकड़ निगलते हुए देखा। देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में फैल गई और लोगों में भय का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने अजगर की तस्वीरें लेकर वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक अजगर कांकड़ को पूरी तरह निगल चुका था। नैनीताल वन प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया कि विभाग की टीम लगातार मौके पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि अजगर आवासीय क्षेत्र से करीब 500 मीटर दूर है और इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि न तो लोगों को कोई नुकसान पहुंचे और न ही अजगर को किसी तरह की हानि हो। वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और अजगर के करीब न जाने की अपील की है।

# कप्तान ने किया बेतालघाट थाने का वार्षिक निरीक्षण

## कई जवानों को किया सम्मानित, दिए जरूरी निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बुधवार को थाना बेतालघाट का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत सलामी गार्द से हुई, जिसमें पुलिस कर्मियों का टर्नआउट उत्कृष्ट पाए जाने पर गार्द को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एसएसपी ने थाना परिसर, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय और साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही अपराध रजिस्टर, लंबित विवेचनाएं, हिस्ट्रीशीटर और बीट सूचना रजिस्टर का अवलोकन कर अभिलेख अद्यतन रखने के निर्देश दिए। थाना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और कनेक्टिविटी की समीक्षा करते हुए संवेदनशील स्थानों पर निगरानी और मजबूत करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को



शस्त्र खोलने और जोड़ने का अभ्यास भी कराया गया, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने पर हेड मोहर्रिर शेर सिंह और कांस्टेबल दीपक सिंह को नगद पुरस्कार दिया गया। एसएसपी ने शस्त्र संचालन में कमजोर कर्मचारियों के लिए पुलिस लाइन में तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस कर्मियों को जनता से विनम्र व्यवहार, त्वरित रिस्पॉन्स और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए महिलाओं से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा गया। इसके अलावा निर्माणाधीन थाना भवन का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की जानकारी ली गई। निरीक्षण के बाद कर्मचारी सम्मेलन आयोजित कर पुलिस कर्मियों की समस्याएं भी सुनी गईं।

# नैनीताल के टैक्सी कारोबारियों को पास जारी करने की मांग

## विवाद के बाद पालिकाध्यक्ष से वार्ता करने पहुंचे टैक्सी संचालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में टैक्सी वाहनों के प्रवेश और पास व्यवस्था को लेकर छिड़ा विवाद वीरवार को दूसरे दिन भी चर्चा का केंद्र बना रहा। लेक ब्रिज चुंगी पर हुए हंगामे के बाद वीरवार को टैक्सी संचालकों ने पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल से मुलाकात कर स्थानीय टैक्सी वाहनों को पास जारी करने की मांग उठाई। कारोबारियों ने पालिका पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए 2017 के बाद पंजीकृत कुछ वाहनों को पास जारी किए जाने का मामला भी उठाया।

बता दें बुधवार की देर शाम पालिकाध्यक्ष और टैक्सी कारोबारियों के बीच विवाद के बाद बीरवार को मल्लीताल टैक्सी यूनियन अध्यक्ष दीपक मटियाली तथा तल्लीताल



एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश जोशी समेत दीवान सिंह रौतेला, प्रवीण बिष्ट, चंदन राम व कुंदन रौतेला समेत कई टैक्सी संचालक पालिका कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि टीबी नंबर वाले टैक्सी वाहनों के पास रोके जाने से स्थानीय स्थायी निवासी भी शहर में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं जिससे रोजगार और आवागमन दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

टैक्सी संचालकों ने मांग की कि स्थानीय निवासियों के वाहनों को राहत देते हुए पास जारी किए जाएं। इस पर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि मामला फिलहाल हाईकोर्ट में विचाराधीन है और 12 मई को सुनवाई प्रस्तावित है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पालिका कोर्ट में टैक्सी संचालकों का पक्ष मजबूती से रखेगी साथ ही कहा कि यदि कोर्ट से कोई सकारात्मक समाधान नहीं निकलता है तो पालिका स्तर पर बैठक कर स्थानीय लोगों को राहत देने के विकल्प तलाशे जाएंगे।

### 2017 के बाद पंजीकृत वाहनों को भी मिल गए पास, पालिका पर उठे सवाल

**नैनीताल।** टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों ने पालिका प्रशासन पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि एक ओर 2017 के बाद पंजीकृत वाहनों के पास रोके जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर कुछ वाहनों को पास जारी भी किए गए हैं। यूनियन ने ऐसे वाहनों की सूची पालिकाध्यक्ष को सौंपते हुए जांच की मांग की। इस पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी स्तर पर अनियमितता हुई है तो उसकी जांच कराई जाएगी।

# चंपावत कांड के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** चंपावत में नाबालिग किशोरी के साथ हुई गलत हरकत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। बीरवार को मल्लीताल स्थित पंत पार्क में कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। बता दें नगर कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष सचिन नेगी के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है और महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते



हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शन में नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, सभासद जीनू पांडे, सभासद अंकित चंद्र, विधानसभा अध्यक्ष शिवम बजाज, मुन्नी तिवारी, मंजू बिष्ट तथा पीके शर्मा व जेके शर्मा, राहुल देव, नफीस, कैलाश,कुणाल, सक्षम, इमरान, नितिन जाटव, चीमा, नमन, मनीष बिष्ट, रमेश बिष्ट,सचिन कुमार, सिदार्थ टंडन, राहुल कुमार, सुनील मेहरा, सूरज पांडे, रवींद्र राठौर, देवकी, गीता मंडल, लता तरुण, त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, भुवन बिष्ट, राजेंद्र व्यास, संजय कुमार, मनोज ममगाई आदि कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

# स्मैक तस्कर को पांच वर्ष का कठोर कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एकक्ट) संजीव कुमार की अदालत ने स्मैक तस्करी के मामले में अभियुक्त रजा हुसैन निवासी बहेड़ी को दोषी पाते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालय ने अभियुक्त पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है जिसे अदा न करने पर उसे पांच माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। यह मामला वर्ष 2019 का है जब थाना हल्द्वानी पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 104.64 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की थी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने अभियुक्त के युवा होने और प्रथम अपराध का हवाला देते हुए कम सजा की मांग की थी। किंतु अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) पूजा साह ने तर्क दिया कि बरामद मात्रा न्यूनतम से काफी अधिक है और स्मैक जैसे पदार्थ युवाओं को शारीरिक रूप से कमजोर कर समाज को नुकसान पहुंचाते हैं। अदालत ने अपराध की गंभीरता और समाज विरोधी प्रकृति को देखते हुए अभियुक्त को दोषी करार दिया और पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि को उसकी कुल सजा में समायोजित करने का आदेश दिया।

# कैबिनेट मंत्री कैड़ा का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा के शिविर कार्यालय में अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों/सदस्यों ने कुमाऊँ मण्डल अध्यक्ष सुनील चौधरी तथा कुमाऊँ मण्डल कानून सलाहकार राहुल पुजारी के नेतृत्व में मंत्री कैड़ा को पुष्प गुच्छ भेंटकर व माला पहनाकर मंत्रालय में पदभार ग्रहण करने कि बधाइयां दी व साथ ही पर्यावरण मित्रों से जुड़ी समस्याओं से सबंधित ज्ञापन भी सौपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से उत्तराखंड की भोगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप ढांचे मे संसोधन कर कर्मचारियों के पद सृजित करने, अस्थायी कर्मचारियों को 805 रुपएं की दर से वेतन भुगतान, मालिकाना हक संबंधित ज्ञापन सौपा। जिस पर मंत्री



कैड़ा द्वारा कर्मचारियों से जुड़ी हर समस्या का शासन स्तर पर हल करने का आश्वासन दियाऔर साथ ही इसी कार्यक्रम मे राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के नव नियुक्त सदस्य भाई नितीन चरण जी से भी शिष्टाचार भेट हुई संगठन के साथियों ने सदस्य राज्य सफाई कर्मचारी आयोग नितिन चरण को माला पहनाकर समानित किया। इस दौरान नगर संरक्षक अतुल, नगर अध्यक्ष निहाल, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक कुमार समेत वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज कुमार,मिडिया प्रभारी नीरज नैथानी, महिला मोर्चा अध्यक्ष मधु, महामंत्री ज्योति, वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष रेखा राज व कार्यकारी महिला अध्यक्ष गीता मौर्या, शाखा कोषाध्यक्ष ममता देवी तथा शाखा उपाध्यक्ष अनिता नूरी समेत अन्य कर्मचारी साथी भी उपस्थित रहे।

# भारत की साहस का प्रतीक है ऑपरेशन सिंदूर

## पहली वर्षगांठ पर 05 यूके नेवल सब यूनिट एनसीसी में स्मृति कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** 05 यूके नेवल सब यूनिट एनसीसी डीएसबी परिसर कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा बीरवार को द हर्मिटेज में ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर जागरूकता एवं स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईटीइपी विभाग के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर वर्षगांठ मनाई। नैनीताल ग्रुप एनसीसी के ग्रुप कमांडर कमोडोर रिची रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज भारतीय सशस्त्र बल केवल दुश्मनों का विनाश करने तक सीमित नहीं हैं बल्कि वैश्विक शांति, मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अभियान भारतीय सशस्त्र बलों की सटीक रणनीति व साहस और समन्वित कार्यप्रणाली का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस ऑपरेशन ने यह सिद्ध किया कि भारत अपनी सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए हर स्तर पर सक्षम और तत्पर है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियानों से न केवल दुश्मनों को कड़ा संदेश मिलता है बल्कि देशवासियों में विश्वास और सुरक्षा की भावना भी सुदृढ़ होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में युवाओं को तकनीकी दक्षता, मानसिक सुदृढ़ता एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करनी होगी। उन्होंने कैडेट्स से आह्वान किया कि वे अनुशासन, समर्पण और देशभक्ति के मूल्यों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मृदुल साह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए अनुशासन नेतृत्व और समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने का सशक्त माध्यम है और कैडेट्स को अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। सब लेफ्टिनेंट प्रो. रीतेश साह ने अपने उद्बोधन में ऑपरेशन सिंदूर के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि यह अभियान भारतीय सशस्त्र बलों की रणनीतिक दक्षता और साहस का प्रतीक है। उन्होंने कैडेट्स से राष्ट्र सेवा की भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर समूह गीत एवं समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम का संचालन कैडेट गौरव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक अरविंद, विक्रांत एवं दीपक सहित कैडेट साकेत, प्राक्य, आरोही, दिव्या, जाह्नवी, मानवी, हर्षिता, गौरव सिजवाली व सिद्धार्थ एवं अंकित उपस्थित रहे।

### तारा चंद पांडे ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता तारा चंद पांडे ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए कालाढूंगी सीट से अपनी दावेदारी पेश की है।



गुरुवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने समर्थकों के साथ चुनाव लड़ने की इच्छा जताते हुए पार्टी नेतृत्व से उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की। तारा चंद पांडे ने कहा कि वह लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा से जुड़कर संगठन की सेवा करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ काम करने का अवसर भी मिला है और उन्होंने पार्टी में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाई हैं। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा उन्हें कालाढूंगी विधानसभा से उम्मीदवार बनाती है तो वह भारी बहुमत से जीत दर्ज कर क्षेत्र में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने दावा किया कि वह लगातार क्षेत्र की समस्याओं को उठाते रहे हैं और अस्पताल, मंडी समिति समेत विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार के समक्ष आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि वह एक साधारण और गरीब परिवार से आते हैं तथा हमेशा जनता के बीच रहकर कार्य किया है। अगर उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला तो वह क्षेत्र के अंतिम छोर तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता दीवान सिंह बिष्ट सहित कई समर्थक मौजूद रहे।

### घर की सीढ़ियों से गिरकर महिला गंभीर रूप से चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के मल्लीताल बाजार क्षेत्र में घर की सीढ़ियों से गिरकर महिला गंभीर रूप से चोटिल हो गई। महिला को बीडी पांडे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक जयलाल साह बाजार निवासी रुचि गर्ग उर्फ बबली गुरुवार दोपहर घर पर सीढ़ियों से नीचे उतर रही थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह गिरकर गंभीर रुप से चोटिल हो गई। लहुलूहान अवस्था में स्वजन उसे बीडी पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी जांच व प्राथमिक उपचार दिया गया। पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि महिला के सिर पर चोट होने के साथ ही बहुत रक्तस्राव हो गया था। उसे उल्टियां होने के कारण जांच व उपचार को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।



बेंगलुरु के ऑलराउंडर कुणाल पांड्या लखनऊ के कुलकर्णी को आउट करने के बाद साथी खिलाड़ी के साथ खुशी मनाते।



LSG के मिचेल मार्श बेंगलुरु के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक लगाने के बाद दर्शको का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पाकिस्तान वनडे के लिए आईपीएल नहीं छोड़ेंगे

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को कहा है कि उसके खिलाड़ी पाकिस्तान के साथ होने वाली एकदिवसीय के लिए इंडियन प्रीमिय लीग (आईपीएल) को नहीं छोड़ेंगे। सीए के प्रवक्ता ने क्रिकबज को आज यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अभी भी आईपीएल में रहेंगे और अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेंगे। अभी करीब एक दर्जन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से यह स्पटीकरण गुरुवार को सीए और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा मिलकर घोति की गई तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के बाद आया है। ए मैच 30 मई, 2 जून और 4 जून को होने हैं, और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचेंगे। आईपीएल 31 मई को समाप्त होगा। अभी आईपीएल में शामिल 12 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के नियमित एकदिवसीय कप्तान पैट कमिस और चोट के कारण बाहर रहने के दौरान कमिस की जगह खेलने वाले मिचेल मार्श शामिल हैं। अभी इंडिया में मौजूद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं ट्रैविस हेड, टिम डेविड, जॉश हेजलवुड, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, मार्कस स्टोइनिस, जॉश इंग्लिस, कैमरन ग्रीन, मिशेल स्टार्क और मैथ्यू शॉर्ट। उल्लेखनीय है कि आईपीएल का लीग चरण 24 मई को खत्म होगा, तब तक कई खिलाड़ी अपनी आईपीएल की जिम्मेदारी से फ्री हो जाएंगे क्योंकि 10 में से छह टीमें बाहर हो चुकी होंगी।


## लगातार दूसरे साल भारत का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलिया ए टीम

**मेलबर्न, वार्ता।** अगले जनवरी में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के संभावित खिलाड़ियों में से कुछ को 12 महीनों में दूसरी बार भारत दौरे का मौका मिलेगा, जब ऑस्ट्रेलिया ए सितम्बर और अक्टूबर में पुडुचेरी में भारत ए के खिलाफ दो चार-दिवसीय मैच और तीन 50-ओवर मुकाबले खेलेगी। बुधवार को बीसीसीआई द्वारा घोषित पुरुष टीम के कार्यक्रम के अलावा यह भी पुटि हुई कि ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम सितम्बर में मोहाली और धर्मशाला में दो टी-20, तीन 50-ओवर मैच और एक चार-दिवसीय मैच खेलेगी, जबकि पुरु अंडर-19 टीम इसी दौरान राजकोट और अहमदाबाद में तीन 50-ओवर और दो चार-दिवसीय मैच खेलेगी। पुरुष ऑस्ट्रेलिया ए दौरा सबसे ज्यादा अहम माना जा रहा है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को 21 जनवरी से नाग. पुर में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज भारत में खेलनी है।

# विनेश फोगाट एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल के लिए अयोग्य: WFI

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीन बार की ओलंपियन विनेश फोगट को रेसलिग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) द्वारा घोति मानदंडों के अनुसार एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल के लिए बुधवार को अयोग्य घोति कर दिया गया।

फेडरेशन के अनुसार, सेलेक्शन ट्रायल के लिए पात्रता तीन घरेलू प्रतियोगिताओं - 2025 सीनियर नेशनल रेसलिग चैंपियनशिप, 2026 सीनियर फेडरेशन कप और अंडर-20 नेशनल रेसलिग चैंपियनशिप के पदक विजेताओं तक सीमित है। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप दिसम्बर में आयोजित की गई थी, जबकि फेडरेशन कप फरवरी में हुआ था।



विनेश फोगाट ने इनमें से किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है, क्योंकि वह पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से प्रतिस्पर्धा से दूर रही हैं और इसलिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं। उन्होंने ग्रीमकालीन खेलों के तुरंत बाद रेसलिग से संन्यास ले लिया था, लेकिन पिछले साल दिसम्बर में विनेश ने कुश्ती में फिर से वापसी की घोाणा की थी। मैदान से दूर रहने के दौरान उन्होंने एक व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की।

# प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद के लिए उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में शुक्रवार को कोल. काता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ होगा।

10 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ मेजबान डीसी प्ले ऑफ की दौड़ में बहुत पीछे छूट गई है और यह मुकाबला उसके लिए प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद है। हालांकि प्लेऑफ के लिए उसे अपने सभी बचे चारों मैच जीतने होंगे। वहीं केकेआर को भी नौ मैचों में सिर्फ तीन जीत मिली है, लेकिन ए तीनों जीत पिछले तीन मैचों में आई है और वे अच्छे फॉर्म व बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ इस मैच में प्रवेश करेंगे। दोनों टीमों के बीच अब तक 34 मैच हुए हैं, जिसमें केकेआर को 19 और डीसी को 15 मैचों में जीत मिली है। वहीं दिल्ली में दोनों के बीच हुए अब तक 11 मुकाबलों में भी डीसी को पांच जबकि केकेआर को छह मुकाबलों में जीत मिली है। 2024 से अभी तक डीसी, केकेआर को एक भी मैच में नहीं हरा पाई है, तो क्या डीसी इस सिलसिले को तोड़ पाएगी? केएल राहुल पर बहुत ज्यादा निर्भर है डीसी की बल्लेबाजी केएल राहुल आईपीएल 2026 में शानदार फॉर्म में हैं और 10 पारियों में 49-4 की औसत और 181 के स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतक और एक शतक के साथ 445 रन बना चुके हैं। लेकिन डीसी के लिए मुश्किल बात यह है कि उनके अन्य बल्लेबाज फॉर्म या निरंतरता की कमी से जूझ रहे हैं। राहुल ने डीसी के अकेले 26 फीसदी रन बनाए हैं और इस दौरान बीच के ओवरों में उनका स्ट्राइक रेट बहुत शानदार रहा है। सात से 16 ओवरों के बीच राहुल ने 211 के स्ट्राइक रेट से 249 रन बनाए हैं और हर तीसरी गेंद पर बाउंड्री लगा रहे हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड (ऊधम सिंह नगर)

eemiusn@gmail.com

पत्रांक: 93 / ल0सिं0/ई-निविदा/2026-2027 दिनांक: 07 मई 2026

**ई-निविदा संख्या-01/26-27**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रक्योरमेंट) नियमावली 2017 में इंगित प्राविधानानुसार विभाग में निम्न श्रेणी के अनुसार पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो की निविदा वेबसाईट https//uktenders.gov.in पर दिनांक 22.05.2026 को निर्माण कार्य हेतु पूर्वाह्न 11.00 बजे तक आमत्रित की जाती है। कार्य हेतु टैक्निकल बिड् दिनांक 22.05.2026 के अपराहन 01.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड उधमसिंहनगर पता काशीपुर रोड निकट गल्ला मण्डी में खोली जायेगी। टैक्निकल बिड क्वालीफाई करने वाले ठेकेदारों के ही फाईनैनसियल विड खोली जायेगी। उक्त कार्य की निविदा दिनांक 08.05.2026 की प्रात: 10.00 बजे से दिनांक 22.05.2026 की प्रात: 11.00 बजे तक ऑनलाईन DOWNLOADING के लिए वैबसाईट पर उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैद्यता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजकीय बाल देख-रेख संस्थान (बालक) रुद्रपुर में मरम्मत एवं आधुनिकीकरण कार्य। | 102.33 | 204700.00 | 4000+18% जी0एस0टी0 | 09 माह | 90 दिन | 'सी' श्रेणी एवं उच्चतर |

**निविदा की शर्तें किसी भी कार्यालय दिवस में और कार्यालय में देखी जा सकती है।**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of online Publication | 08/05/2026 |
| 2 | Document download start date | 08/05/2026 From 10:00 AM |
| 3 | Document download End date | 22/05/2026 upto 11:00 AM |
| 4 | Bid Submission start date | 08/05/2026 upto 10:00 AM |
| 5 | Bid Submission end date | 22/05/2026 upto 11:00 AM |
| 6 | Date of Bid opening | 22/05/2026 upto 01:30 PM |

(सुशील कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड (ऊधम सिंह नगर)


### खेल विशेष

## मै फीफा विश्व कप में वापसी के लिए तैयार हूं: लुइस सुआरेज

**मियामी, वार्ता।** उरुग्वे के ऑल-टाइम लीडिग स्कोरर लुइस सुआरेज ने कहा कि वह इस साल होने वाले फीफा विश्व कप में खेलने के लिए तैयार हैं। मैनेजर मार्सेलो बिएल्सा के साथ सार्वजनिक अनबन के बाद सुआरेज ने सितम्बर 2024 में उरुग्वे की नेशनल टीम से संन्यास ले लिया था। 39 साल के इंटर मियामी स्ट्राइकर ने कहा कि उन्होंने तब से अपने फैसले पर दोबारा सोचा है। उन्होंने कहा कि अर्जेटीना के कोच के लिए उनके मन में कोई बुरी भावना नहीं है, जो मई 2023 से सेलेस्टे के इंचार्ज हैं। एमएलएस क्लब के साथ एक अभ्यास सत्र के बाद सुआरेज ने पत्रकारों से कहा कि मैंने कुछ ऐसा कह दिया जो मुझे नहीं कहना चाहिए था। आपको अपनी गलतियां माननी होंगी और यह अब बीती बात है।

## गीजा में भारतीय खिलाड़ियों को मिला मुश्किल ड्रॉ

**गीजा, वार्ता।** चार सदस्यों वाली भारतीय टीम - अभय सिंह, वीर चोत्रानी, रामित टंडन और वेलवन सेंथिलकुमार - वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में एक मुश्किल ड्रॉ का सामना करने की को. शिश करेगी। यह चैंपियनशिप शुक्रवार को म्रि के गीजा में शुरू होने वाली है। वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025-26, जो 8 से 16 मई तक पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में होनी है, भारत में लाइव स्ट्रीमिग पर देखने के लिए उपलब्ध होगी। प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें पुरुों के विश्व नंबर 1 मुस्तफा असल और उनकी महिला समकक्ष, म्रि की हनिया एल हम्मामी शामिल हैं। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह, जो भारत के पुरुों के सिगल्स में सबसे अच्छी रैंक वाले खिलाड़ी हैं।

## टी-20 मुंबई लीग व पहली महिला लीग 1 से 13 जून तक होगी

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने आज घोाणा की कि टी-20 मुंबई लीग का चौथा सीजन और टी-20 मुंबई महिला लीग का पहला सीजन 1 से 13 जून तक मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में होगा। इसके साथ ही शहर में क्रिकेट के एक बड़े उत्सव की शुरुआत होगी। यह एमसीए के उस लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके तहत वह हर वर्ग के क्रिकेट टैलेंट को एक बड़ा मंच देना चाहता है। पुरुषों की लीग में दुनिया के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट सितारे और शहर के सबसे होनहार उभरते खिलाड़ी एक साथ नजर आएंगे।


## उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून-248001
कारपोरेट आईडेन्टीटी सं.: UA40109UP2001SGC025867/2358 दूरभाष सं.: 0135-2763672-76, वेबसाईट: www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा विस्तार सूचना**

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या सी.सी.पी.-II/20/2025-2026 के पावर परचेज के क्लाउड आधारित स्वचालित मासिक बीजक सत्यापन हेतु सॉफ्टवेयर/एप्लिकेशन के डिजाइन, डेवलपमेंट एवं कार्यान्वयन हेतु एक वर्ष के लिए एजेंसी की नियुक्ति एवं पावर परचेज के पिछले पांच वर्षो के बीजकों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण की तिथि को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। ई-निविदा क्रय एवं जमा दिनांक 21.05.2026 को 17:00 बजे तक की जा सकती है। ई-निविदा का भाग-एक दिनांक 22.05.2026 को 15:30 बजे खोला जायेगा।

अन्य नियम व शर्तें मूल ई-निविदा के अनुसार रहेंगी। अन्य विवरण के लिए कृपया बेवसाईट **www.uktenders.gov.in** को देखें।

No. 321/ EE(CM) / UPCL / A-2 Dt. 07.05.2026

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं० 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं० 1800 180 4185/फैक्स सं० 0135-2760911 पर दें)



## AXIS BANK LTD.

**गिरवी रखी गई सोने के आभूषणों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

उधारकर्ताओं को, विशेष रूप से और आम जनता को, यह सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी एक्सिस बैंक द्वारा नीचे उल्लिखित शाखा में आयोजित की जाएगी।
नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं ने बैंक के पक्ष में सोने के आभूषण गिरवी रखकर ("स्वर्ण ऋण सुविधा") **एक्सिस बैंक** लिमिटेड से ऋण सुविधा का लाभ उठाया है। ऋण लेने वालों/गारंटरों को मांग नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें उनसे लिए गए स्वर्ण ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने का अनुरोध किया गया था। चूंकि ऋण लेने वाले/गारंटर बकाया ऋण राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए बैंक को गिरवी का उपयोग करने के लिए विवश होना पड़ा है और उसने गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है, जिसका विस्तृत विवरण नीचे दी गई संपत्ति की अनुसूची में दिया गया है। यह नीलामी 08.06.2026 को सुबह **11:00 बजे तक "जैसा है, जहां है", "जैसा है, जो है", "जो कुछ भी है" और "कोई सहारा नहीं"** के आधार पर होगी।

**उधारकर्ताओं का विवरण और बकाया राशि**

| ग्राहक का नाम | लोन खाता नंबर | बकाया राशि (रु. में) | रिकॉल नोटिस की तिथि | सकल वजन | शुद्ध वजन |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.ओ.:- देहरादून (यूटी) | | | | | |
| गुरूमीत सिंह | XXXXXXXXXXX4584 | ₹3,100,828.80 | 02-04-2026 | 326.200 | 315.000 |
| बी.ओ.:- पंडरी (यूटी) | | | | | |
| जगपाल सिंह | XXXXXXXXXXX3882 | ₹1,221,992.02 | 09-02-2026 | 152.900 | 148.900 |
| मनोज कुमार संदलिया | XXXXXXXXXXX0064 | ₹295,278.00 | 02-04-2026 | 31.400 | 30.300 |
| नगमा | XXXXXXXXXXX1173 | ₹411,009.95 | 02-04-2026 | 57.600 | 56.800 |
| इम्तियाह अहमद | XXXXXXXXXXX1484 | ₹405,559.98 | 13-04-2026 | 51.400 | 50.200 |
| राजेश कुमार साहनी | XXXXXXXXXXX2700 | ₹121,154.00 | 18-04-2026 | 12.200 | 11.300 |
| तबस्सुम बेगम | XXXXXXXXXXX9957 | ₹102,905.00 | 02-04-2026 | 14.900 | 13.600 |

**निविदा की शर्तें एवं नियम**

नीलामी के दिन/तारीख को निविदाकर्ताओं को आधार/आरक्षित मूल्य बताया जाएगा, जिस पर नीलामी की बोलियों पर विचार किया जाएगा। केवल बैंक द्वारा प्रदान किए गए निर्धारित निविदा प्रपत्र में दी गई बोलियों/प्रस्तावों पर ही विचार किया जाएगा।
अधूरे निविदा प्रपत्र/निविदाएँ अमान्य मानी जसएँगी और अस्वीकृत की जा सकती हैं।
निविदा दस्तावेज और शर्तें उपरोक्त शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। विधिवत भरा हुआ निविदा दस्तावेज 08-06-2026 को कार्य समय के दौरान संबंधित शाखा अधिकारी को सौंप दिया जाना चाहिए। नियत तिथि के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
उक्त संपत्ति **"जैसी है जहाँ है", "जैसी है वैसी", "जो कुछ भी है" और "कोई सहारा नहीं"** के आधार पर बिक्री के लिए प्रस्तुत की जाती है। बैंक उक्त संपत्ति के संबंध में मानक, शुद्धता और/या किसी अन्य देय राशि, कर, यदि कोई हो, के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।
बैंक द्वारा नीलामी की तिथि पर निविदाएं निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी। निविदाकर्ता उपर्युक्त तिथि और समय पर उपस्थित रहना चुन सकते हैं, ताकि वे अपनी-अपनी पेशकशें प्रस्तुत/संशोधित कर सकें।
**ऊपर उल्लिखित शाखाओं के नाम, नीलामी तिथि: 08-06-2026.**
एक बार प्रस्तुत की गई पेशकश/निविदा वापस नहीं ली जा सकती है और यदि किसी विशेष वस्तु/संपत्ति/आभूषण के लिए एक ही बोली/निविदा है, तो बोलीकर्ता को बोली राशि जमा करनी होगी।
यदि किसी विशेष वस्तु/संपत्ति/आभूषण के लिए एक से अधिक बोलियां हैं, तो बोलीकर्ताओं के बीच पारस्परिक बोली लगाई जाएगी और उच्चतम बोली लगाने वाले को सफल बोलीकर्ता घोषित किया जाएगा।
बोलीकर्ता को सभी केवाईसी दस्तावेज, जैसे पैन नंबर, पैन कार्ड, आधार कार्ड और पता प्रमाण आदि प्रस्तुत करने होंगे। बोलीकर्ता को वैध ईमेल आईडी और संपर्क नंबर भी प्रस्तुत करना होगा।
बैंक अपने विवेकाधिकार पर पेशकश को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
उक्त संपत्ति की बिक्री/बिक्री के लिए प्रस्तावित संपत्ति से उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद/मतभेद का निपटारा केवल मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधीशों के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

**स्थान: उत्तराखंड, दिनांक: 08.05.2026** **हस्ताक्षर/-, अधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड**



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## पी.एम.जी.एस.वाई., सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी

दूरभाष एंव फैक्स नं.:-01374, 223804 Email Id:- eepmgsyuttarkashi@rediffmail.com

पत्रांक 518/ पी०एम०जी०एस०वाई०/ सि०ख०/ दिनांक 04.05.2026

**अल्पकालीन कोटेशन नोटिस**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड राज्य की ओर से उत्तराखण्ड पी०एम०जी०एस०वाई० सिं०ख० उत्तरकाशी में अधोहस्ताक्षरी द्वारा विभागीय निम्न कार्य के सम्पादन हेतु निविदा दिनांक 15.05.2026 को आंमत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र दिनांक 05.05.2026 से दिनांक 15.05.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 16.05.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में डाले जा सकते है। यह निविदायें दिनांक 16.05.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे अधोस्ताक्षरी/अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. स. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि (2 प्रतिशत) | निविदा की वैधता | कार्य समाप्त करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भेटियारा से लोडाड़ा मोटर मार्ग किमी० 02 से 03 में पुर्ननिर्माण (वी०आर०)। | 1000.00+ GST18% | 23200.00 | 45 दिन | 02 माह | श्रेणी ई. एवं उच्चतर |
| 2 | गंगनानी से भंगेली मोटर मार्ग का तक मरम्मत / पुर्ननिर्माण (वी०आर०)। | 1000.00+ GST18% | 13100.00 | 45 दिन | 02 माह | श्रेणी ई. एवं उच्चतर |
| 3 | गजोली से नौगांव भंकोली मोटर मार्ग का मरम्मत / पुर्ननिर्माण (वी०आर०)। | 1500.00+ GST18% | 47000.00 | 45 दिन | 02 माह | श्रेणी ई. एवं उच्चतर |

**नोट**- निविदा से सम्बन्धित शर्ते उपखण्ड-द्वितीय, तृतीय एवं पंचम, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता पी०एम०जी०एस०वाई०, सिं०ख० उत्तरकाशी से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**पी.एम.जी.एस.वाई. सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी**

## ज्ञानदीप पब्लिक इंटर कॉलेज में भौतिक प्रयोगशाला का भव्य उद्घाटन

# क्षेत्र के लोगों को घर के पास ही मिलेगी बेहतर शिक्षा : ममतेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** क्षेत्र में उच्च स्तरीय शिक्षा के प्रसार हेतु आज दिनांक 7 मई 2026 को शिवपुरम पनियाला रोड रुड़की स्थित ज्ञानदीप पब्लिक इंटर कॉलेज का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यालय की नवनिर्मित अत्याधुनिक भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला का भी रिबन काटकर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ममतेश कुमार शर्मा (अध्यक्ष बीएसएम शिक्षण संस्थान एवं अध्यक्ष प्रबंधक एसोसिएशन उत्तराखंड) एवं रजनीश कुमार शर्मा (सचिव बीएसएम शिक्षण संस्थान,रुड़की) ने संयुक्त रूप से विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने प्रयोगशाला में मौजूद



उपकरणों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर अन्य अतिथियों में अजय कौशिक प्रधानाचार्य बीएसएम इंटर कॉलेज, भानु प्रताप गौतम एडवोकेट, देवेश गौतम, विकास धीमान रहे। मुख्य अतिथि बीएसएम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ममतेश कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञानदीप पब्लिक इंटर कॉलेज क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रजनीश कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। विद्यालय के प्रबंधक वासुदेव पंत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के विजन पर प्रकाश डाला और कहा कि हमारा लक्ष्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के बच्चों को कम शुल्क में विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। वहीं, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ने आए हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ



अनुशासन और नैतिक मूल्यों पर विशेष बल दिया जाएगा।

## नारसन ब्लॉक की तीन ग्राम पंचायतों में घोटाले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** हरिद्वार जनपद के नारसन विकासखंड में सरकारी धन के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। खंड विकास अधिकारी नारसन ने तीन ग्राम पंचायतों गाधारोणा, बुक्कनपुर और जैनपुर झंझेड़ी में वित्तीय अनियमितताओं की जांच के आदेश जारी किए हैं। एक साथ तीन पंचायतों में जांच के आदेश से पूरे ब्लॉक में हड़कंप मचा हुआ है।

ग्राम पंचायत गाधारोणा, बुक्कनपुर और जैनपुर झंझेड़ी के ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार को अलग-अलग शिकायत पत्र सौंपे थे। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में राज्य वित्त आयोग, 15 वें वित्त आयोग, मनरेगा एवं अन्य मदों से ग्राम पंचायतों को मिली करोड़ों की धनराशि में भारी अनियमितता और घोटाला हुआ है। ग्रामीणों ने सरकारी धन के दुरुपयोग की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी नारसन ने तीनों ग्राम पंचायतों के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। जांच अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर भौतिक, तकनीकी और वित्तीय निरीक्षण करके विस्तृत रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश की प्रतिलिपि मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी, हरिद्वार को भेजी गई है। खंड विकास अधिकारी पवन सिंह सैनी ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायतों पर जांच कमेटी का गठन किया गया है। साथ ही तीनों ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों को तत्काल समस्त अभिलेख जांच समिति को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। अब सभी की निगाहें एक सप्ताह में आने वाली जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। क्या इस रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधानों के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। या फिर अन्य शिकायतों की तरह ग्रामीणों की यह शिकायतें भी दफ्तर की फाइलों में दबकर रह जाएगी।

## जमीनी विवाद में दो पक्ष आमने-सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ग्रीन पार्क कॉलोनी में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ने पर क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंची और दोनों पक्षों का शांतिभंग करने माहौल खराब करने के आरोप में चालान कर दिया।।

जानकारी के अनुसार रामपुर गांव निवासी दो पक्षों के बीच ग्रीन पार्क स्थित एक प्रॉपर्टी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। बताया गया है कि शुक्रवार को एक पक्ष द्वारा उक्त प्रॉपर्टी पर निर्माण कार्य शुरू कराया गया। इसकी जानकारी मिलने पर दूसरा पक्ष भी मौके पर पहुंच गया और निर्माण कार्य का विरोध करने लगा। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते तीखी बहस में बदल गई। विवाद बढ़ता देख किसी स्थानीय व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और इकरार पुत्र असगर निवासी सुलतानपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार, इस्तखार पुत्र असगर निवासी सुलतानपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार, सलमान पुत्र अखलाक निवासी सुलतानपुर थाना कोतवाली लक्सर, इसरार पुत्र दिलशाद निवासी सुलतानपुर थाना कोतवाली लक्सर, शहनवाज पुत्र दिलशाद निवासी सुलतानपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार हैं। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए अपने साथ कोतवाली ले गई। बाद में पुलिस दोबारा मौके पर पहुंची और प्रॉपर्टी में रखा सामान भी कब्जे में ले लिया। घटना के दौरान क्षेत्र में फायरिंग की अफवाह भी फैल गई थी, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि, गंगनहर कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि मौके पर किसी प्रकार की फायरिंग नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि यह केवल अफवाह थी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

## पब्लिक प्लेस पर हुड़दंग मचा रहे 8 युवकों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर-पुरकाजी हाईवे पर सार्वजनिक स्थान को हुक्का बार बनाकर अराजकता फैलाने वाले युवकों पर खानपुर पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है पुलिस ने मौके से हुड़दंग मचा रहे युवकों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई अमल में लाई हैचेकिंग के दौरान मिली सूचनाखानपुर थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि बुधवार शाम को पुलिस टीम हाईवे पर रूटीन चेकिंग कर रही थी इसी दौरान किसी ग्रामीण ने सूचना दी कि कस्बे के पास सार्वजनिक स्थान पर कुछ युवक एकत्रित होकर हुक्का पी रहे हैं और जोर-जोर से हुड़दंग मचाते हुए राहगीरों को परेशान कर रहे हैंसूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस बल को तत्काल मौके पर भेजा पुलिस की गाड़ी देखते ही मौके पर भगदड़ मच गई, लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए हुड़दंगियों को दबोच लिया पुलिस सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने आई, जहाँ उनके विरुद्ध शांति भंग व अन्य संबंधित धाराओं में चालान किया गया जयदीप ग्राम नैटवाला सैदाबाद, लक्सर विकास (निवासी: निगाड़ा कला, हरियाणा)हिमांशु (निवासी: जग्गवाड़ा, हासी, हरियाणा विक्की निवासी: कस्बा घरनी, हरियाणा मोहित हासी हरियाणातथा अन्य दो साथी सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी और हुड़दंग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस निरंतर गश्त कर रही है। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है प्रभारी निरीक्षण गोविंद कुमार।

## सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर 31 लोगों के चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के तहत हरिद्वार पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर कोतवाली रुड़की पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने एवं संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान चलाया।

अभियान के दौरान पुलिस ने 31 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान किया। इस कार्रवाई में कुल घ15,500 का संयोजन शुल्क वसूला गया। कार्रवाई के बाद सभी को सार्वजनिक स्थानों पर शराब न पीने की सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया। कोतवाली रुड़की पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम में एसएसआई निरीक्षक धर्मेंद्र राठी,उप निरीक्षक भजराम चौहान,उप निरीक्षक नवीन चौहान, सुभाष जखमोला,पुष्पेंद्र सिंह,हेड कांस्टेबल दिनेश गुप्ता,संदीप सेमवाल,रजत चौधरी,अनिल शर्मा, रणवीर सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बाइक सहित एक वाहन चोर को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत हरिद्वार पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी के तहत पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान एक मोटर साईकिल चोर को पकडा है। उससे बाईक भी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा ऑपरेशन प्रहार के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थ तस्करों/वाहन चोरी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त आदेश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत अलग -अलग टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान खेलपुर रोड से एक संदिग्ध को पकड़ा। पकड़े गये आरोपी के कब्जे से कोतवाली भगवानपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 189/26 से सम्बन्धित चोरी की मो0सा0 स्पलेण्डर रंग काला बरामद की गई। पूछताछ मे आरोपी द्वारा एक मो0सा0 थाना गंगनहर से भी चोरी करना बताया गया, जिसको आरोपी की निशादेही पर खेलपुर



आम के बाग से बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता आरोपी-इजरार पुत्र इनाम निवासी ग्राम खेलपुर थाना भगवानपुर हरिद्वार है।

## लक्ष्य पब्लिक स्कूल में ऑडियो वीडियो लर्निंग की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** शिक्षा के आधुनिक स्वरूप को अपनाते हुए कस्बे के लक्ष्य पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए ऑडियो-वीडियो लर्निंग प्रशिक्षण का शानदार आगाज किया गया। इस विशेष पहल के माध्यम से बच्चों को डिजिटल तकनीक के जरिए रोचक तरीके से शिक्षा दी जा रही है। मानसिक विकास के लिए खेल-खेल में शिक्षा जरूरी कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा छोटे बच्चों पर किताबों का जरूरत से ज्यादा बोझ लादना उनके मानसिक विकास में बाधक बन सकता है इसके बजाय, यदि हम उन्हें खेल-खेल में और दृश्य-श्रव्य ।नकपव-टपेनंस माध्यमों से सिखाएं, तो वे बहुत जल्दी और गहराई से बातों को समझते हैं। उन्होंने बच्चों को समझाया कि ये वे रंग हैं जिन्हें किसी अन्य रंग को मिलाकर तैयार नहीं किया जा सकताइसके बाद प्रिया और ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अलग-अलग रंगों की पहचान करने का अभ्यास कराया। इस रचनात्मक सत्र में विद्यालय केनन्हे-मुन्नेछात्र-छात्राओंनेबढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें मुख्य रूप सेवंश वर्मा, हुदा अंसारी, आर्या, यशी ठाकुर, अभिनव, आयांश गोयल, बरीराह खान, आर्य, सीरत, वेदांत, काव्या और शिवांश सिंघल शामिल रहे।

## दबंगों ने किसान की फसल जोती, विरोध करने पर धारदार हथियारों से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ढाढेकी गांव में दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ कुछ लोगों ने एक ग्रामीण के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को न केवल ट्रैक्टर से जोतकर नष्ट कर दिया, बल्कि विरोध करनेपरपरिवार के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अरुण कुमार पुत्र ईश्वर चंद्र शर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में गेहूं की फसल बोई हुई थी। 12 अप्रैल को जब उनका परिवार फसल की कटाई के लिए खेत पर पहुँचा, तो गाँव के ही कुछ लोग वहां आ धमके। आरोपियों ने जबरन ट्रैक्टर चलाकर खड़ी फसल को जोतना शुरू कर दियाहथियारों से लैस थे हमलावरपीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने फसल बर्बाद करने का विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की नियत से लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया। इस दौरान हमलावरों ने खेत में लगे पॉपुलर के पेड़ों को भी पूरी तरह नष्ट कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर जमा होने लगे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गएइन लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा कोतवाली के एसएसआई नितिन चौहान ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने ढाढेकी निवासी 10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में शामिल हैंबृजेश कुमार, राजकुमार, बबलू, पवन सिंह, धर्म सिंह कुलदीप, संदीप, आजाद, आकाश और मनोज तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एसएसआई नितिन चौहान ने बताया मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## राष्ट्रीय कृमी मुक्ति दिवस पर छात्रों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय कुर्मी मुक्ति दिवस पर विद्यालय के छात्रों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और बी एस एम शिक्षण संस्थान के सचिव श्री रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने अपने हाथ से छात्रों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई प्रबंधक महोदय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय कमी मुक्ति दिवस पर सभी छात्रों को एल्बेंडाजोल की गोली खानी चाहिए इस गोली से पेट में जो कीड़े हो जाते हैं वह मर जाते हैं अगर आपका पेट सही है तो आपका स्वास्थ्य सही रहेगा क्योंकि मनुष्य के शरीर में जितने भी बीमारी होती है वह पेट से ही शुरू होती है इसलिए हमें अपने खाने-पीने का ध्यान रखना चाहिए और शुद्ध और पौष्टिक आहार लेना चाहिए प्रबंधक पहुंचे ने छात्रों को अपना शुभ आशीर्वाद दिया सचिव महोदय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास हो सकता है इसलिए हमें अपने खाने-पीने का विशेष ध्यान रखना चाहिए और साल भर में दो बार एल्बेंडाजोल की गोली खानी चाहिए प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने पेट को ध्यान में रखकर भोजन करना चाहिए जंक फूड का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए और समय-समय पर सरकार द्वारा चलाए गए स्वास्थ्य कार्यक्रमों का फायदा उठाना चाहिए इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अमित कपिल डॉ अभय प्रमोद शर्मा विशेष विकास गौतम कमल मिश्रा विशाल शर्मा मोहित आदि उपस्थित रहे।

## अवैध शराब के साथ एक नशा तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर पुलिस ने आँपरेशन प्रहार मे नशे का एक सौदागर को धर दबोचा है। उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया है। जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्यवाही कर सख्ती से कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया था। आदेश के अनुपालन मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर द्वारा अलग-अलग टीमो का गठन किया गया था एक टीम को नशे के सौदागर के विरुद्ध कार्यालय करते हुऐ उनकी गिरफ्तारी पर लगाया गया। जिसके फलस्वरुप मंगलौर पुलिस ने एक आरोपित को पकडा जिसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। नाम पता आरोपी-नरेन्द्र कुमार पुत्र बकतावर निवासी अकबरपुर है।

## कलियर नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में 27 करोड़ का वार्षिक बजट पास

# करोड़ों के विकास कार्यों से कस्बे का होगा विकासः चेयरमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत पिरान कलियर की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए करीब 27 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष समीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें विधायक हाजी फुरकान अहमद, ईओ कुलदीप सिंह चौहान सहित सभी सभासद मौजूद रहें।

बृहस्पतिवार को नगर पंचायत सभागार में आयोजित बैठक के दौरान "एक साल बेमिसाल" कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीते एक वर्ष में कराए गए विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष और सभासदों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बैठक में नगर क्षेत्र के विकास, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। मुख्य प्रस्तावों में नगर



क्षेत्र में हाईटेक शौचालयों का निर्माण, सीवर लाइन और एसटीपी स्थापना, 300 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाने, 1000 एलईडी स्ट्रीट लाइट खरीदने और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल रहे। इसके अलावा दरगाह बाजार, तालाब बाजार और वीआईपी रोड के सौंदर्यीकरण, स्वागत द्वार निर्माण, पार्किंग व्यवस्था, फुटपाथ और सड़कों के निर्माण, नालों के निर्माण तथा नगर क्षेत्र के विद्युतिकरण से जुड़े प्रस्ताव भी पारित किए गए। बैठक में पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते

> ❖ नगर क्षेत्र में हाईटेक शौचालयों का निर्माण, सीवर लाइन, 300 सोलर स्ट्रीट लाइटें, 1000 एलईडी स्ट्रीट लाइट व सौंदर्यीकरण के काम शामिल

हुए आधुनिक कॉरिडोर निर्माण और रहमतपुर रोड से रुड़की रोड तक बाईपास निर्माण पर भी सहमति बनी। वहीं शैतान चौक का नाम बदलकर "साबरी चौक" और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास वाली सड़क का नाम "दरगाह मेन गेट रोड" रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।नगर पंचायत ने अव्यवस्थित बाजारों को व्यवस्थित करने के लिए सब्जी, फल, चाट और खिलौना बाजारों के लिए अलग स्थान चिन्हित करने का प्रस्ताव भी पारित किया। इसके साथ ही नगर क्षेत्र में चार नए हाईटेक शौचालय, फव्वारे और मिनी बाजार स्थापित करने की योजना को भी हरी झंडी दी गई। ईओ कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि नगर पंचायत ने अगले 60 दिनों में क्षेत्र को शौचमुक्त बनाने का संकल्प लिया है। सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए दो छोटे सफाई वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक में पारित योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाएगा और नगर की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व यातायात सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। अध्यक्ष समीना ने कहा कि नगर पंचायत पिरान कलियर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक सुविधाओं से युक्त आदर्श नगर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक में पारित किए गए सभी प्रस्ताव नगर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। विधायक हाजी फुरकान अहमद ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और नगर को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित किया जाएगा। इस दौरान विधायक सभासदों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को जल्द धनराशि जारी करने की मांग भी उठाई। बैठक में सभासद नाजिम त्यागी, अमजद मलिक, दिलबाग, मोहम्मद राशिद, रेशमा प्रवीण, मेहरुबा जावेद, जाबिर, दानिश सिद्दीकी और जीनत खातून के अलावा चेयरमैन प्रतिनिधि सलीम अहमद, सत्तार अली, अमीर आजम, जावेद साबरी, डॉ. शहजाद अली, रहीस अहमद, गुलफाम साबरी, राशिद अली, अहसान कुरैशी, गौरव और रजिया समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।

# सम्पादकीय

## अराजक स्थिति

4 मई को हुई मतगणना के बाद से ही शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। पांच लोगों की अब तक जान जा चुकी है। जिसमें भाजपा नेता सुवेन्दु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की बुधवार देर रात 10:30 बजे हत्या भी शामिल है। सुवेन्दु अधिकारी ने भवानीपुर में ममता बनर्जी को हराया था। अब यह राजनीतिक हत्या है या कोई अन्य कारण यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन गुरुवार को सुवेन्दु अधिकारी ने कहा है कि उनके पीए की हत्या इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने ममता बनर्जी को हराया। चंद्रनाथ रथ की मां ने भी इसी तरह का बयान दिया है और कहा है कि हार का बदला मेरी बेटे की हत्या कर लिया गया है। उनके अनुसार कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बच नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि चंद्रनाथ रथ को चार गोलियां लगी हैं। अब तक इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इस बीच एक नोटिफिकेशन जारी कर राज्यपाल आरएन रवी ने पश्चिम बंगाल की विधानसभा को भंग कर दिया। लोकभवन से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर ही यह फैसला लिया गया है। इस बीच कोलकाता में आज भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। बताया जा रहा है कि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। पीए पर जिस तरह हमलावरों ने गोली चलाई, जिसमें बताया जा रहा है कि उन्होंने दस राउंड गोलियां चलाई। इसमें चार गोलियां चंद्रनाथ को लगी, उनके ड्राइवर बुद्धदेव को भी गोली लगने की बात सामने आई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि हमलावर 7 किमी से उनकी कार का पीछा कर रहे थे। जिस तरह हमलावर घटनास्थल से आराम से फरार हुए और अभी तक पकड़े नहीं गए हैं, जिससे साफ है कि बंगाल की हिंसा एक नए दौर की तरफ जा रही है, क्योंकि एक दो नहीं दर्जनों स्थानों से हिंसा की खबरें आ रही हैं। बसीरहाट, बरानगर और हावड़ा जैसे क्षेत्रों से भी हिंसा के समाचार सामने आ रहे हैं। 24 परगना के पानीहाट में तो भाजपाइयों पर बम फेंकने की बात सामने आई है। यह स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए जरा भी ठीक नहीं है।

## सियासत की अपनी अलग इक जुबां है





निर्मल रानी

जनता को सब्ज बाग दिखाने में पूरी महारत रखने वाले सत्ताधारी नेताओं से यदि देश के हालात के बारे में बात कीजिए तो अपनी लच्छेदार बातों से यह साबित कर देंगे कि देश में चारों तरफ बागों में बहार है, जनता खुशहाल है, कानून व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद है,देश भ्रष्टाचार मुक्त हो चुका है,देश में विकास की गंगोत्री बह रही है। और यदि किसी ने सरकार की आलोचना करने की कोशिश की तो चुनाव में बार बार मिलने वाली विजय का हवाला देते हुए उल्टे उसी से यह पूछ लिया जाता है कि यदि जनता संतुष्ट नहीं तो बार बार विभिन्न राज्यों में जनादेश व जनसमर्थन सत्ता के पक्ष में क्यों?


आप चीखते चिल्लाते रहिए कि चुनाव परिणाम को सत्ता के पक्ष में प्रभावित करने में मुख्य चुनाव आयुक्त,चुनाव आयोग,एस आई आर,इनकम टैक्स, सी बी आई,ई डी,बी एस एफ,सी आर पी, गोदी मीडिया आदि संस्थाओं की भूमिका रही है। परन्तु आपकी शिकायत सुन कौन रहा है ? याद कीजिए 2013 में, जब डॉलर के मुकाबले रूपया 60 के स्तर पर पहुंचा था उस समय नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की कड़ी आला. ेचना करते हुए कहा था कि रूपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। तब मोदी ने रूपए की कमजोरी को यूपीए सरकार की दिशाहीन नीतियों और आर्थिक संकट का संकेत बताया था। कमजोर रुपया=कमजोर सरकार का कथन प्रचारित किया गया था । मोदी ने उस समय यह भी कहा था कि गिरते रूपए के कारण देश के व्यापारी बोझ नहीं सह पाएंगे और विश्व व्यापार में भारत पीछे रह जाएगा। परन्तु आज तो मोदी शासन काल में डॉलर के मुकाबले वही रूपया 95.18 तक पहुंच चुका है। परन्तु शायद आज न तो यह स्थिति सरकार की दिशाहीन नीतियों की वजह से है न ही यह आर्थिक संकट का संकेत है। न ही यह कमजोर सरकार का लक्षण है न ही रूपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। बजाए इसके अक्टूबर 2022 में जब रूपया 1 डॉलर के मुकाबले 82 पर पहुंचा था उस समय अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह तर्क जरूर दिया था कि श्भारतीय रूपया गिर नहीं रहा है, बल्कि अमे. रिकी डॉलर तेजी से मजबूत हो रहा हैश। क्या यह तर्क 2014 से पहले यू पी ए सरकार के समय लागू नहीं हो सकता था? परन्तु शायद उस समय के सत्ताधारियों और आज के विपक्ष में न तो इस तरह के श्कुतर्क रूपी तर्कश देने की सलाहियत थी न ही मीडिया मैनेज कर इस विषय को हंगामा बनाने से रोकने की कला। इसलिए 1 डॉलर के 100 रुपये के आंकड़े को छूने के करीब होने बावजूद आज यह चर्चा का विषय ही नहीं है?

इसी तरह 2004-2014 के बीच जब देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली UPA सरकार थी। उस दौरान पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने पर भाजपा ने देश भर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए थे। यहां तक कि कुछ जगहों पर इनके अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने की तस्वीरें भी सामने आई थीं। 2010 से 2014 के बीच भाजपाई यह प्रदर्शन उस दौर में कर रहे थे जबकि पेट्रोल की कीमतें 61रूपये से लेकर 70 रूपये प्रति लीटर के करीब थीं। और घरेलू रसोई गैस की कीमत 414 के करीब थीं। उस समय कई भाजपा नेता सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में सड़कों पर चूल्हे जलाकर प्रदर्शन किया करते थे। परन्तु आज पेट्रोल व डीजल कहीं 100 रुपये के करीब तो कहीं 100 रुपये पार कर चुका है। गैस का मूल्य भी 1000 प्रति सिलिंडर के करीब हो गया है। परन्तु न तो विपक्ष का हंगामा न हंगामे में शोर या उसका असर न ही ऐसी खबरों को मीडिया में कोई स्थान। आजकल तो वैसे भी ईरान इस्राईल युद्ध के चलते देश में अनेक जगहों पर गैस सिलिंडर लेने के लिए लोग लंबी लंबी कतारों में खड़े हुए हैं। गैस की धड़ल्ले से ब्लैक मेलिंग हो रही है। परन्तु जनता के हितों से मुख्य रूप से जुड़े ऐसे सवालों पर तो कोई चर्चा नहीं हां इस विषय पर सरकार का यह स्टैंड मीडिया जरूर प्रचारित कर देता है कि सब कुछ ठीक ठाक है ।

इसी तरह भाजपा की केंद्र सरकार ने देश में एक नया वोट बैंक तैयार किया है लाभार्थी वोट बैंक। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देशभर में लगभग 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों अर्थात देश की लगभग 57 प्रतिशत आबादी को मुफ्त राशन दिया जा रहा है । इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को हर महीने प्रति सदस्य 5 किलोग्राम मुफ्त गेहूं या चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। आलोचक इस योजना को सरकार की नाकामी बता रहे हैं। इनका कहना है कि इस योजना का मतलब है कि देश की 57 प्रतिशत आबादी इतने पैसे भी नहीं कमा पा रही कि वह अपने व परिवार के लिए 5 किलो राशन तक खरीद सके। जबकि कुछ आलोचक कहते हैं कि ऐसी योजनाएं लोगों को निठल्ला बनाती हैं। कोई कुछ भी कहता रहे परन्तु सरकार ऐसी योजनाओं को चलाकर अपनी पीठ थपथपाती है और इसके बदले इन्हीं लाभार्थियों से वोट की उम्मीद लगाए रहती है। और धन्य है देश की वह जनता भी जो आत्मनिर्भर होने या सरकार से रोजगार के अवसर मांगने के बजाए इसी 5 किलो मुफ्त राशन को ही अपना भाग्य समझकर फूले नहीं समाती। यह सफल अन्दाज-ए-सियासत की ही एक बानगी कही जाएगी कि आज जी एस टी व नोटबंदी से परेशान लोग व व्यवसाई इस विषय पर चर्चा बंद कर चुके हैं। लॉक डाउन के दौर में हजारों किलोमीटर पैदल चलने वाले लोग अपना दु:ख भूलने को मजबूर हो चुके हैं। मंहगाई, बेरा. ेजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा व नारी स्मिता तो जैसे कोई मुद्दा ही नहीं। वास्तव में देश की राजनीति अब उस दौर में प्रवेश कर चुकी है जहां जनता के मुद्दे क्या हैं और क्या होंगे यह भी अब जनता नहीं बल्कि राजनैतिक दलों के नेता तय करते हैं। इसलिए जनता की आधारभूत जरूरतें और लो. कहितकारी बातें छोड़िए और पाकिस्तान,हिन्दू मुस्लिम,मंदिर मस्जिद, घुसपैठिया, लव जिहाद,जाति धर्म,धर्म विशेष की कथित रूप से बढ़ती जनसंख्या जैसे सत्ता द्वारा निर्धारित विषयों को ही वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी जरुरत स्वीकार कीजिए।

## श्रीमुख से...

### तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता



ऑपरेशन सिंदूर के लॉन्च की पहली वर्षगांठ है और यह अवसर सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और पेशेवर क्षमता को सम्मान देने का है, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता और उनको याद रखना भी जरूरी है, पिछले वर्ष 10 मई को युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी और इसका श्रेय राष्ट्रपति ट्रम्प के हस्तक्षेप को दिया गया था, उनका कहना था कि उसके बाद श्री ट्रम्प ने विभिन्न मंचों पर सैन्य अभियान रुकवाने का दावा दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से कभी इस दावे के खंडन नहीं किया, में बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती चरण में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में रणनीतिक सुधार कर पाकिस्तान के भीतर सटीक कार्रवाई की गई।

-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## वीडियो बनाने की बजाए जान बचाना जरूरी






कहकशां

**कश्मीर से कन्याकुमारी तक, यूक्रेन से गाजा तक, जहां गोली चलती है, यह पट्टी लेकर खड़ा मिलता है । बिना वर्दी और भी बिना हथियार के । बस एक लाल क्रॉस का निशान और कलेजा 56 इंच का । आपने ब्लड बैंक में रक्तदान महादान है का बोर्ड तो देखा होगा । इसके पीछे 80 प्रतिशत मेहनत रेड क्रॉस की ही है । गर्मी में जब एसी की हवा खा रहे होते हो तब कहीं कोई वॉलंटियर 45 डिग्री में कैंप लगाकर आपसे कह रहा होता है भैया 1 यूनिट दे दो किसी की जान बच जाएगी और हम बहाना मार देते हैं कि आज तो वीकनेस है फिर कभी ।**

आज 8 मई है यानी कि विश्व रेडक्रॉस दिवस। नाम सुनते ही दिमाग में क्या आता है? खून की बोतलें, पट्टियां और सफेद झंडे वाली गाड़ी। है न? लेकिन रेड क्रॉस इससे कहीं ज्यादा चटपटा है। यह वो तड़का है जो इंसानियत की दाल में स्वाद भर देता है। आज 8 मई हेनरी डडूनांट का जन्मदिन है। स्विट्जरलैंड का यह बंदा बीते सन 1859 में इटली देश में सोलफेरिनो की लड़ाई देखने पहुंच गया था। चारों तरफ लाशें, घायल कराह रहे थे। न डॉक्टर, न दवा। डडूनांट ने गांववालों को इकठा किया और बोला भाई ए अपना है या पराया इस बात को तुरंत छोड़ो। पहले पट्टी बांधो। बस वहीं से रेड क्रॉस का बीज पड़ गया। सोचो एक टूरिस्ट ने कैसे दुनिया बदल दी और हम हैं कि देहरादून या दिल्ली जाकर सेल्फी लेकर लौट आते हैं। रेड क्रॉस का सबसे चटपटा उसूल है निष्पक्षता। युद्ध में ए दुश्मन के घायल सिपाही को भी पानी पिलाते हैं। बाढ़ आए तो ए नहीं पूछते कि आधार कार्ड दिखाओ। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, यूक्रेन से गाजा तक, जहां गोली चलती है, ए पट्टी लेकर खड़ा मिलता है। बिना वर्दी और भी बिना हथियार के। बस एक लाल क्रॉस का निशान और कलेजा 56 इंच का। आपने ब्लड बैंक में रक्तदान महादान है का बोर्ड तो देखा होगा। इसके पीछे 80 प्रतिशत मेहनत रेड क्रॉस की ही है। गर्मी में जब एसी की हवा खा रहे होते हो तब कहीं कोई वॉलंटियर 45 डिग्री में कैंप लगाकर आपसे कह रहा होता है भैया 1 यूनिट दे दो किसी की जान बच जाएगी और हम बहाना मार देते हैं कि आज तो वीकनेस है फिर कभी। अरे बई सुई का डर है तो जरा उन माताओं से पूछो जिनके बच्चे थैलेसीमिया से हर 15 दिन में खून चढ़वाते हैं। छह वर्ष पहले भी अपने यहां रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलंटियर कोरोना में राशन बांटते दिखे थे। पिछले वर्ष जब ओले पड़े थे तो सबसे पहले इन्हीं लड़कों ने कंबल बांटे थे। न फोटो की भूख थी और ना ही किसी नेता के साथ सेल्फी का चक्कर था। काम खत्म तो घर की राह। खून दो साल में 2 बार। शरीर फिट पुण्य हिट। वॉलंटियर बनो फर्स्ट एड सीख लो। अगला एक्सीडेंट देखकर वीडियो बनाने से बेहतर है आप किसी की जान बचाओ। अफवाह नहीं मदद फैलाओ रेड क्रॉस का निशान देखो तो तुरंत रास्ता दे दो, एम्बुलेंस को साइड दे दो। रेड क्रॉस वालों का कोई धर्म नहीं होता। इनका धर्म है दर्द। जहां दर्द दिखा ए मरहम बन गए। हेनरी डडूनांट को इसके लिए पहला नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। पर असली पुरस्कार तो वो दुआएं हैं जो किसी मां ने अपने बच्चे की जान बचने पर दी होंगी। तो अब आप इस 08 मई को एक वादा करो। खून देने से डर लगे तो कम से कम किसी का दिल तो नही दुखाओगे क्योंकि रेड क्रॉस कहता है कि इंसानियत जिंदाबाद बाकी सब बाद। हैप्पी वर्ल्ड रेड क्रॉस डे।

## बंगाल की जीत के शिल्पकार : सुनील बंसल का रणनीति मॉडल





मितेंद्र कुमार गुप्ता

भारतीय राजनीति में चुनावी जीत केवल जनसभाओं, नारों और चेहरे के आकर्षण से नहीं मिलती, बल्कि इसके पीछे एक मजबूत संगठन, सूक्ष्म रणनीति और जमीनी स्तर पर निरंतर काम करने वाले कुशल प्रबंधकों की बड़ी भूमिका होती है। पश्चिम बंगाल जैसे जटिल और राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में भारतीय जनता पार्टी की बढ़ती ताकत के पीछे जिस नाम की चर्चा लगातार होती रही है, वह है सुनील बंसल। भले ही चुनावी मैदान में चेहरा नरेंद्र मोदी का रहा हो, लेकिन संगठन की जड़ों को मजबूत करने और जीत की नींव तैयार करने का श्रेय काफी हद तक बंसल के रणनीतिक कौशल को दिया जाता है।

**संगठन का सूक्ष्म विज्ञान:** सुनील बंसल की कार्यशैली पारंपरिक राजनीति से अलग और आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों से प्रभावित मानी जाती है। उनका मानना है कि चुनाव केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि डेटा, नेटवर्क और निरंतर फीडबैक सिस्टम से जीते जाते हैं। वे संगठन को तीन स्तरों पर मजबूत करते हैं-

बूथ स्तर पर पकड़
कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण
डेटा आधारित निर्णय

पश्चिम बंगाल में उन्होंने सबसे पहले बूथ स्तर पर संगठन को पुनर्गठित किया। हर बूथ को एक मिनी चुनाव इकाई के रूप में विकसित किया गया, जिसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई।

**उत्तर प्रदेश मॉडल:** सुनील बंसल का सबसे बड़ा राजनीतिक प्रयोग उत्तर प्रदेश में देखा गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने संगठनात्मक ढांचे को इस तरह से खड़ा किया कि भारतीय जनता पार्टी को 73 सीटों की ऐतिहासिक जीत मिली। यहां उन्होंने जो मॉडल अपनाया, वही बाद में अन्य राज्यों में लागू किया गया।

हर बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता
माइक्रो मैनेजमेंट
जातीय और सामाजिक समीकरणों का संतुलन

**चुनावी डेटा का विश्लेषण:** यही मॉडल पश्चिम बंगाल में भी लागू किया गया, हालांकि वहां की परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं।

**पश्चिम बंगाल:** पश्चिम बंगाल में राजनीति लंबे समय तक क्षेत्रीय दलों और वामपंथी विचारधारा के प्रभाव में रही है। यहां संगठन खड़ा करना आसान नहीं था।

**बंसल ने इस चुनौती को अवसर में बदला-**

1. स्थानीय नेतृत्व का निर्माण

उन्होंने बाहर से नेतृत्व थोपने के बजाय स्थानीय चेहरों को आगे बढ़ाया।

2. सांस्कृतिक और सामाजिक समझ

बंगाल की संस्कृति, भाषा और स्थानीय मुद्दों को समझते हुए रणनीति बनाई गई।

3. विस्तृत संपर्क अभियान

घर-घर संपर्क, छोटे समूहों की बैठकें और निरंतर संवाद उनकी रणनीति का हिस्सा रहे।

**संगठन महामंत्री से राष्ट्रीय महामंत्री तक:** 2022 में जब सुनील बंसल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया, तो यह उनकी संगठनात्मक क्षमता की मान्यता थी। इसके साथ ही उन्हें तेलंगाना और ओडिशा जैसे राज्यों का प्रभार भी दिया गया। इससे साफ है कि पार्टी नेतृत्व उन्हें एक टास्क स्पेशलिस्ट के रूप में देखता है, जो कठिन राज्यों में संगठन खड़ा करने में माहिर हैं।

**विद्यार्थी परिषद से राजनीति तक का सफर:** सुनील बंसल की राजनीतिक यात्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरू हुई। यहां उन्होंने संगठन की बारीकियां सीखी। ABVP में रहते हुए उन्होंने छात्र राजनीति में नेटवर्किंग सीखी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना सीखा। संघर्ष और अनुशासन का अभ्यास किया यही अनुभव बाद में उनकी रणनीतियों की नींव बना। सुनील बंसल की रणनीति को कुछ प्रमुख सिद्धांतों में समझा जा सकता है-

1. डेटा इज पावर
2. कार्यकर्ता ही असली ताकत
3. निरंतर फीडबैक
4. स्थानीय मुद्दों पर फोकस

**पश्चिम बंगाल में रणनीति के प्रमुख आयाम**

1. बूथ मैनेजमेंट
2. पन्ना प्रमुख मॉडल
3. डिजिटल और सोशल मीडिया
4. सामाजिक समीकरण

**नेतृत्व के साथ तालमेल:** सुनील बंसल की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वे शीर्ष नेतृत्व के विजन को जमीनी स्तर पर लागू करना जानते हैं। नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के संदेश को उन्होंने कार्यकर्ताओं तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया।

**सरल व्यक्तित्व, मजबूत रणनीतिकार:** व्यक्तिगत जीवन में सुनील बंसल बेहद सरल और सहज माने जाते हैं। वे प्रचार से दूर रहकर काम करने में विश्वास रखते हैं।

कम बोलना, ज्यादा काम करना
टीम पर भरोसा
अनुशासन और समय प्रबंधन
निरंतर सीखने की प्रवृत्ति
आलोचना और चुनौतियां

जहां एक ओर उनकी रणनीतियों की सराहना होती है, वहीं कुछ आलोचनाएं भी सामने आती हैं।

# अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है ईरान

## अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा तेहरान

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि युद्ध समाप्त करने संबंधी अमेरिकी प्रस्ताव अभी 'समीक्षाधीन' है और ईरान अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध जल्द समाप्त होने की संभावना जताई है। ट्रम्प ने जॉर्जिया में रिपब्लिकन समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना है।

मुझे लगता है कि हम जीत गए। उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के उनके प्रयासों के कारण यदि अमेरिकियों को ईंधन कीमतों जैसी अल्पकालिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो वह अस्थाई होगा। अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ईरान के साथ 14 बिंदुओं वाले एक समझौता ज्ञापन के करीब पहुंच सकता है, जो आगे परमाणु वार्ता के लिए

**■ पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना: ट्रम्प**

**■ ट्रम्प ने युद्ध 'जल्द' खत्म होने का जताया अनुमान**

रूपरेखा का काम करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और ईरान एक ऐसे समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे युद्धविराम लागू हो सके और 30 दिनों के भीतर परमाणु मुद्दे, ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता जैसे विवादित मुद्दों पर समाधान निकाला जा सके। ट्रम्प ने पीबीएस न्यूज से कहा कि किसी भी समझौते के तहत ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम को अमेरिका भेजना होगा और भूमिगत परमाणु सुविधाएं बंद करनी होंगी। दूसरी ओर, ईरान में इस प्रस्ताव को लेकर मतभेद दिखाई दे रहे हैं। ईरानी संसद के एक वरिष्ठ सदस्य ने प्रस्ताव को 'अमेरिका की इच्छाओं की सूची' बताया, जबकि एक अन्य अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका आवश्यक रियायतें नहीं देता है तो ईरान 'कठोर जवाब' देगा जिससे अमेरिका को पछतावा होगा। ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा कि अमेरिका युद्ध में वह हासिल नहीं कर पाएगा जो वह प्रत्यक्ष वार्ता में नहीं पा सका। उन्होंने कहा कि ईरान पूरी तरह तैयार है। दूसरी ओर ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर चेतावनी दी कि यदि ईरान समझौता अस्वीकार करता है तो बमबारी फिर शुरू होगी और पहले से कहीं अधिक तीव्र होगी। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता कर बातचीत की प्रगति की जानकारी ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते के संकेतों का स्वागत करता है, लेकिन मध्यस्थ होने के नाते वह बातचीत का विवरण सार्वजनिक नहीं करेगा। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान युद्धविराम को स्थाई शांति में बदलने के प्रयास कर रहा है और यदि अगले दौर की वार्ता इस्लामाबाद में होती है तो यह उसके लिए सम्मान की बात होगी।

## नॉर्वे 'पैक्स सिलिका पहल' में हुआ शामिल

**वाशिंगटन।** महत्वपूर्ण खिनजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने और वैश्विक कृत्रिम बुद्धमत्ता पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के उद्देश्य से विकसित अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में नॉर्वे आधिकारिक तौर पर शामिल हो गया है। पैक्स सिलिका के सदस्य के रूप में नॉर्वे विविध महत्वपूर्ण खिनज आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। अमेरिका में नॉर्वे की राजदूत अन्निकेन हुइटफेल्ट ने वाशिंगटन डीसी में 'पैक्स सिलिका का घोषणापत्र' पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही नॉर्वे इस पहल में शामिल होने वाला 15वां देश बन गया है। इस गठबंधन में ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, भारत, इजराइल, जापान, फिलीपींस, कतर, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देश पहले से शामिल हैं।



कोलकाता। बारिश के दौरान छाता लेकर चलते लोग।

## ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर गुरुवार को भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान की सराहना की। उप राज्यपाल ने एक बयान में कहा कि आज जब हम ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ मना रहे हैं, हम वर्दीधारी उन पुरुषों और महिलाओं के प्रति श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं, जिनके अटूट संकल्प और असाधारण साहस ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने वाले दुश्मन को करारा जवाब दिया था। सिन्हा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर संकल्प के साथ उकेरी गई एक ऐसी घोषणा है, जो यह बताती है कि हमारे बहादुर सशस्त्र बल किसी भी कीमत पर देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उप राज्यपाल सिन्हा ने कहा कि यह भारत के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है और हम आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पाकिस्तान में पोलियो वायरस के पांच नए मामले आए सामने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पोलियो वायरस एक बार फिर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कराची के सीवेज और अन्य स्थानों से लिए गए पांच नमूनों में पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। इस घटनाक्रम ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। सिंध में आयोजित एक परामर्श बैठक के दौरान शहरयार मेमन ने बताया कि कराची में वायरस की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि संक्रमण अब भी फैल रहा है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर कम संक्रमण वाले मौसम में भी वायरस का सक्रिय रहना बेहद चिंताजनक है और इसके लिए तत्काल सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यह बैठक सिंध इंस्टीटड्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ एंड नियोनेटोलाजी में आयोजित की गई थी, जिसमें यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, पाकिस्तान पीडियाट्रिक एसोसिएशन और पाकिस्तान मेडिकल एसोसिएशन सहित कई संस्थाओं के विशेषज्ञ शामिल हुए।

# 48 घंटे भी नहीं टिका ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम

## ट्रम्प को झटका, होर्मुज स्ट्रेट में फंसे 1600 जहाज, शिपिंग कंपनियों को हो रहा भारी नुकसान

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों के ट्रांजिट के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम की शुरुआत की थी। हालांकि, अमेरिकी मीडिया ने बताया कि होर्मुज में 1600 के करीब जहाज फंसे हुए हैं और ट्रम्प का प्रोजेक्ट फ्रीडम 48 घंटे तक ही टिक पाया।

अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, लगभग 1600 जहाज अब भी होर्मुज स्ट्रेट के पास फंसे हुए हैं, शिपिंग कंपनियों को एक महंगी और जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे दो महीने से ज्यादा समय से पानी के रास्ते से निकलने का मौका ढूंढ रही हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला।

सिर्फ दो जहाजों को ही गाइड किया गया। अब, फिर से कंपनियां अकेले ट्रांजिट का रिस्क उठाने को तैयार नहीं हैं। जहाजों को जाने देने से कार्गो और स्टाफ दोनों को खतरा होगा। हाल ही में दक्षिण कोरिया के जहाज पर धमाके की जानकारी सामने आई थी, जिसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ये हमला ईरान की तरफ से किया गया। हालांकि, ईरान की तरफ से अब इस मामले में आधिकारिक



**■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला**

बयान सामने आया है। ईरान ने दक्षिण कोरिया के जहाज पर हमले से साफ इन्कार कर दिया है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस्लामिक रिपब्लिक आफ ईरान की दूतावास, होर्मुज स्ट्रेट में एक कोरियाई जहाज को नुकसान पहुंचाने वाली घटना में ईरान की सेना के शामिल होने के किसी भी आरोप को पूरी तरह से खारिज करती है और साफ तौर पर मना करती है। जब से अमेरिका और इजरायली सरकार ने ईरान के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई की है, ईरान ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि होर्मुज स्ट्रेट हमलावरों और उनके समर्थकों का मुकाबला करने में उसकी सुरक्षा का एक जरूरी हिस्सा है। ईरानी दूतावास ने आगे कहा कि इस मामले में इस अहम जलमार्ग से नेविगेशन पर असर सुरक्षा की बदलती स्थिति से पड़ा है और यह पहले के समय की स्थितियों से अलग है, क्योंकि यह इलाका दुश्मन ताकतों और उनके साथियों की कार्रवाइयों से पैदा होने वाले बढ़ते तनाव का सामना कर रहा है। इसलिए, होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरने के लिए लागू नियमों का पूरा पालन करना, जारी की गई चेतावनियों पर ध्यान देना, तय रास्तों पर चलना और ईरान की सक्षम अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाना जरूरी है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास ने अपने बयान में आगे कहा, ष्यह साफ है कि ऐसे हालात में, सैन्य और सुरक्षा तनाव से प्रभावित माहौल में बताई गई जरूरतों और ऑपरेशनल हकीकतों को नजरअंदाज करने से अनचाही घटनाएं हो सकती हैं।

## ट्रम्प-रुबियो के विरोधाभासी बयानों से ईरान युद्ध पर बढ़ी अनिश्चितता

**वाशिंगटन।** ईरान को लेकर अमेरिका के भीतर अलग-अलग संकेत सामने आए हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को सफल बताते हुए वार्ता का संकेत दिया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने समझौता न होने पर दोबारा सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के सैन्य अभियान ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को लेकर अमेरिकी प्रशासन के भीतर ही अलग-अलग संकेत सामने आने लगे हैं। एक तरफ विदेश मंत्री मार्को रुबियो का कहना है कि अभियान अपने लक्ष्य हासिल करने के बाद समाप्त हो चुका है और अब वाशिंगटन वार्ता के जरिए समाधान चाहता है। दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान प्रस्तावित समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो सैन्य हमले फिर शुरू हो सकते हैं और उनकी तीव्रता पहले से अधिक होगी। इसी बीच होर्मुज जलमार्ग में जहाजों की सुरक्षा के लिए शुरू किया गया अमेरिकी मिशन प्रोजेक्ट फ्रीडम भी फिलहाल रोक दिया गया है।

## चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन ने भ्रष्टाचार के मामलों में दो पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को मौत की सजा सुनाई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, दोनों को पहले 2 साल जेल में रखा जाएगा। अगर वह दो साल तक कोई नया अपराध नहीं करता तो सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है।

ली शांगफू को पिछले साल अचानक पद से हटाया गया था, जबकि वेई फेंगहे भी सैन्य भ्रष्टाचार जांच के दायरे में आए थे। जिसके बाद दोनों को 2024 में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया था। यह कार्रवाई राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन की सेना और रक्षा से जुड़े के कई वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को पिछले साल अक्टूबर में अचानक पद से हटा दिया गया था। वे करीब दो महीने तक सार्वजनिक रूप से

**■ भ्रष्टाचार मामले में वेई फेंगहे और ली शांगफू दोषी करार, पूरी प्रापर्टी भी जब्त**

नजर नहीं आए थे, जिससे कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं। अब पहली बार चीनी अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच चल रही थी। सैन्य अनुशासन जांच एजेंसी ने पाया कि ली ने गंभीर रूप से पार्टी अनुशासन और कानून का उल्लंघन' किया। उन पर बड़े पैमाने पर रिश्वत लेने, दूसरों को रिश्वत देने और पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि ली की गतिविधियों से सेना के हथियार डेवलपमेंट और मिलिट्री इक्विपमेंट की इमेज को भारी नुकसान पहुंचा। चीन के पूर्व रक्षा मंत्री वेई फेंगहे पर रिश्वत लेने और अपने पद का गलत इस्तेमाल करने के आरोप लगाए गए हैं। चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार का दोषी माना है।

# बांग्लादेश की तीसता परियोजना में चीन की एंट्री

## ढाका-बीजिंग की बढ़ती साझेदारी पर भारत की नजर

**बीजिंग।** बांग्लादेश की नई सरकार ने तीस्ता नदी परियोजना को लेकर चीन का समर्थन औपचारिक रूप से मांग लिया है। यह कदम भारत और बांग्लादेश के रिश्तों पर असर डाल सकता है।

बुधवार को बीजिंग में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खालिलुर रहमान और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बैठक में तीस्ता रिवर काम्प्रिहेंसिव मैनेजमेंट एंड रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई। तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलकर सिक्किम और पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है। यह नदी बांग्लादेश में सिंचाई और लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख स्रोत मानी जाती है। बैठक में वांग यी ने नई बांग्लादेश सरकार के प्रति चीन का समर्थन जताते हुए कहा कि चीन, बेल्ट एंड



**■ रिश्तों पर असर डाल सकता है बांग्लादेश का कदम**

रोड सहयोग को बांग्लादेश की विकास रणनीतियों के साथ जोड़ने और आर्थिक, बुनियादी ढांचे व लोगों के बीच संपर्क जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश में निवेश के लिए अपनी कंपनियों को भी प्रोत्साहित करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि चीन का बांग्लादेश और दक्षिण एशिया के अन्य देशों के साथ संबंध किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाकर नहीं बनाए जा रहे हैं और न ही किसी तीसरे पक्ष के कारण प्रभावित होने चाहिए। तारीक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विदेश मंत्री खालिलुर रहमान की यह पहली चीन यात्रा है। वह 5 मई को चीन पहुंचे थे और गुरुवार को लौटने वाले हैं। इससे पहले पिछले महीने उन्होंने भारत का भी दौरा किया था। उनकी भारत यात्रा पर बीजिंग की करीबी नजर थी, क्योंकि शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले अंतरिम प्रशासन के दौरान बांग्लादेश के चीन और पाकिस्तान के करीब जाने से ढाका और नई दिल्ली के संबंधों में तनाव देखा गया था। चीन लंबे समय से तीस्ता परियोजना में रुचि दिखाता रहा है। यह परियोजना भारत के संवेदनशील सिलीगुड़ी कारिडोर के पास स्थित है, जो पूर्वोत्तर राज्यों को देश के मुख्य भूभाग से जोड़ता है। इसी पृष्ठभूमि में भारत ने 2024 में तीस्ता बेसिन के लिए तकनीकी और संरक्षण सहायता की पेशकश की थी, ताकि सीमा पार नदी प्रबंधन को लेकर ढाका के साथ सहयोग मजबूत किया जा सके।

# कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है अल्बर्टा

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा को अलग देश बनने की मांग और ज्यादा तेज हो गई है। अलगाववादियों ने बुधवार को दावा किया है कि उन्होंने इतना समर्थन जुटा लिया है कि अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराया जा सकता है। अलगाववादी नेताओं के मुताबिक, उन्होंने करीब 3 लाख हस्ताक्षर चुनाव अधिकारियों को सौंपे हैं, जबकि इसके लिए 1.78 लाख दस्तखत की जरूरत थी।

आंदोलन के नेता मिच सिलवेस्ट्रे ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि अब यह लड़ाई अगले चरण में पहुंच गई है। हालांकि इतना समर्थन जुटा लेने का मतलब यह नहीं है कि रेफरेंडम पक्का हो गया है। चुनाव आयोग को पहले इन हस्ताक्षरों की जांच करनी होगी। इस प्रक्रिया पर फिलहाल अदालत के आदेश की वजह से रोक भी लगी हुई है। अगर वोटिंग अल्बर्टा के पक्ष में

**■ मांग तेज हुई, अक्टूबर में वोटिंग संभव, अलगाववादियों ने तीन लाख हस्ताक्षर जुटाए**

गई तो यह प्रांत कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है। अल जजीरा के मुताबिक, अगर सभी कानूनी अड़चनें दूर हो जाती हैं, तो प्रांत में 19 अक्टूबर को प्रस्तावित बड़े जनमत संग्रह के साथ अलगाव पर भी वोटिंग कराई जा सकती है। उसी दिन संविधान और इमिग्रेशन जैसे दूसरे मुद्दों पर भी मतदान की योजना है। अगर यह प्रस्ताव वोटिंग तक पहुंचता है, तो लोगों से सीधा सवाल पूछा जाएगा कि क्या अल्बर्टा कनाडा से अलग होकर एक स्वतंत्र देश बनना चाहिए। लेकिन सर्वे बताते हैं कि अभी सिर्फ करीब 30 प्रतिशत लोग ही इसके समर्थन में हैं, यानी जनमत संग्रह पास होना भी आसान नहीं है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

# अमेरिकी अदालत से भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले को बड़ी राहत

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले जे. टेलिस के खिलाफ चल रहे जासूसी कानून से जुड़े मामले में अमेरिकी अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। वर्जीनिया की एक संघीय अदालत ने तकनीकी कानूनी आधार पर यह मामला खारिज कर दिया। अदालती आदेश में कहा गया कि याचिका स्वीकार की गई और मामला बिना किसी पूर्वाग्रह के खारिज किया गया।

अमेरिका के वर्जीनिया स्थित यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज माइकल एस. नाचमैनाफ ने 16 अप्रैल को टेलिस की याचिका स्वीकार करते हुए केस को खारिज करने का आदेश दिया। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष ने गलत कानूनी प्रावधान के तहत आरोप लगाए थे। टेलिस अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक मामलों के जाने-माने विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गोपनीय दस्तावेज

**■ जे. टेलिस के खिलाफ चल रहा जासूसी कानून का मामला खारिज किया**

अपने निजी घर में रखे थे। अभियोजन पक्ष के मुताबिक टेलिस ने अमेरिकी विदेश विभाग और रक्षा तंत्र से जुड़े वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए कई संवेदनशील दस्तावेज अपने पास रखे। सरकार की ओर से दायर आरोप पत्र में कहा गया था कि टेलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी 11 गोपनीय फाइलें अपने निजी निवास पर हार्ड कापी और डिजिटल फार्म में रखीं। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी उच्चस्तरीय पहुंच का फायदा उठाकर सुरक्षित सरकारी कार्यस्थलों से राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जानकारी बाहर निकाली और उसे निजी तौर पर संग्रहीत किया। हालांकि टेलिस की कानूनी टीम ने अदालत में दलील दी कि सरकार ने जासूसी अधिनियम की गलत धारा के तहत मामला दर्ज किया।

उ.प्र. शासन एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भैषजिक (फार्मासिस्ट) के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी
प्रवेश परीक्षा 2026-27
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज
देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0) सीटें 100
मो. 9368119199,7983332502
शैक्षिक योग्यता एवम शर्ते-इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग अथवा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता इण्टर मीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी पात्र होगे अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से जारी देना होगा। अभ्यर्थी की आयु 31 अगस्त 2026 को 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अन्य विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्रो से या वेबसाईट www.mcgcdeoband.com के द्वारा दिनाँक 31 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक 500.00 (परीक्षा शुल्क सहित) नकद अथवा डी.डी. के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।
प्रवेश परीक्षा 2026-27 डी.एच.पी. (संयोजक)
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0)

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटैंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)